
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 138
लखनऊ, सोमवार 06 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अब पंद्रह जनवरी तक करा सकेंगे फसल बीमा : सूर्य प्रताप शाही 03

सिंधु लिपि को समझाने वाले को मिलेंगे दस लाख डॉलर : एमके स्टालिन 12

## नमो भारत कॉरिडोर का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रेल, मेट्रो और स्वास्थ्य से जुड़ी 12,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर हिस्से का उद्घाटन शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सुबह गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दिल्ली के न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की। यह परियोजना लगभग 4,600 करोड़ रुपये की है। उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपनी पहली नमो भारत कनेक्टिविटी मिल गई। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी सुगम हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया। यह दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला खंड है। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ हिस्से और अन्य इलाकों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला रखी, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये होगी। यह कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा, जिससे दिल्ली और हरियाणा के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे लाभान्वित होने वाले प्रमुख क्षेत्रों में रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली शामिल हैं, जिससे आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार होगा। एक बार चालू होने के बाद यह विस्तारित रेडलाइन के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में यात्रा को सुविधाजनक बनाएगा।



- पीएम ने दिल्ली को दी 12200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात
- साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच रैपिड रेल कॉरिडोर का भी किया उद्घाटन
- रोहिणी में एम्स के लिए नए अत्याधुनिक भवन की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह परिसर अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा अवसंरचना प्रदान करेगा। नए भवन में प्रशासनिक ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक और एक समर्पित उपचार ब्लॉक होगा, जो रोगियों और शोधकर्ताओं दोनों के लिए एक एकीकृत और निर्बाध स्वास्थ्य सेवा अनुभव सुनिश्चित करेगा।

### भाजपा के जीतने पर दिल्ली में बंद नहीं होगी जनहित की कोई योजना : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका देने की अपील की। उन्होंने दिल्लीवासियों को विश्वास दिलाया कि भाजपा के जीतने पर दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद नहीं होगी। दिल्ली के जापानी पार्क में आयोजित भाजपा की परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों को डराया जा रहा है कि भाजपा के जीतने पर कई योजनाएं बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद तो नहीं होगी, लेकिन जो उसमें बेईमानों का ठेका है उनको बाहर निकाला जाएगा। पिछले 10 साल में राज्य सरकार की योजनाएं, सिर्फ कागजों पर चली हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेतृत्व वाली सरकार को आपदा की संज्ञा देते हुए कहा कि दिल्ली को इस आपदा से मुक्ति दिलाना बेहद जरूरी है। पिछले 10 सालों में दिल्ली ने एक ऐसी राज्य सरकार देखी है, जो किसी आप-दा से कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को बर्बाद करने में आप-दा वालों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। ये लोग बसों के रख-रखाव पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका नुकसान दिल्ली के आम नागरिकों को उठाना पड़ा है। दिल्ली में जब गर्मी आती है तो पीने के पानी के लिए मारामारी मच जाती है। जब बारिश होती है तो जलभराव हो जाता है और जब सर्दी आती है तो प्रदूषित हवा में सांस लेना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली के लोगों की ऊर्जा साल के 365 दिन आप-दा वालों से निपटने में खर्च हो रही है। इसलिए दिल्ली से आप-दा हटने पर ही विकास और सुशासन का डबल इंजन आएगा।

### पीएम ने खिड़की पर जाकर खुद खरीदा टिकट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन के चौथे सेक्शन साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से नमो भारत में साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर स्टेशन तक सवारी भी की। प्रधानमंत्री ने स्वयं टिकट खिड़की पर जाकर टिकट खरीदा और स्कूली बच्चों के साथ नमो भारत ट्रेन में सवारी की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से नमो भारत ट्रेन को लेकर बातचीत की। नमो भारत ट्रेन में यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री मोदी को उपहार दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बच्चों को दुलार भी किया। उपहार भारत में विकास की कहानी बयां करने वाले थे।

## डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**डेटा चोरी पर लगेगी लगाम**

पर्सनल डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम लागू होने जा रहा है। लोगों के पर्सनल डेटा को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक मसौदा तैयार किया है। रविवार को सरकार ने इस संबंध में तैयार मसौदों और उसके नियमों को जारी कर दिया है। इससे डेटा चोरी शिकंशा कसा जा सकेगा। सरकार ने शिकायत निवारण और डेटा संरक्षण बोर्ड बनाने का भी निर्णय लिया है।

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं, जिसके अनुसार डेटा फिड्युसरी (एक ऐसी संस्था या व्यक्ति, जो पर्सनल डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता की जिम्मेदारी लेता है) के लिए बच्चे के किसी भी पर्सनल डेटा को प्रोसेस करने से पहले माता-पिता सहमति लेना अनिवार्य होगा। ड्राफ्ट के अनुसार शिकायत निवारण और डेटा संरक्षण बोर्ड बनाया जाएगा। डिजिटल बोर्ड एक कार्यालय के तौर पर काम करेगा। इसमें एक डिजिटल प्लेटफार्म और ऐप होगा, जिसके चलते लोग डिजिटल संपर्क में रहेंगे और शिकायत कर सकेंगे। डिजिटल बोर्ड समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निपटारा, सजा का न्यायिक ढांचा प्रदान करेगा। डेटा जिस ट्रस्टी के पास होगा, वो सालाना सुरक्षा उपाय,आकलन और ऑडिट सुनिश्चित करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने क़ानून बनाने के लिए 18 फ़रवरी तक लोगों से सुझाव मांगे है। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक संपूर्ण डेटा सुरक्षा ढांचा, नागरिकों को केंद्र में रखकर बनाया गया है। व्यक्तिगत डेटा कैसे संसाधित किया जाता है, डेटा प्रत्ययी को इसके बारे में स्पष्ट और सुलभ जानकारी प्रदान करनी चाहिए, जिससे सूचित सहमति मिल सके। नागरिकों को डेटा मिटाने की मांग करने, डिजिटल नॉमिनी नियुक्त करने और अपने डेटा को प्रबंधित करने के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल तंत्र तक पहुंचने के अधिकारों के साथ सशक्त बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़, प्रधान आरक्षक का बलिदान, चार नक्सलियों के शव बरामद

**नारायणपुर/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण अबूझमाड़ में नक्सलियों के साथ जारी मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के प्रधान आरक्षक सन्नू कारम बलिदान हो गए हैं। सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक चार वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हैं। इसके अलावा एके- 47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं।दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान के तहत 3 जनवरी को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ रवाना हुई थी। नक्सलियों की मौजूदगी को देखते हुए चार जनवरी की शाम से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के मध्य रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है

### मणिपुर में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**इंफाल।** मणिपुर के कामजोंग में 05 बजकर 47 मिनट 22 सेकेंड भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भारतीय सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार भूकंप का केंद्र मणिपुर के कामजोंग में जमीन के 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 24.74 उत्तरी अक्षांश तथा 94.42 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

### डिजिटल अरेस्ट : बैंक मैनेजर के पिता से 15 लाख की ठगी

**झांसी।** मोंठ थाना क्षेत्र में एक बैंक मैनेजर के पिता को डिजिटल अरेस्ट कर 15 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी। साइबर ठगों ने सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो कॉल किया और मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने की धमकी देकर 26 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। मामला सुलटाने के नाम पर 15 लाख रुपये की मोटी रकम ऐंठ ली। कई दिनों तक इस सदमे में गुमसुम रहने के बाद जब पीड़ित ने बेटे को जानकारी दी तो बैंक मैनेजर के होश उड़ गए। अब जाकर पिता की तहरीर पर साइबर पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की पड़ताल शुरू की।

### संभल हिंसा का आरोपी गिरफ्तार

**संभल।** संभल में बीती 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी पर गोली चलाने और पुलिसकर्मी से कारतूस लूटने के आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने तमंचे व लूट के कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने कि मोहल्ला नाला के निवासी सलीम को मुखबिर की सूचना पर रविवार को गिरफ्तार किया है। सलीम के पास से पुलिस ने हिंसा के दौरान आरक्षी राजपाल से लूटे गए पांच कारतूस एवं एक तमंचा व नाल में फंसा एक खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

## जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा देश : मुख्यमंत्री

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ**

**वार्ता**

- मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से किया संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित किया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष होने के कारण यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सीएम ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। सीएम ने विपरीत मौसम में भी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आए युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं को यूपी से परिचित कराते हुए बताया कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। यह प्रकृति व परमात्मा की विशेष भूमि है। मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ होने जा रहा है। इसमें 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यूपी में काशी





विश्वनाथ धाम, भगवान राम, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, लीला भूमि वृंदावन, मां विंध्यवासिनी धाम भी है। उत्तर प्रदेश वैदिक कालखंड से लेकर अब तक की सभ्यता-संस्कृति और देश की आजादी की अनेक घटनाओं की भूमि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको उत्तर प्रदेश को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश विकास के मानक में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। यूपी ने खुद को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। विकास व सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था है। उग्रवाद, आतंकवाद, उपद्रव, दंगे-फसाद हैं तो विकास, रोजगार सृजन, सुशासन, निवेश नहीं हो सकता। सीएम ने बच्चों को मंत्र दिया कि हम कानून का पालन करें, कानून हमें संरक्षण देगा। संविधान कानून के प्रति श्रद्धा का यही भाव पैदा करता है। हम सभी संविधान शिल्पी के रूप में डॉ. आंबेडकर को स्मरण करते हैं। सीएम ने कहा कि एक तरफ भारत बड़ी ताकत बन रहा है तो दूसरी तरफ देश के सामने चुनौती भी है। अगले तीन वर्ष के अंदर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। इससे हर व्यक्ति की आय में वृद्धि, रोजगार का सृजन, विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश होगा, जिससे युवाओं को जुड़ने का अवसर मिलेगा।

## आईसीजी का एडवांस हेलीकॉप्टर ध्रुव क्रैश, तीन की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**हादसा**

- तकनीकी खराबी आने की फिलहाल संभावना, जांच के आदेश

गुजरात के पोरबंदर में रविवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने की संभावना जताई गई है, इसलिए कोस्ट गार्ड ने जांच के आदेश दिए हैं। दो महीने पहले भी अरब सागर में क्रैश हुए ध्रुव हेलीकॉप्टर की जांच इंडियन कोस्ट गार्ड की टीम कर रही है। भारतीय तटरक्षक बल के कमांडर अमित उनियाल ने इस घटना में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि यह दुर्घटना रविवार सुबह पोरबंदर के कोस्ट गार्ड एयर एन्क्लेव में हुई है। क्रैश के दौरान घायल हुए दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि हेलीकॉप्टर से



कूदने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। इसी दौरान कुछ तकनीकी खराबी आने से गुजरात के पोरबंदर कोस्ट गार्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

**नांदेड़ ब्लास्ट केस**

### 18 साल बाद सभी आरोपी बरी, कोर्ट ने खारिज किए आतंकवाद के आरोप

**एजेंसी, (नांदेड़)।** साल 2006 में नांदेड़ के पाट बंधारे नगर में हुए ब्लास्ट मामले में 18 साल बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि एटीएस और सीबीआई के पास आरोपियों के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं थे। 6 अप्रैल 2006 को नरेश राज कोंडवार के घर पर हुए ब्लास्ट में दो लोगों की मौत हुई थी और चार लोग घायल हुए थे। इस मामले में राहुल पांडे और उनके साथियों का नाम सामने आया था। इसके अलावा, भागने में मदद करने के आरोप में डॉक्टर उमेश देशपांडे और एडवोकेट मिलिंद एकताटे समेत कुल दस लोगों को आरोपी बनाया गया था। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि उस मकान में कोई ब्लास्ट हुआ है, या उस मकान में कोई विस्फोटक सामग्री मिली या उस घर में कोई जीवित बम मिला। अभियोजन पक्ष की तरफ से ऐसा कोई सुबूत पेश नहीं किया गया। इसी वजह से सभी आरोपियों को इस केस से बरी कर दिया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को निर्दोष माना।

## रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी को लेकर दिया विवादित बयान, भड़की कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक बयानबाजी का सिलसिला तेज हो गया है। कालका जी विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी के गालों जैसी सड़कों को कालका जी क्षेत्र में बना देंगे, जिसका कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। रमेश बिधूड़ी ने एक कार्यक्रम में कहा कि लालू यादव ने बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसी बनाने का दावा किया था, लेकिन वह अपने वादे को पूरा नहीं कर पाए।

उन्होंने आगे कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कालका जी के सुधार कैंप के सामने वाली और अंदर वाली सड़कों को प्रियंका गांधी के गालों जैसी बना देंगे, और यह भी जोड़ा कि जैसे ओखला और संगम विहार में सड़कों का सुधार हुआ है, वैसे ही कालका जी में भी सड़कों को



बेहतर बनाया जाएगा। रमेश बिधूड़ी के इस बयान पर कांग्रेस ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इसे बीजेपी नेताओं की घटिया मानसिकता करार दिया और आरोप लगाया कि यह बयान बीजेपी के नेताओं की असलियत को उजागर करता है। पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह बदतमीजी सिर्फ इस घटिया आदमी की मानसिकता नहीं दिखाती, बल्कि इसके मालिकों की असलियत भी सामने लाती है। उन्होंने इस बयान को बीजेपी के असली चेहरे का प्रतीक बताते हुए इसे शर्मनाक बताया।

### आईपीएस अखिलेश कुमार को केंद्र में मिली तैनाती, सीआईएसएफ में बने डीआईजी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** यूपी कॉडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिलेश कुमार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ में तैनाती मिल गई है। उन्हें डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है। अखिलेश कुमार की गिनती तेज तर्रार अधिकारियों में होती रही है। वह मौजूदा समय में ईओडब्ल्यू में आईजी की पोस्ट पर तैनात हैं। इससे पहले वह आजमगढ़ के डीआईजी व आईजी रह चुके हैं। नोएडा और वाराणसी में वे संयुक्त पुलिस आयुक्त का काम भी देख चुके हैं।

## वायु सेना प्रमुख ने वायु सैनिकों से हर समय उच्च स्तर की तत्परता बनाये रखने को कहा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वायु सैनिकों से हर समय उच्च स्तर की तत्परता बनाये रखने को कहा है। वायु सेना के प्रवक्ता के अनुसार एयर चीफ मार्शल ने शनिवार और रविवार को लक्षद्वीप द्वीप समूह का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने



मिनिकॉय द्वीप और कवरती द्वीप पर तैनात वायु सैनिकों से बातचीत की और विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों का भी दौरा किया। उन्होंने भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के जवानों के साथ भी बातचीत की। वायु सेना प्रमुख ने बातचीत के दौरान बदलते भू-राजनीतिक माहौल में आगे रहने की आवश्यकता पर बल दिया और उभरती हुई आकस्मिकताओं से निपटने में वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी रोशनी डाली। उन्होंने हर समय उच्च स्तर की तत्परता बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया।

## महाकुंभ मेले को उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपित बिहार से गिरफ्तार

**शिकंजा**

- आरोपित ने फर्जी आईडी से दी धमकी, धमकाने के बाद भाग गया था नेपाल

**समृद्धि न्यूज, महाकुंभ नगर।**

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला राजेश कुमार द्विवेदी ने रविवार को बताया कि पकड़े गये आरोपित का नाम



आयुष कुमार जायसवाल है। उसने सोशल मीडिया पर नासिर पठानके नाम की फर्जी आईडी से धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। लोकेशन के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने बिहार पुलिस के साथ मिलकर पुर्णिया के शहीदगंज पंचायत के वार्ड नंबर चार से आयुष को धर दबोचा। बिहार के भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि यूपी पुलिस आरोपित आयुष को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि 31 दिसंबर 2024 को धमकी देने के बाद आरोपित नेपाल भाग गया था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नेपाल में वह किन लोगों से मिला और वहां उसकी गतिविधियां क्या थीं। यह भी जांच हो रही है कि इस साजिश में उसका कोई साथी शामिल था या नहीं। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि यूपी पुलिस आरोपित को प्रयागराज ले जाकर पूछताछ कर रही है। साथ ही, स्थानीय पुलिस भी उसके संपर्कों और नेपाल यात्रा की गहराई से जांच कर रही है।

**तैयारी** | **शिक्षामित्रों समेत आठ लाख कर्मचारियों के लिए खुशखबरी**

## मानदेय बढ़ाने की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश के शिक्षामित्रों, अनुदेशकों समेत लगभग 8 लाख कर्मचारियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। सरकार इन कर्मचारियों के वेतन और मानदेय में बढ़ोत्तरी की तैयारी कर रही है।

बता दें कि हाल ही में यूपी सरकार ने शिक्षामित्रों को मूल विद्यालय वापसी और अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की सुविधा देने का शासनादेश जारी किया जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। अब मानदेय में बढ़ोतरी कर योगी सरकार इन कर्मचारियों को दूसरी बड़ी सौगात देने जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यूनतम मजदूरी की दर से या उससे कम वेतन पाने वाले संवर्गों के कर्मचारियों को एक समान 17 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि इस श्रेणी के सभी कर्मचारियों के परिवार का भरण-पोषण उचित प्रकार से हो सके। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसे वित्त विभाग की तरफ से मंजूरी भी मिल चुकी है। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को पास कराने की तैयारी है। गौरतलब है कि योगी



सरकार ने सभी विभागों में तैनात संविदाकर्मियों से लेकर आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात कर्मचारियों और दैनिक वेतन भोगियों को केंद्र सरकार द्वारा तय की गई न्यूनतम मजदूरी की राशि के बराबर वेतन या मानदेय देने का फैसला किया किया था। वर्तमान में शिक्षामित्रों को प्रतिमाह दस हजार और अनुदेशकों को नौ हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। अकुशल श्रमिक को 10,701 रुपये, अर्धकुशल को हर माह 11,772 रुपये और कुशल श्रमिक को हर माह 13,186 रुपये मिलता है। यूपी कैबिनेट में अगर इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाती है तो शिक्षामित्र, अनुदेशक सहित लगभग आठ लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। लगभग 1.20 लाख संविदाकर्मी, 3 हजार दैनिक वेतनभोगी, लगभग 1,43,450 शिक्षामित्र और लगभग 25,223 अनुदेशक को इस प्रस्ताव से बड़ी राहत मिल सकेगी।

# बड़ी कंपनियां कर रहीं कानूनों का उल्लंघन, प्रतिस्पर्धा में बन रहीं बाधक

- व्यापारियों ने सांसद उत्कर्ष को दिया ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आवाहन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन क्षेत्र के सांसद उत्कर्ष वर्मा को दिया गया। जिसमें मांग की गई है कि भारतीय ई-कॉमर्स उद्योग में विनियामक निरीक्षण की तत्काल आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। ई-कॉमर्स ने कुछ ऐसी प्रथाओं को जन्म दिया है जो निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को खतरे में डालती है। विशेष रुप से व्यापारी, एमएसएमई खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को प्रभावित करती है। विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को तभी पूरा किया जा सकता है। जब स्थानीय उत्पाद, स्थानीय व्यापार एवं स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। जिसके लिए व्यापार मंडल सतत प्रयत्नशील है। लेकिन यह ई-कॉमर्स कंपनियां कानूनों का उल्लंघन करते हुए उसमें बाधक बन रही है। व्यापार और एमएसएमई क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और यह अनैतिक प्रथाओं से लगातार चुनौती का सामना कर रहा है जिन्हें अगर अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो यह इसके विकास व्यापार और जीडीपी में योगदान को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है जिसके प्रमुख कारण है कि ई.कॉमर्स प्लेटफार्म पर विक्रेताओं का अनिवार्य केवाईसी किया जाना चाहिए। अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनियों ने लगातार भारी वित्तीय घाटे की सूचना दी है। उच्च बिक्री मात्रा के बावजूद यह नुकसान इस बात प्रत्यक्ष परिणाम है कि जहां एमएसएमई और पारंपरिक खुदरा विक्रेताओं सहित छोटे प्रतिस्पर्धियों को बाहर करने के लिए उत्पादों को अस्थिर दरों पर बेचा जाता है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म को थोक विक्रेताओं के रुप में कार्य नहीं करना चाहिए। कई प्लेटफार्म अपनी इन हाउस या सहायक विक्रेता कंपनियों को विशेष रूप से मूल्य निर्धारण और दृश्यता के मामले तहरीज देते है। जिससे यह प्रतिस्पर्धा को विकृत करता है और स्वतंत्र एमएसएमई विक्रेताओं को नुकसान पहुंचाता है। बड़े प्लेटफार्म द्वारा दी जाने वाली कैश बैक और ब्याजमुक्त योजनाएं असमान खेल का मैदान बनाती है। क्योंकि वह ग्राहकों को आकर्षित करती है जबकि छोटे एमएसएमई विक्रेता समान प्रोत्साहन देने का जोखिम नहीं उठा सकते यह प्रथाएं अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं और हम इन योजनाओं पर अंकुश लगाने और नैतिक व्यवसायिक प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए विनियमन का अनुरोध करते है। ई. कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी कर्मियों को कर्मचारी के रुप में माना जाय और यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें उचित श्रम सुरक्षा और लाभ प्राप्त हो जिससे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में श्रमिकों का कल्याण बढ़े। उपरोक्त मुद्दे विशेष रूप से व्यापार एमएसएमई और उपभोक्ताओं को प्रभावित करते है। जिन पर तत्काल ध्यान देने और विनियमन अधिनियम (रेगुलेटिंग एक्ट) बनाने की जरुरत है। यह विनियमन निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे और एकाधिकार व अनैतिक प्रथाओं पर अंकुश लगाएंगे। तथा एमएसएमई व उपभोक्ताओं को खुदरा विक्रेता के हितों की रक्षा करेंगे जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि में उनका निरंतर योगदान सुनिश्चित होगा इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी, युवा प्रदेश मंत्री पटेल अशोक कनौजिया, नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा, नगर उपाध्यक्ष अजय वर्मा, तहसील महामंत्री विकाश वर्मा, जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में जनपद खीरी को भय मुक्त बनाने एवं अपराधों की रोकथाम सहित अवधै कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पढ़ुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में दरोगा ब्रह्मानंद यादव, राजेंद्र गंगवार, रचित राजपूत ने धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के अग्रहा निवासी राममूर्ति पुत्र स्व. परमेश्वर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ मोटेबाब स्थान के पास से हिरासत में लेकर अंतर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गोला विधानसभा की पूर्व नियोजित मासिक बैठक शेर सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनय तिवारी ने पीडीए की सेक्टर वाइज बैठक किए जाने पर जोर दिया। फूल सिंह यादव ने कहा कि निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को पदमुक्त किया जाए। सत्यराम वर्मा ने सरकार की आरक्षण व्यवस्था पर दूषित मंशा से कार्य किए जाने की बात कहीं। आलोक मिश्रा ने पंचायत चुनाव में सरकार की दूषित मंशा की बात कही। इसी कडी में इरशाद खां, ओमप्रकाश यादव, डा रामऔतार, बबलू दीक्षित, गुफरान अंसारी, अशोक गौतम, जगदीश गौतम, पूर्व चैयरमैन मैलानी, इरफान खां, एहतशाम अंसारी, मनोज वर्मा, देशबंधु बाजपेई, प्रभात श्रीवास्तव, नितिन तिवारी ने महंगाई, भ्रष्टाचार पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में रामबहादुर यादव, इकरार खां, बीडीसी लल्लू सिंह यादव, अशोक दीक्षित, पदुम यादव, रजी खां, ओमप्रकाश, लालबिहारी कोरी, शिवम गुप्ता, नरेन्द्र सिंह यादव, प्रभात गुप्ता, शेर सिंह यादव, आलोक यादव आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए श्रद्धेय पंडित सियाराम मिश्र



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

शहर के प्रसिद्ध साहित्यकार श्रद्धेय पंडित सियाराम मिश्र को आज उनकी पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिषद में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात पालिका सभागार में उनके जीवनवृत्त पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहा पंडित सियाराम मिश्र दूरदर्शी, सादगी पसंद साहित्यकार थे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि श्री मिश्र का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा, उनके साहित्य के क्षेत्र में देश विदेश में सम्मान मिला। के.के शुक्ला, रामकुमार गुप्ता, अवधेश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित ने शब्दांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन मधुकर सैदाई ने किया। इस अवसर पर शशिकांत मिश्र, बृजेश कुमार तिवारी, राजन मिश्रा, अनिल कुमार टंडन पूर्व सभासद, सुरेश चंद्र शुक्ला, सभासद रियाजुद्दीन, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, धर्मेन्द्र तिवारी, रज्जन खान, शाहिद अंसारी, आशीष अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, पूर्व सभासद पियूष मिश्रा, सुनील मिश्रा शिवम गुप्ता, रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, प्रदीप खतौलिया, विमलेश वर्मा, धीरज बाजपेयी, विजय मिश्रा, रविन्द्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पाढे का मीठ घर में बनने की सूचना पर रेंजर ने दी दबिश

- पाढे का मीठ तो नहीं मिला पर मिली अवैध कच्चीं शराब,
- अभियुक्त को आबकारी विभाग निघासन को सुपुर्द किया

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




पाढ़े का घर में मीठ बनाने की मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही दक्षिण निघासन वन रेंज लुधौरी के रेंजर अपनी टीम के साथ रानीगंज गांव में दबिश दी। दबिश में पाढ़े का मीठ तो नहीं बरामद हुआ लेकिन अवैध कच्चीं शराब सहित एक अभियुक्त को पकड़ कर आबकारी विभाग निघासन के सुपुर्द कर दिया गया। बताते चले कि पाढ़े का मीट एक घर में बनने की मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर दक्षिण वन क्षेत्र लुधौरी रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह यादव अपनी टीम के साथ लुधौरी के गांव रानीगंज में जो पहले पुरैना गांव में रहता था चंद्रभाल उर्फ गिरधारी पुत्र केदारी के घर पर दबिश देकर बारीकी से जांच की गयी तो अभियुक्त चंद्रभाल अवैध कच्चीं शराब की 16 भरी हुई पन्नी में शराब की बिक्री करने जा रहा था जिसको रेंजर ने आबकारी विभाग निघासन के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं दक्षिण वन क्षेत्र लुधौरी वनाधिकारी की कार्यवाही देख कर जहां वन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हैं। वहीं सरकारी जंगलों में अवैध रूप से मछली, पक्षियों आदि के शिकारियों की भी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई हैं।इस समय जहां ठंडक व कोहरा भी धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा हैं। वैसे-वैसे रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह यादव अपनी जांबाज टीम के जंगलों की कांबिंग भी तेज कर दी हैं।

# गौवंशीय पशुओं के लिए की गई अलाव व तिरपाल की व्यवस्था

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड निघासन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भेडौरी व मोतीपुर पंचायत में बने गौशालाओं में गोवंशीय पशुओ को ठंड से बचाने के खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह द्वारा दिये गए दिशा निर्देशानुसार गौशालाओं में शेडों के चारों तरफ मोटे-मोटे तिरपाल व कई जगह पर निराश्रित गोवंशीय पशुओं के लिए अलाव जलाने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसको लेकर ग्राम पंचायत भेडौरी के बेलरायां व ग्राम पंचायत मोतीपुर के भौका में बनी गौशालाओं में अलाव जलाया गया जिससे निराश्रित गोवंशीय पशुओं को ठंड से बचाया जा सके। ग्राम पंचायत मोतीपुर प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह केडी व भेडौरी प्रधान प्रतिनिधि धुर्व वर्मा ने बताया कि शासन के द्वारा गोवंशीय पशुओं को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाने के निर्देश मिले थे जिसको लेकर गौशाला में चौबीसों घंटे अलाव जलवाए जा रहे हैं।

# विधायक अमन अरविंद गिरि ने मुख्यमंत्री से भेंटकर बताई कारीडोर की प्रगति

- मुख्यमंत्री ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्रीय विधायक अमन अरविंद गिरि ने रविवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। साथ ही उन्होने गोला विधानसभा क्षेत्र के विकास के संदर्भ में विस्तार से वार्ता करते हुए उनकी महत्वाकांक्षी परियोजना छोटी काशी शिव मंदिर कारीडोर के वर्तमान निर्माण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसी के साथ उन्होने स्वयं द्वारा लिए गए संकल्प के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री को बताया कि कारीडोर निर्माण में तोडी गई दुकानों, भवनों आदि परिवारों व दुकानदारों को गोद लिए जाने के बारे में जानकारी। बताया कि इस निर्माण कार्य में बेघर हुए परिवारों को वह पुनः बसाकर अपने पिता के पदचिहनों पर चलकर एक मिसाल कायम करना चाहते है। विधायक अमन अरविंद गिरि ने बताया कि उनके इस संकल्प व लोगों के पुर्नवास की बात पर मुख्यमंत्री बेहद संजीदगी से हर्ष व्यक्त करते हुए कार्य की सराहना की। साथ ही प्रभावित परिवारों को सहायता राशि व दुकाने दिए जाने की बात कही। विधायक अमन अरविंद गिरि ने वन टागिया क्षेत्र में बायोप्लास्टिक फैक्ट्री के संबंध में भी व्यापक चर्चा की। जिस पर मुख्यमंत्री ने गोला विधानसभा क्षेत्र में हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

# चाइनीज मांझे के विरोध में सपा का मौन उपवास

**वाराणसी।** वाराणसी के टाउनहॉल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष समाजवादी युवाजन सभा ने कातिल चाइनीज मांझे के विरोध में मौन उपवास किया। इस दौरान सयुस के प्रदेश महासचिव किशन दीक्षित मौजूद रहे। उन्होंने कहा यह मांझा अब राक्षस रूपी हो चुका है और इसे बेचने वाले खून की रोटी खा रहे हैं। ऐसे में इसे बंद होना चाहिए। गांधी प्रतिमा के समक्ष मैं उपवास कर रहे किशन दीक्षित ने बताया-चाइनीज मांझा अब राक्षस का रूप ले चुका है। सर्दियां आते ही रोजाना कोई न कोई इस कातिल मांझे का शिकार हो रहा है। इस मांझे ने अब राक्षसी रूप ले लिया है। यह जानलेवा धागा न केवल मासूम और बुजुर्गों के लिए बल्कि राह चलते हर किसी के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि यह प्रतिबंधित मांझा यहां बिक कैसे रहा है? इसपर रोक क्यों नहीं लग रही है? किशन दीक्षित ने कहा प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित इस चाइनीज मांझे पर कड़ाई से रोक लगानी चाहिए। ताकि भविष्य में किसी के घर का चिराग न बुझे। हाल ही में विवेक शर्मा की जिंदगी की डोर इस चाइनीज मांझे ने काट दी। जिसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। ऐसे में इसपर कड़ाई से प्रतिबंध लगना चाहिए। किशन दीक्षित ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की ढिलाई से यह मांझा आसानी से मिल रहा है।

# अस्सी बीघे के तालाब में मछली पालन का पट्टा कराने के बाद की जा रही गेहूं की बुवाई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



> एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांचकर उचित कार्यवाही करने की बात कही है।

लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के गांव दनियारपुर में पचास अस्सी बीघे के तालाब में एक समिति द्वारा कुछ लोगों ने मछली पालन के पट्टा कराने के बाद उसमें खेती करने लगे। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत लेखपाल समेत उच्च अधिकारियों से की है। क्षेत्रीय लेखपाल ने सोमवार को जांच कर कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया है।

विकास खंड बेहजम एवं तहसील सदर की ग्राम पंचायत कौरय्या मुफरत और मजरा दनियारपुर दो गाँवो को मिलाकर अस्सी बीघे का तालाब है। जिसके दो गाटा संख्याएं 492 और 67 को मिला कुल रकबा मिलाकर करीब अस्सी बीघे का तालाब है। कौरय्या गांव के सोबरन कुमार, लालाराम कुमार, सिसावांकला के राम अवतार भार्गव बदलू अली आदि लोगो ने एक समिति बनाकर मछली पालन के लिए पट्टा करवा रखा है। अब उस तालाब में मछली पालन न करके खेती करने लगे है। रविवार को एटा निवासी अमित गौतम निवासी ट्रैक्टर लेकर तालाब के अंदर जुताई कर रहें थे। उसी समय दोनों गांव के ग्रामीण अभय सिंह, विशाल सिंह, सुधीर कुमार, विपिन कुमार, गोविन्द सिंह, कुलदीप सिंह रामनरेश गौतम आदि लोगों ने विरोध किया तो वह ट्रैक्टर लेकर चले गए। दनियारपुर निवासी राज प्रताप सिंह ने बताया इस तालाब का पट्टा तो मछली पालन के लिए है। लेकिन पट्टाधारक मछली पालने बजाय तालाब को बराबर करके फसले बोने लगे है। तालाब के बीचो बीच गेंहू बो चुके कुछ जगह गेंहू जमने भी लगा है। बाकी खाली पड़े तालाब की जुताई कर बोने की तैयारी की जा रही है। यह तालाब दो गांवों को मिलाकर अस्सी बीघे का है। यह दो लेखपालों की देख रेख में है। दो दिन हो गए शिकायत किए हुए अभी लेखपाल ब्रजेश वर्मा एवं संगीता देवी द्वारा कोई कार्रवाई करना तो दूर निरीक्षण तक नहीं किया है। वहीं दोनों लेखपालों का कहना तालाब जोतकर गेहूं की बुवाई करना गैर कानूनी है। जांचकर उचित कार्यवाही की जाएगी। जिम्मेदारों की इस कार्रवाई शैली से ग्रामीणों में रोष है। तालाब की ट्रैक्टर से जुताई का वीडियो भी शोसल मीडिया पर वायरल हुआ है।

# बनारसगिरी-2 में एमएलए ने फेरा गदा, जमकर थिरके बनारसी

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

बनारसी युवाओं ने बता दिया कि सर्दी में भी उनके कदम रुकते नहीं। छावनी क्षेत्र में रविवार सुबह 10 डिग्री टेंपरेचर में 10 साल के बच्चों के साथ 80 साल के बुजुर्गों ने अपना जोश दिखाया और बताया कि वो ठंडी से नहीं देने वाले। विकास प्राधिकरण और छावनी परिषद की तरफ से रविवार सुबह बनारसगिरी 2 का आयोजन किया गया।

विधायक सौरभ श्रीवास्तव और हिन्दू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी अम्बरीष सिंह भोला ने बनारसगिरी 2 का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी एस राजलिंगम और वीडीए वीसी पुलकित गर्ग भी युवाओं के उत्साह में शामिल हुए। युवाओं के लिए डांस का भी प्रोग्राम था। जुंबा समेत अन्य फिल्मी गानों पर लोग जमकर नाचे और पसीना बहाया। बनारसगिरी का शुभारंभ करने पहुंचे कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने गदा फेरा और लोगों से सेहत बनाने के लिए थोड़ा समय निकालकर एक्सरसाइज की अपील की। मिर्जमुराद के बेनीपुर गांव निवासी 77 वर्षीय श्रीधर मिश्रा ने जोड़ी फेरकर सबको हैरान कर दिया। इस उम्र में भी ताकत का राज बताते हुए कहा कि वह सादा भोजन ही करते हैं। अलसुबह थोड़ी कसरत से शरीर चुस्त तंदुरुस्त रहता है। छोटे-छोटे बच्चों ने स्केटिंग के जरिए खूब मस्ती की और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। स्केट लेकर जब बच्चे अपने करतब दिखा रहे थे, लोगों ने तालियों से स्वागत किया। बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता भी रखी गई थी। नेहरू पार्क में बच्चों ने अपने हाथों की कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए सांप सीढ़ी का का भी खेल था। डीएम, विधायक भी बच्चों की उछलकूद देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। बनारसगिरी में कैरम का भी आयोजन किया गया था। चार कैरमबोर्ड लगाए गए थे। हर कोई स्ट्राइकर से रानी को हासिल करने में लगा था। बात बनारस की हो और शहनाई न हो तो सब अधूरा लगता है। भारत रत्न बिस्मिल्लाह खान की धरती पर आयोजन में शामिल होने आए लोगों को शहनाई की धुन सुकून दे रही थी। सिगिंग के लिए भी एक प्लेटफार्म तैयार किया गया था जहां लोग अपनी आवाज का जादू दिखाकर तालियां बटोर रहे थे।

# मानव को सद्मार्ग पर चलने व जीवों पर दया करने व गऊ में देवों का वासः शास्त्री

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक श्री शास्त्री ने सभी से सद्मार्ग पर चलकर जीवों पर दया करने और गऊ माता के संरक्षण पर जोर दिया। कहा कि गऊ माता के अंग-अंग में देवी देवताओं का वास होता है। शहर के विवेकानंद बाल उद्यान में चल रही भागवत कथा में श्री हरिकृष्ण शास्त्री ने मौजूद श्रोताओं से सद्मार्ग पर चलकर परमेश्वर से प्राप्त इस दुर्लभ देह को सार्थक बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा सद्मार्ग पर चलना कठिन हो सकता है। परंतु असंभव नहीं है सरलता और सद्मार्ग का जीवन सुख और आनंद के मार्ग सुलभ करता है। सरल मनुष्य का जीवन आनंद पूर्वक बीतता है। श्री शास्त्री जी ने कहा जल थल के सभी प्राणी परमेश्वर की ही संतान हैं, इसलिए हम सबको उन पर सहानभूति पूर्वक भाव रखने चाहिए। उन्होंने कहा गऊ माता ने संकट के समय देवी देवताओं को अपने शरीर में स्थान देकर शरण दी थी। इसी कारण सनातन धर्म पूज्यनीय हैं। गऊ माता के संरक्षण से समूची दुनिया में सुख और शांति का पुनः वास हो जाएगा। कथावाचक ने कहा मनवाने घर परिवार के दायित्वों और समाज में अपने अभिमान के कारण पाप और अन्याय के पथ को अपना लेता है। परिणाम स्वरूप उसका सर्वनाश हो जाता है। भागवत का प्रसंग सुनाते हुए भक्त प्रहलाद के बाद। राजा कंश के अन्याय और पापों का वर्णन करते हुए,भगवान कृष्णा के जन्म की कथा सुनाई। भगवान कृष्ण के जन की बधाई के साथ मौजूद भक्तों दे खुशी का इजहार करते नाचने गाने तथा इस पल का आनंद उठाने का अनुरोध किया। मौजूद महिलाओं बच्चों खोजनमोत्सव पर टाफी खिलौने वितरिक कर बधाईयां दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा, उषा रावड़ा, अंजू रावड़ा, प्रमिला गुप्ता, सुमन बाजपेई, शिल्पी वर्मा, वर्तिका, अपन्य काजल, मीणा, कमलेश, अनामिका, प्रांशी, किरण अखिलेश मिश्रा, प्रेमलता मिश्रा, आदर्श शुक्ला, पूनम मिश्रा, मंजू शुक्ला, पूजा शुक्ला, के,के,शुक्ला, सतेंद्र शुक्ला, शंभू, व शिवेंद्र सहित कई महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे। कथा के बाद आरती ओ प्रसाद वितरण हुआ।

# राष्ट्रभक्त और रामभक्त थे कल्याण सिंह : योगी

**कल्याण सिंह की कार्यकुशलता और प्रशासनिक कौशल ने उन्हें प्रशंसा दिलाई**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



### कल्याण सिंह ने राम मंदिर के निर्माण के लिए सत्ता त्याग कर सर्वोच्च बलिदान दिया

सीएम योगी ने कहा कि अपने नेतृत्व को अस्थिर करने के अथक प्रयासों का सामना करने के बावजूद, कल्याण सिंह जी ने श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए सत्ता त्याग कर सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका अटूट संकल्प और दूरदर्शिता एक वास्तविकता बन गई है। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के करीब पहुंचने पर, उनकी आत्मा को शांति मिल रही होगी, और वे अपने सपने को पूरा होते हुए देख रहे होंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कल्याण सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा परिकल्पित एकात्म मानववाद के दर्शन को जीवंत किया, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में अपने प्रारंभिक वर्षों के दौरान आत्मसात किया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल कल्याण सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें भारत माता का एक प्रतिष्ठित सपूत, एक समर्पित देशभक्त और भगवान राम का भक्त बताया।

सीएम ने 2 मॉल एवेन्यू में एक कार्यक्रम के दौरान कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे कल्याण सिंह जी देश के स्वतंत्रता संग्राम को देखते हुए बड़े हुए। इन प्रारंभिक अनुभवों ने उनमें देशभक्ति की गहरी भावना और भारत के भविष्य के लिए एक दृष्टि पैदा की। एक युवा लड़के के रूप में, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से इन मूल्यों को अपनाया, जिससे राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण आकार ले लिया। योगी ने कहा कि कल्याण सिंह जी की उल्लेखनीय यात्रा ने उन्हें किसान और शिक्षक से लेकर 1977 में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार राज्य के मुख्यमंत्री और दो राज्यों के राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुँचाया। अपने शानदार करियर के दौरान, उनकी कार्यकुशलता, समर्पण और प्रशासनिक कौशल ने उन्हें सार्वभौमिक सम्मान और प्रशंसा दिलाई। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी विरासत के सम्मान में, राज्य सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर संस्थान और बुलंदशहर में मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा है। सत्ता के लिए अपने सिद्धांतों से समझौता करने वाले कई लोगों के विपरीत, कल्याण सिंह अपने मूल्यों और नैतिकता पर अडिग रहे। उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान उनके योगदान और 1990 के दशक में यूपी की राजनीति को फिर से परिभाषित करने और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के उनके दूरदर्शी प्रयासों को याद किया, जो एक प्रगतिशील और सुधारित राज्य के विचार को प्रेरित करते हैं।

योगी ने कहा कि भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली, लेकिन यूपी के लोगों ने स्वतंत्रता का सार तब महसूस किया जब कल्याण सिंह ने सीएम के रूप में पदभार संभाला और एक परिवर्तनकारी दृष्टि के साथ राज्य का नेतृत्व किया।

# राज्यपाल ने संग्राम 1857 साइकिल अभियान दल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एनसीसी निदेशालय की ओर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों की स्मृति में आयोजित की गई 'संग्राम 1857' साइकिल अभियान दल रैली बरेली से लखनऊ पहुंचने पर राजभवन में एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया। साथ ही हरी झण्डी दिखाकर यहां से रवाना किया।

राज्यपाल ने साइकिल रैली टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रैली अपने उद्देश्यों में सफल हो। एनसीसी निदेशालय का यह सराहनीय प्रयास है। रैली के माध्यम से देश-प्रदेश के लोग विशेषकर युवा पीढ़ी देश के स्वंतत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के बलिदान और त्याग को स्मरण कर उनके संघर्षों से प्रेरणा प्राप्त करेंगे, जिससे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी। रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स ने राजभवन परिसर का भ्रमण भी किया। राजभवन की भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि एनसीसी निदेशालय की ओर से आयोजित संग्राम 1857 साइकिल रैली एक अनूठी पहल है। इसमें ब्रिगेडियर एनएस चारग के नेतृत्व में एनसीसी के 14 कैडेट्स प्रतिभाग कर 1900 किमी की यात्रा कर रहे हैं। रैली 01 जनवरी को मेरठ से प्रारम्भ होकर बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा के विभिन्न महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए उन स्थलों के इतिहास और वीर सेनानियों के संघर्ष व बलिदान को उजागर करेगी। इसका समापन 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में देश की राजधानी नई दिल्ली में होगा।

## खबरें एक नजर में

### कार समेत लापता महिला टूंडला रेलवे स्टेशन के पास मिली

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार आलोक पराड़कर की पत्नी कार समेत शनिवार दोपहर से लापता हो गई थी। पुलिस ने उन्हें सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गोमतीनगर के विपुल खंड में रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार आलोक पराड़कर ने सोशल मीडिया फेसबुक पर अपनी पत्नी रीना की तस्वीर को साझा करते हुए कार समेत लापता होने की बात कही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस सतर्क हो गई और टूंडला जंक्शन रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया है। इस बीच पत्नी के सकुशल वापसी के बाद वरिष्ठ पत्रकार आलोक पराड़कर ने कहा कि मैं लखनऊ पुलिस का अभारी हूं कि उन्होंने इस मामले में तेजी दिखाते हुए पत्नी को सकुशल टूंडला के पास से बरामद कर लिया है। पत्नी ने बताया कि वे परिवार को बिना बताए स्वेच्छा से अध्यात्मिक यात्रा पर निकली थी। इसलिए चिंता का विषय बन गया और पुलिस ने उन्हें खोज निकाला। इसके लिए मैं पुलिस का शुक्रगुजार हूं।

### युवती ने युवक पर दर्ज कराया केस, धोखा देने और बार-बार गर्भपात का लगाया आरोप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर प्रेम जाल में फंसा कर मंदिर में विवाह करने और पांच बार गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। युवती का यह भी कहना है कि इसने दूसरी युवती से विवाह कर दिया। जब विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सुशांत गोल्फथाना क्षेत्र मे रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शिवांशु सिंह निवासी सेक्टर 6 गोमती नगर ने 2014 में सुशांत गोल्फसिटी स्थित एक मंदिर में प्रेम विवाह किया था। पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाया। नशीला पदार्थ खिलाकर यौन शोषण किया और बहला फुसलाकर दो चेन, एक अंगूठी, दो ब्रासलेट, चांदी के गहने, सोने के सामान एक लॉकेट, स्कूटी और 8 लाख रुपए मकान खरीदने के लिए ले लिया। इस दौरान बार-बार गर्भपात कराया। मारता और पीटता था। परिवार का भी समर्थन है। पति शिवांशु का साथी रोहन सिंह व सौरभ मिश्रा भी इसमें शामिल है। पीड़िता का आरोप है, कि जब उसने पुलिस से शिकायत की बात कही तो बंदूक उठाकर गोली से मारने की धमकी देता है। शिवांशु ने दूसरा विवाह भी कर लिया है। जिसमें परिवार का समर्थन था। इस मामले में स्थानीय पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### मामूली से विवाद में विष देकर युवक की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस को वादिनी मुकदमा माया देवी पत्नी चच्चू नि0 544ख,199,कन्हई खेड़ा, पुत्र छोटे उर्फछोटू की संदिग्ध परिस्थितियों मृत्यु हो गयी थी, जिसमें मृतक की मां माया देवी द्वारा थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी फरार चल रहे थे, मुखबिर की सूचना पर 1 शुभम लोधी,नि0 544ख,199, कन्हई खेड़ा कैम्पवेल रोड थाना ठाकुरगंज लखनऊ, को गिरफ्तार किया दोनों आरोपी एक ही जगह के रहने वाले हैं, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गया है।

### कड़के की ठंड में भारतीय विकास समिति ने जरूरतमंदो को किया कम्बल वितरण

**लखनऊ।** कड़के की ठंड में जरूरतमंदो को एक उम्मीद की किरण की आस होती है। ऐसे में जब स्वयंसेवी संस्थाएं जो उनकी उम्मीद के साथ खड़ी दिखती हैं तो बात ही कुछ ओर होती है। स्वयंसेवी संस्था भारतीय विकास समिति ने आज राजाजीपुरम के मालिनी बस्ती के 50 जरूरतमंदो को कम्बल वितरण करती दिखाई दी, जिससे उनके चेहरों पर खुशी दिखाने को मिली। समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सिंह ने बताया जनसेवा के लिए समर्पित संस्था भारतीय विकास समिति जरूरतमंदो के साथ खड़ी दिखती है, समिति के संरक्षक रामपाल शर्मा अध्यक्ष, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र के सहयोग से कम्बल वितरण कार्य पूर्ण हुआ। मौके पर श्रीमती श्वेता शर्मा, महामंत्री सलमान हैदर रिजवी, रेखा मिश्रा, संतोष बाजपेई, अमान खान, अरुण कुमार प्रजापति, रिक्की कन्नौजिया आदि उपस्थित रहें।

# अब पंद्रह जनवरी तक करा सकेंगे फसल बीमा : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा की अवधि को 31 दिसंबर 2024 से बढ़ाकर 15 जनवरी किए जाने पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इस विस्तारित अवधि में किसानों से इस योजना में पंजीकृत होने की अपील की है। ताकि उन्हें बीमा योजना का भरपूर लाभ मिल सके।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को बताया कि प्रदेश सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधि को 15 जनवरी तक बढ़ा दिया है। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से अपील की है कि वे गेहूं, दलहन, तिलहन सहित अपनी सभी रबी फसलों के लिए बीमा योजना का लाभ उठाएं। किसान केवल डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित अवधि 31 दिसंबर 2024 तक प्रदेश के कई किसानों द्वारा फसल बीमा योजना में पंजीकरण नहीं कराया जा सका था, जिस पर किसानों के हित में प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार से बीमा योजना में पंजीकरण की अवधि विस्तारित करने का आग्रह किया गया। केंद्र सरकार द्वारा 15 जनवरी 2025 तक इस योजना को विस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को प्रदेश के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया।

### दो आईपीएस के तबादले, वैभव कृष्ण को महाकुंभ मेले की मिली जिम्मेदारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में शनिवार की देर रात दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। जल्द बड़े पैमाने में आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण होने की संभावना है।

शासन ने देर रात को दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। उनमें पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कुमार कृष्ण को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इससे पहले वे आजमगढ़ में तैनात थे। वहीं, आईपीएस सुनील सिंह को आजमगढ़ का नया पुलिस उपमहानिरीक्षक बनाया है। यहां से पहले उनकी तैनाती पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात के पद पर थी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नवनियुक्त उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग चेयरमैन (पूर्व डीजी) सत्य नरायण साबत ने की शिष्टाचार मुलाकात।

# ममता ट्रस्ट निरन्तर बरसा रहीं जरूरतमंदों पर सेवा-सहयता की ममता : डॉ. दिनेश शर्मा




**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

नर सेवा नारायण सेवा की अलख जगा रही ममता चौरिटेबल ट्रस्ट ने मिधानी ग्रुप के सहयोग से अपने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, दिव्यांग कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन व कम्बल वितरण महाअभियान की श्रंखला में रविवार को लखनऊ के सिटी कान्वेट स्कूल, पारा में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों मातृ शक्तियों, बुजुर्गो को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद मातृ शक्तियों को कंबल वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा, पूर्व उप मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार डॉ. दिनेश शर्मा ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि ममता चौरिटेबल ट्रस्ट इस तरह के विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर जरूरतमंदों पर सेवा एवं सहायता के ममता की बारिश निरंतर कर रहीं है, मुख्य अतिथि के कर कमलों से जरूरतमंदों को सांकेतिक वितरण कर वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा ने अपनी टीम के साथ मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का ट्रस्ट का स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेट कर अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने नर सेवा को नारायण सेवा मानकर सदैव समाज की सेवा संकल्प को दुहराया। संस्थापक ट्रस्टी डॉ. राजेश शुक्ला ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए जरुरतमंदों की सदैव सेवा करने तथा दिव्यांगों को कभी भी कोई जरूरत हो तो ममता ट्रस्ट से सम्पर्क कर आपके द्वार सदैव पहुंचती है ट्रस्ट हमेशा आपके साथ है, लाभार्थियों से ममता ट्रस्ट परिवार से जुड़े रहने के लिए ट्रस्ट के मिस्ड काल मोबाइल नंबर 9415071777 पर मिस काल करके जुड़ने का आह्वान किया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने ममता ट्रस्ट परिवार एवं उसके मुखिया राजीव मिश्रा के सेवा कार्यो को अनुकरणीय बताते हुए समाज मे ऐसे कार्यो की आवश्यकता पर बल दिया।

# प्रदेश के 44 विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से 12वीं तक होगी एक छत के नीचे पढ़ाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार विभिन्न प्रयोग लगातार कर रही है। अब प्रदेश के 44 जिलों में मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट स्कूल बनाने की तैयारी है। इसमें एक छत के नीचे प्री-प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक पढ़ाई होगी। कक्षाएं स्मार्ट बनाने के साथ ही लैब आदि की व्यवस्था भी एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा।

यह विद्यालय वहीं बनेगा, जहां पर परिषदीय स्कूल के पास पांच एकड़ की जमीन होगी। इसके लिए 25 करोड़ रुपये का फंड आवंटित होगा। सरकार द्वारा स्मार्ट क्लास, स्किल हेल्प सेंटर, कंप्यूटर और लैंग्वेज लैब के साथ ही स्कूल में बहु-उद्देशीय हाल और स्टाफ के लिए वहीं आवास बनाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में 42 आधुनिक कक्षों के साथ 1500 विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था होगी।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ओएनजीसी अपने सीएसआर फंड के तहत इसका निर्माण कराएगा। रामपुर, हाथरस, भदोही, बदायूं और बहराइच में निर्माण होगा। इसके साथ ही अंबेडकरनगर, अमेठी, अमरोहा, औरैया, बागपत, बलिया, बाराबंकी, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, जालौन में कंपोजिट विद्यालय बनेंगे।

कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, लखीमपुर में बनेंगे कंपोजिट विद्यालय। कुशीनगर, ललितपुर, महाराजगंज, मैनपुरी, मऊ, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, रायबरेली, संभल, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, सुल्तानपुर में भी राज्य सरकार कंपोजिट विद्यालय बनाने की तैयारी कर रही है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को किया नमन



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, 'पद्म विभूषण' से सम्मानित आदरणीय कल्याण सिंह को जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि बाबू जी का जीवन उनके सिद्धांतों, निडरता एवं लोक सेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा। उनका न कोई पछतावा, न कोई पश्चाताप, न कोई दु:ख, न ही कोई शोक का मूलमंत्र उनकी गंभीरता व आत्मिक सत्यता का प्रतीक रहने के साथ-साथ हम सभी को राष्ट्रोत्थान व सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रति मार्गदर्शन करता रहेगा।

### एलयू न्यू कैंपस की मेस में पैर से आलू धूलने का वीडियो वायरल, स्टूडेंट्स में आक्रोश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस से जुड़ा एक और वीडियो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हो गया। वीडियो में मेस कर्मचारी पैर से आलू धोते हुए दिख रहा है। वायरल वीडियो होमी जहांगीर भाभा छात्रावास का बताया जा रहा है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नही हुई है। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद हॉस्टल के स्टूडेंट्स के बीच आक्रोश भी देखा जा रहा है। छात्रों की मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करे। एलयू प्रवक्ता प्रो.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफकार्रवाई भी की जाएगी। अभी कुछ दिनों पहले ही न्यू कैंपस के एडिशनल प्रॉक्टर का हवा में फायरिंग करने का वीडियो भी वायरल हुआ था। हालांकि उसे वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई थी पर विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफसे एडिशनल प्रॉक्टर से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मामले में पुलिस की तरफसे भी विवेचना की जा रही है।

# डीजीपी की फर्जी आईडी बनाकर पैसे मांगने वाला गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार की फर्जी आईडी बनाकर जयपुर की घटना पर पैसे मांगने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने डीजीपी के नाम से इंस्टाग्राम आईडी और यूट्यूब चौनल बनाया था। शुरुआत में फॉलोवर बढ़ाने के लिए काम किया। इसके बाद उससे पैसा कमाने लगा। साइबर टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

साइबर थाना इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया, 30 दिसंबर को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर जयपुर में हुई दुर्घटना में पीड़ित की मदद के नाम पैसे मांगने का मामला सामने आया। मामले में पुलिस ने नांगल सहारनपुर के रहने वाले अमित कुमार (43) पुत्र ताराचंद को गिरफ्तार किया। अमित ने साल 2022 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन के बाद डीजीपी ने दौरा किया था। जिसकी फोटो उनके ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की गई थी। जिसे आरोपी ने ट्विटर हैंडल से डाउनलोड कर फेक इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट करने लगा। जिसके बाद इंस्टाग्राम आईडी पर फॉलोवर्स की संख्या करीब 76 हजार पहुंच गई थी। आरोपी ने फेक इंस्टाग्राम आईडी को वास्तविक दिखाने के लिए ब्लू टिक वेरिफाइड भी करवाया गया। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया आरोपी को घटना की भनक हो गई थी। इसके बाद उसने अपने सारे अकाउंट डिलीट कर दिए थे। जिसकी वजह से ट्रेस करना और सबूत जुटाना मुश्किल हो रहा था। हालांकि बैंक डिटेल व सर्विलांस की मदद से आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने सच कबूल कर लिया। आरोपी अमित आईटीआई पास है, टेक्निकल में काफी निपुण है।

# गिट्टा गैंग के सदस्य गिरफ्तार

**31 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप का तोड़ा था शटर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर पुलिस ने बंद दुकानों की रेकी कर चोरी करने वाले निलोफर उर्फगिट्टा गैंग को पकड़ा है। यह गैंग बंद दुकानों की रेकी करके चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। गैंग की सरगना एक युवती है। इनके पकड़े जाने से एक कृष्णा नगर और एक बाजार खाला में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने उनके पास दुकान में चोरी हुए जेवरात सहित घटना में प्रयोग की गई बाइक, 1500 रुपए बरामद किए हैं। गैंग में शामिल दो साथियों की तलाश पुलिस कर रही है।

एडीसीपी साउथ अमित कुमावत ने बताया कि 31 दिसंबर को कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अली नगर में रहने वाले रामेंद्र यादव की ज्वेलरी की दुकान पुष्पांजलि ज्वेलर्स का शटर तोड़कर लाखों रुपए की चोरी हुई थी। इस प स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज था। चोरों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पुलिस टीम को अहम सुराग लगे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह निलोफर उर्फ गिट्टा (गैंग लीडर) निवासी 461 एवर रेड्डी चौराहा निकट हमीदी मस्जिद एफसीआई गोदाम के पास दरियापुर थाना बाजारखाला को गिरफ्तार किया। इसके अलावा अमन निवासी काजीपुरा मोहल्ला निकट वसीरगंज पुलिस चौकी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच, हाल पता काशीराम कालोनी थाना पारा जनपद लखनऊ और सिराजुद्दीन निवासी काजीपुरा मोहल्ला निकट वसीरगंज पुलिस चौकी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच को लखनऊ को गंगा खेड़ा अंडरपास के नीचे से गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी सौम्या पांडेय ने बताया कि गैंग की लीडर युवती है। यह गिरोह दुकानों में देर रात चोरी करता है।

सामान्य तौर पर ऐसे दुकान जिसमें शटर ढीला होता है, जिसे उठाकर थोड़ी सी जगह बन जाती है। इसमें घुसकर फिर अंदर के दरवाजे तोड़कर चोरी को अंजाम देते हैं। गैंग में चोरी करने के बाद चोरी का माल को आपस में बांट लेते थे। पकड़े गए आरोपियों का कोई मूल पता नहीं है। वह लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में स्थित काशीराम कॉलोनी या बस्तियों में किराए पर रहते हैं, जिस कारण से इन्हें ट्रेस कर पाना भी मुश्किल होता है। इनके पास से एक जोड़ी सोने का झुमका, एक सोने की नथ, नौ लॉकेट, तीन टप्स, एक मंगलसूत्र और 1500 रुपए नगद बरामद किए गए हैं।

### बाघ ने फिर किया गौवंश का शिकार, 32 दिन से बाघ की दहशत

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** रहमान खेड़ा फार्म में बाघ की दहशत बरकरार है। रविवार सुबह मंडौली गांव में एक गौवंश पर हमला कर शिकार किया है। वन विभाग ने मौके पर टीम को भेज कर जांच कर रही है। मंडौली गांव में सुबह गांव के लोग बाग की तरफगए तो गौवंश का शव पड़ा दिखा। बाघ उसके पिछले हिस्से पर हमला किया था। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। डीएफओ डॉ सितांशु पांडेय का कहना है कि टीम बाघ को ट्रैस कर रही है। बाघ की दहशत को लेकर काकोरी कोतवाली पर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक हुई। डीसीपी पश्चिम विश्व जीत श्रीवास्तव, वन विभाग के नोडल अधिकारी चंदन चौधरी, रेंजर सोनम दीक्षित, प्रेम चंद्र पांडेय ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक। बैठक में बाघ पकड़ने वाले एक्सपर्ट प्रेम चन्द्र पांडेय ने प्रधानों को जागरूक किया। बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही सतर्क रहने की अपील की।


**उपलब्धि** — 6.5 लाख मरीजों को पंजीकृत करने के लक्ष्य के सापेक्ष 6.73 लाख मरीज चिन्हित

# उ.प्र. ने बाजी मारी, टीबी नोटिफिकेशन में देश में अव्वल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश की झोली में एक और उपलब्धि आई है। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान व इलाज करने में उत्तर प्रदेश 2024 में भी अव्वल रहा है। प्रदेश को बीते साल साढ़े छह लाख मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य मिला था। उसके सापेक्ष 6.73 लाख मरीजों की पहचान की गई। ये रिकार्ड है। 2023 में भी प्रदेश ने लक्ष्य का आंकड़ा पार किया था। दूसरे स्थान पर महराष्ट्र व तीसरे स्थान पर बिहार का नाम दर्ज है। इसके बाद मध्यप्रदेश व राजस्थान ने नोटिफिकेशन किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि देश-प्रदेश से टीबी उन्मूलन का एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों का चिन्हीकरण व इलाज किया जाए। इसी के मद्देनजर केंद्रीय टीबी डिवीजन ने सभी प्रदेशों को 2024 की शुरुआत में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य तय किया था। उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य दिया गया था।

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, 31 दिसंबर 2024 तक प्रदेश में 6 लाख 73 हजार टीबी मरीजों की पहचान हुई। इन सभी का इलाज शुरू हो चुका है। टीबी नोटिफिकेशन के लक्ष्य को छू पाने में प्राइवेट डाक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। प्रदेश में ढाई लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डाक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं।



उत्तर प्रदेश के बाद महराष्ट्र में सवा दो लाख मरीजों का पंजीकरण हुआ। तीसरे नंबर पर बिहार में दो लाख मरीज चिन्हित किए जा सके। मध्य प्रदेश में 1.78 लाख व राजस्थान में 1.70 लाख मरीजों का चिन्हीकरण हुआ।

राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम जैसे हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान व दस्तक अभियान चलाए गए जिससे हम ज्यादा से ज्यादा टीबी के लक्षण वाले मरीजों को खोज पाए। इस वक्त 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है जिसके माध्यम से उच्च जोखिम वाले व प्रिजेम्टिव टीबी वाले केसों को खोजने पर पूरे विभाग का ध्यान केंद्रित है। टीबी का उन्मूलन प्राइवेट डाक्टरों की सहभागिता के बिना नहीं हो सकता। यह एक कड़वा सच है। उत्तर प्रदेश में मथुरा, आगरा, कानपुर, गोरखपुर व झांसी ने इस मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली व गाजियाबाद में भी प्राइवेट डाक्टर सक्रियता दिखा रहे हैं लेकिन श्रावस्ती में बीते साल सिर्फ 44 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इसके अलावा महोबा में 255, सोनभद्र में 374, चित्रकूट में 376, हमीरपुर में 380, कन्नौज में 444, सुलतानपुर में 444, अमेठी में 447, संतरविदास नगर में 456, चंदौली में 488 और कानपुर देहात में सिर्फ 468 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इन जनपदों में प्राइवेट डाक्टरों की प्रतिभागिता बढाए जाने की जरूरत है।

# कारीकोट में नहीं बनेगा हेलीपैड, पर्यटन विभाग ने किया कैंसिल

**सम्पर्क मार्ग बेहतर न होने से रद्द की निर्माण की योजना**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**


संजय कुमार उपजिलाधिकारी


बी शिव शंकर डीएफओ

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को लखनऊ और अन्य महानगरों से हवाई सेवा से जोड़ने के लिए कारीकोट गांव में हेलीपैड निर्माण के लिए जमीन चिन्हित की गई थी। लेकिन सड़क मार्ग ठीक न होने के चलते पर्यटन विभाग ने रद्द कर दिया गया है। अब नए सिरे से जगह की तलाश की जा रही है। लेकिन अभी तक हेलीपेड निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश नहीं हो सकी है। प्रदेश सरकार की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दुधवा नेशनल पार्क के साथ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए कवायद लगभग तीन वर्ष शुरू की थी। जिससे लखनऊ और अन्य महानगरों के पर्यटक कम समय में आसानी से जंगल का भ्रमण हवाई मार्ग से कर सकें। इसका लाभ लखीमपुर जिले के लोगों को मिला है। लखीमपुर खीरी में स्थित दुधवा नेशनल पार्क को पर्यटन सेवा से जोड़ दिया गया है। वहां हवाई यात्रा शुरू कर दी गई है। इसी तरह जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को भी हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए हैलीपेड निर्माण के लिए मोतीपुर तहसील के ग्राम कारीकोट में जमीन चिन्हित की गई थी। लेकिन कारीकोट से जंगल आने जाने तक की सड़क सुविधा बेहतर नहीं है। इसके चलते पर्यटन विभाग ने कारीकोट गांव में हेलीपैड निर्माण कार्य रद्द कर दिया है। ऐसे में अब तहसील प्रशासन की ओर से दूसरे क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि कारीकोट गांव जमीन तलाश कर जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा गया था। लेकिन जमीन के आसपास बेहतर मार्ग न होने के चलते हेलीपैड निर्माण नहीं शुरू हुआ। साथ ही जमीन को हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त न मानते हुए पर्यटन विभाग ने प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। ऐसे में कतर्नियाघाट को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए जिले के लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

**90 बीघा जमीन की है तलाश**

उपजिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि हेलीपैड निर्माण के लिए 90 बीघा जमीन की तलाश है। पहले के प्रस्ताव को पर्यटन विभाग ने रद्द कर दिया है। ऐसे में इतनी जमीन एक ही स्थान पर हो, इसके लिए तहसील के सभी ग्राम पंचायतों में स्थित जमीन की जांच की जा रही है।

> रेवेन्यू विभाग देगा जमीन- कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को हवाई मार्ग से जोड़ने की कवायद चल रही है। हवाई मार्ग के लिए हेलीपेड निर्माण की जमीन तहसील प्रशासन देगा। मुझे सिर्फ जंगल की दूरी की रिपोर्ट बनाकर भेजनी रहेगी। कारीकोट गांव जंगल से दूर है। जिसकी एनओसी दे दी थी, लेकिन पर्यटन विभाग ने उस जमीन को उपयुक्त नहीं माना है।
>
> **बी शिव शंकर, डीएफओ**

# धार्मिक स्थलों में पूजा-पाठ करने के लिए परिवार संग निकला शिक्षकों का समूह

**मथुरा, वृंदावन,नन्द गांव,बरसाना सहित विभिन्न मंदिरों मे करेंगे पूजा अर्चना**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



नई बस्ती बक्शीपुरा निकट रणजीत सिंह स्कूल निवासी शिक्षकों का समूह अपने परिवार संग मथुरा स्थित विभिन्न मंदिरों,यमुना नदी, गोबर्धन पर्वत, वृन्दावन, नन्द गांव,बरसाना,आदि धार्मिक स्थलों में विधिवत पूजा -पाठ करने के लिए मोहल्ला स्थित माँ वैष्णव देवी मन्दिर के मुख्य अर्चक हरिनारायण शुक्ल से आशीर्वाद लेकर धार्मिक स्थलों के लिए रवाना हुआ। धार्मिक यात्रा की अगुवाई कर रहे शिक्षक शिव शंकर पाठक, चंद्रकेश यादव, व राजेश कुमार मिश्र ने बताया की आगामी 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश हैं, विद्यालय पूर्णतयः बंद हैं। शीत कालीन अवकाश का सदुपयोग देश में सुख -शान्ति, अमन चैन,तरक्की के लिए विधिवत धार्मिक पूजा - पाठ की जाएगी। धार्मिक टीम में शिक्षक शिव शंकर पाठक, चन्द्रकेश यादव, राजेश कुमार मिश्र, दादू तिवारी, नीलम पाठक, उमा पाठक, प्रमिला यादव, माही, कान्हा, रेखा मिश्रा, वंदना समेत कुल 11 सदस्य धार्मिक स्थलों के लिए रवाना हुए।

# धूमधाम से कल मनाई जाएगी पूर्व मंत्री पंडित सिंह की जयंती



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री पंडित सिंह की जन्म-जयन्ती का कार्यक्रम 7 जनवरी को होटल सूरज कॉन्टीनेंटल में सम्पन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में धार्मिक गुरु, समाजसेवी, शिक्षाविद के साथ-साथ प्रदेश स्तर के समाजवादियों का जमावड़ा होगा। पूर्व-मंत्री के पुत्र सूरज सिंह ने बताया कि जन्म-जयन्ती को अमरत्व परम्परा नाम दिया गया है, स्मृतिशेष पंडित सिंह जी का जन्मदिवस उनके शुभचिंतकों ने पिछले पचीस वर्षों से मनाया है अब जन्म-जयन्ती मनायी जायेगी। सूरज सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, वर्तमान परिवेश पर नाट्य रूपान्तर आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। जनपद की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के कई सांसद, विधायक एवं अन्य नेतागण शामिल होंगे।

# ठंड से बचने को प्रशासन की तैयारी नाकाफी


जिला चिकित्सालय व रैन बसेरे के सामने का लगा हीटर


रैन बसेरे के अंदर

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष नहीं जला पूरे नगर में अलाव ठंड से ठिठुर रहे हैं नगर वासी सर्वे में सिर्फ दो जगह दिखाई पड़ा गैस हीटर नंबर एक बस स्टॉप के पास रैन बसेरे के सामने और दूसरा जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी के सामने इसी प्रकार अलाव भी ददुआ बाजार चौराहे के पास रैन बसेरे के सामने जिला चिकित्सालय में तथा गोंडा बस स्टॉप के पास इस वर्ष अलाव की संख्या बहुत ही कम दिखाई दी कुछ दिनों पहले जिलाधिकारी का एक बयान आया था।

जिसमें उनके द्वारा बताया गया था कि गैस हीटर जिले में चार जगह लगाए गए हैं लेकिन समृद्धि न्यूज़ की सर्वे में सिर्फ दो जगह दिखाई पड़ा जिसमें रैन बसेरे के सामने का जो गैस हीटर था।

उसमें गैस भरी थी और तेज जल रहा था लेकिन जो जिला अस्पताल में इमरजेंसी के सामने रखा हुआ था गैस हीटर उसमें गैस न के बराबर थी और बहुत धीमे-धीमे जल रहा था शेष दो गैस हीटर कहां लगे हैं इस बात की जानकारी नहीं हो पाई।

## घर के बाहर बकरी गई तो महिला को पीटा, वीडियो वायरल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के ग्राम पंचायत कारोकोट निवासी एक महिला की बकरी पड़ोसी के घर के सामने चली गई। इससे नाराज लोगों ने महिला की पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कारीकोट के मजरा राजाराम टाडा गांव निवासी पूजा देवी पत्नी राजेश कुमार बकरी पाल रखी हैं। शनिवार को बकरी पड़ोसी के घर के सामने चली गई। इससे सभी नाराज हो गए। महिला को अन्य महिलाओं ने जमकर पीटा। जिससे महिला घायल हो गई। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। थानाध्यक्ष हरीश कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# पुलिस ने मध्य रात्रि चलाया ग्रैंड चेकिंग अभियान



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में बढती ठण्ड व कोहरे के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु रात्रि 12:30 बजे से 2:30 बजे तक ग्रैंड चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारी व चौकी/हल्का प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गयी तथा जनपदीय पुलिस द्वारा चौराहों,संवेदनशील क्षेत्रों व जनपदीय सीमा पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों को चेक किया गया।

# सांसद ने छात्रों को वितरित किया स्मार्ट फोन

**बोले देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका**

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



पं अशोक कुमार मिश्रा स्मारक महाविद्यालय अशोक नगर खुटेहना में रविवार को परास्नातक उत्तीर्ण हुए छात्रों को स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच सांसद आनंद गौड़ रहे।सांसद ने 122 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए।अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि अब बच्चों की शिक्षा तकनीकी ज्ञान पर आधारित हो गई है। तकनीकी ज्ञान से शिक्षा ग्रहण करने में लोगों को मदद मिलती है। नवाचार के युग में तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने को लेकर सभी प्रकार के उपक्रम कर रही है। टैबलेट व स्मार्टफोन बच्चों की पढ़ाई में काफी मददगार साबित होंगे।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक समय प्रसाद मिश्र,राम उदार मिश्र पूर्व प्रधान,जिलेदार वर्मा प्रधान,राम भवन मिश्र,बृजेश,सुभाष यादव, सहित विद्यालय के स्टॉफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## न्यू लोक कल्याण समिति ने असहायों को कराया भोजन

**कालपी,जालौन।** समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति ने रविवार को भोज का आयोजन किया जिसमें गरीबों और असहायों को भोजन कराया गया। रविवार को संस्था के अध्यक्ष के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में करीब एक सैकड़ा गरीब, असहाय और विकलांग व्यक्तियों को भोजन कराया गया। इस दौरान संस्था के सदस्य आशुतोष मिश्रा और अमर सिंह चंदेल ने कहा कि सर्दी का मौसम है ऐसे में गरीब और असहाय लोगों के आगे खाने पीने की समस्या बढ़ गई है जिसके चलते इस भोज का आयोजन किया गया था। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि दिसम्बर माह में कड़ाके की ठंड को देखते हुए डेढ़ सैकड़ा लोगों को कंबल वितरित किए गए थे। उन्होंने कहा कि संस्था हर साल की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब, असहाय और विकलांग व्यक्तियों को कंबल वितरित करेगी।

# समाधान दिवस पर जंग का मैदान बना तहसील परिसर पयागपुर

**लेखपाल संघ और अधिवक्ता संघ के बीच हुआ घमासान, लेखपाल संघ एंटी करप्शन टीम द्वारा किए जा रहे कार्यवाही के विरोध में धरने पर बैठे थे**

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



तहसील पयागपुर में शनिवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ फरियादियों की शिकायत सुनना शुरू किया।उसी समय लेखपाल संघ द्वारा तहसील परिसर में एंटी करप्शन टीम द्वारा उन पर किए जा रहे कार्यवाही के विरुद्ध धरने का आयोजन किया गया था। धरने पर बैठे लेखपालों के नारेबाजी के बीच धरना स्थल के सामने सरकारी गाड़ी खड़ी करने को लेकर ड्राइवर से विवाद हो गया। लेखपाल वहां गाड़ी खड़ा करने से मना कर रहे थे। ड्राइवर के साथ लेखपालों ने गाली गलौज व मारपीट किया । ड्राइवर एक वकील का बेटा था ,इससे वकील संघ भी एक जुट हो गया।

दोनों संघ के बीच घमासान शुरू हुआ ,शोरगुल बढ़ता देख थाना प्रभारी पयागपुर करुणाकर पांडेय व विशेश्वरगंज नवीन कुमार सिंह ने मोर्चा संभाला। दोनों पक्षों को समझाने में जुटी पुलिस को भी सफलता नहीं मिली। मामला जिलाधिकारी मोनिका रानी के सामने पेश किया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारी ,दो वकील व पुलिस एसएचओ की टीम बनाकर जांच करने के लिए उपजिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार को निर्देशित किया।

# तालाब में फैलायी जा रही गंदगी से दूषित हो रहा नल का पानी

**धानेपुर /गोंडा समृद्धि न्यूज़**



मिली जानकारी के अनुसार ठठेरी मोहल्ला धानेपुर मे गाटा संख्या 844 मे तालाब है, जिसमे बाजार का आधा पानी गिरता है। उक्त तालाब मे कुछ लोगो ने बढ़कर मकान बनवा लिया है। शीतला प्रसाद मोहल्ला वासी ने कई बार शासन, प्रशासन, जनसुनवाई, तहसील दिवस को शिकायती पत्र दे कर अवैध कब्जे के बारे मे अवगत कराया। हल्का लेखपाल गलत आख्या देकर खाना पूर्ति कर देते है। अवैध कब्जेदारों को रोका नहीं गया। अभी निर्माण कार्य हो रहे है कई लोगो का शौचालय भी तालाब मे खुला है। जिससे नल का पानी भी प्रदूषित आ रहा है।

# निशान यात्रा में शामिल हुए लोग, फूलों की हुई वर्षा

**कैसरगंज मे निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



कैसरगंज नगर में रविवार को खाटूश्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते रहे। निशान यात्रा का कस्बे में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।शोभा यात्रा में करीब एक हजार ध्वज हाथों में लिए महिला व पुरुष श्रद्धालु चल रहे थे। निशान यात्रा कार्यक्रम सब्जी मण्डी से होती हुई तहसील गेट तक पहुची वंहा से होते हुए यह यात्रा हनुमान मन्दिर के निकट पहुंची जंहा श्रदालुओ ने पुष्प वर्षा कर इस निशान यात्रा स्वागत किया। वहा डीजे गाड़ी के आगे ध्वज लिए श्रद्धालु, बाबा खाटू श्याम के गीतो पर थिरकते रहे। सैकडो की संख्या मे महिलाओ की भी भागीदारी रही।

निशान यात्रा निकलने से पूरा कस्बा भक्ति रस मे डूब गया। हनुमान मन्दिर होते हुए निकली इस यात्रा मे जगह जगह पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरित किया गया।

पूरा रास्ते श्रदालु खाटू श्याम के जयकारे लगाते रहे।निशान यात्रा का समापन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर हुआ जंहा सैकडो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,कार्यक्रम संयोजक अरविंद यज्ञसेनी, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, शिवसहाय सिंह, बुद्ध सागर गुप्ता,ओम प्रकाश पारीक, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी,नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट,मनीष श्रीवास्तव,सुनील रस्तोगी, रतन पारीक,नानबच्चा सोनी, पवन सिंह,आशु सोनी, अनिल सोनी, उमा प्रताप सिंह, अतुल यज्ञसेनी, श्यामजी, प्रफुल्ल राज सिंह, भरत कौशल, आलोक जयसवाल, गुलाब सिंह, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, रीतेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, हरिद्वारी गुप्ता,सत्यम सोनी, उमा प्रताप सिंह, विनोद जैन, हीरालाल, बद्रीबाबा, अरविंद श्रीवास्तव, सहित सैकडो संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो बाइक, ठेलिया जली



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के मोहल्ला तमोली टोला में एक ग्रामीण के मकान में आग लग गई। जिसके चलते दो बाइक समेत अन्य सामान जलकर राख हो गई। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया।

रवल रोड थाना क्षेत्र के नगर पंचायत जरवल के मोहल्ला तमोली टोला निवासी हरीराम निषाद उर्फ नकोड़े का फूस का मकान बना हुआ था। मकान में शनिवार रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई।

रात दो बजे लगी में दो बाइक, दो ठेलिया, साइकिल, 40 किलो पाइप, 10 बोरी रस्सी, दो टंकी और दवा स्प्रे करने वाली समेत अन्य सामान जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग में तीन लाख से अधिक की संपति का नुकसान हुआ है।

# किसानों को सम्मान निधि लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री कराना होगा जरूरी

**फत्तेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सीएचसी संचालक नवीन राज करसा भारी ग्राम मिर्जापुर मे कैम्प लगाकर किसानो की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कई दिनो से कर रहे थे उसी मे अनिल कुमार रावत पुत्र बाबूराम रावत की जमीन गाटा संख्या 265 गांव के ही अनिल कुमार वर्मा के नाम फार्मर रजिस्ट्री में संलग्न कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मिर्जापुर में शिव मंगल वर्मा के दरवाजे पर कैम्प लगाकर नवीन राज सीएचसी संचालक निवासी ग्राम करसाभारी तहसील फत्तेहपुर बाराबंकी जो कई दिनों से किसान फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रत्येक किसान से 150 रूपये लेकर कर थे उसी कैम्प मे अनिल कुमार वर्मा पुत्र बाबूराम वर्मा निवासी मिर्जापुर अपने कागजात लेकर फार्मर रजिस्ट्री करवाने गए। बिना किसी जांच पड़ताल किए इसी गांव के निवासी अनिल कुमार रावत पुत्र बाबूराम रावत की गाटा संख्या 265 जबकि इनकी खतौनी मे अनिल कुमार निवासी लहसी दर्ज है। क्योंकि अनिल कुमार रावत पूर्व में ग्राम लहसी मे निवास करते थे वह जमीन अनिल वर्मा के नाम फार्मर रजिस्ट्री में संलग्न कर दी।अनिल कुमार रावत जब अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवाने कस्बा फत्तेहपुर सीएचसी पर पहुंचें तो सीएचसी संचालक ने बताया की आपकी गाटा संख्या 265 पहले से अनिल कुमार वर्मा मिर्जापुर के नाम फार्मर रजिस्ट्री में संलग्न दिखाई दे रही है आपकी रजिस्ट्री नही हो सकती।

जिसपर अनिल कुमार रावत ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील फत्तेहपुर में प्रार्थना देकर अपनी जमीन गाटा संख्या 265 को सीएचसी संचालक द्वारा दूसरे के नाम कर दी गई को दोषियो के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर गलत फार्मर रजिस्ट्री से हटवाने की मांग की।

# सांसद निधि के 50 लाख रूपये से होगी बैंक के जर्जर भवन की मरम्मत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच की 53वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक कृषि विज्ञान केन्द (प्रथम) बहराइच के सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, सभापति डॉ. जितेन्द कुमार त्रिपाठी, उप सभापति पवन कुमार सिंह एवं समस्त संचालक, सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेश कुमार मिश्र, बैंक प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का संचालन करते हुए बैंक के सभापति डॉ. त्रिपाठी एवं सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिश्र ने बैंक के द्वारा किए जा रहे व्यवसाय से अवगत कराते हुए बताया गया कि बैंक 03 प्रतिशत ब्याज दर पर समिति के सदस्यों को रू. 03 लाख तक का ऋण उपलब्ध करा रहा है।

जनपद बहराइच व श्रावस्ती के सभी किसानों को निर्बाध खाद व बीज आपूर्ति के लिये बैंक द्वारा 154 समितियों को रू. 10-10 लाख की कैश कैरी ऋण सीमा स्वीकृति की गयी है। बैंक लगातार 2017 से लाभ में है। सभापति डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि बैंक निकट भविष्य में अपने ग्राहकों को एटीएम, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अपने ग्राहकों को अधिकाधिक वित्तीय उत्पाद उपलब्ध कराने के क्रम में बैंक द्वारा हाउसिंग ऋण, वाहन ऋण, व्यापारी ऋण सीमा स्वीकृत करेगा। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि बैंक द्वारा भारत सरकार के सहयोग से सभी बी-पैक्सों का कम्प्यूट्राइजेशन कराया जा रहा है। सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा देश में 2.00 लाख डेरी मत्स्य व एम पैक्स बनाने के प्रस्ताव के क्रम में जनपद में पैक्स मत्स्य एवं डेरी समितियों का गठन किया जायेगा। जिससे जनपद के कृषक लाभान्वित होंगे।डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच की 53वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोड ने भारत सरकार के सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अन्तर्गत समितियों के डिजीटलीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की इस पहल से देश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी, मत्स्य व पैक्स का गठन करने से अन्नदाताओं का विकास होगा। सांसद डॉ. गोंड द्वारा बैंक के जर्जर भवन के मरम्मत हेतु सांसद निधि से रू. 50 लाख की धनराशि देने की घोषणा का मौजूद अतिथियों द्वारा तालियां बजाकर स्वागत किया गया।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मिश्र ने बैंक द्वारा किए गये व्यवसाय एवं प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए बैठक हेतु विचारणीय विषय/एजेण्डा को बार्षिक निकाय की बैठक में प्रस्तुत किया जिसका सर्वसम्मति से बैंक प्रतिनिधियों द्वारा अनुमोदन किया गया।

# डिप्टी डायरेक्टर ने कुंभ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

13 जनवरी से 26 फरवरी तक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले दिव्य एवं भव्य महाकुंभ की तैयारियों को लेकर रविवार को शाम तकरीबन 5ः00 बजे के आसपास डिप्टी डायरेक्टर स्थानीय निकाय विजेता कुमारी ने कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क में बनने वाले अस्थाई रैन बसेरे एवं बस स्टाफ सहित कस्बे में स्थित दयानंद महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर कुंभ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राम



आशीष वर्मा सहित नगर पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## तहसीलदार ने वृहद गौशाला का किया निरीक्षण

- शीतलहर से बचाव हेतु सुचारु रूप से व्यवस्था किये जाने को लेकर दिए निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी द्वारा वृहद गौशाला - बेलाखारा परगना व तहसील सदर रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में चारे इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था थी, इसके साथ ही पशुओं को शीतलहर से बचाव हेतु मौके पर



टीन शेड, तिरपाल तथा अलाव जलाने की व्यवस्था पायी गयी। उन्होंने भविष्य में शीतलहर से बचाव हेतु सुचारु रूप से व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया। इसके साथ ही पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि नियमितरूप से गोवंशो के स्वास्थ्य का परीक्षण करकर, देखभाल सुनिश्चित कराए।

इस मौके पर पशुचिकित्साधिकारी प्रशान्त, ग्राम प्रधान राजेश सोनी, ग्राम पंचायत अधिकारी सर्वेश मिश्रा, लेखपाल पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## टीबी के खिलाफ निकाली गई रैली 4647 पेशेंट की हुई स्क्रीनिंग

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रैली निकालकर किया गया जागरूक रोगियों को की गई जांच डॉक्टरों ने बताया क्षय रोग से बचने के उपाय। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदोई महराजगंज से रैली निकाल कर हरदोई गांव में टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।



महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया रैली ग्रामीणों को जागरूक किया गया है साथ-साथ टीबी से कैसे बचें और क्या-क्या सावधानियां अपनाएं इसके विषय में भी ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया 100 दिवसीय टीबी सघन अभियान के तहत आज दिनांक 5 1 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज द्वारा 20 उपकेंद्र पर निक्षय शिविर लगाकर 4647 टीवी पेशेंट की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 21 एक्स-रे 41 बलगम की माइक्रोस्कोपी 17 टूर्नाट किया गया ।

# दो किलोमीटर तक रेल इंजन में फसी रही बाइक, टला हादसा

- बंद रेलवे क्रासिंग को पार करते समय अचानक ट्रेन आ जाने से बाइक को ट्रैक पर छोड़कर भागा युवक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बंद रेलवे क्रासिंग को पार करते समय अचानक ट्रेन आ जाने से बाइक सवार बाइक को ट्रैक पर छोड़कर भाग गया। जिससे बाइक रेल इंजन में फंस गई और दो किमी तक ट्रेन के साथ बाइक घसीटती रही। ट्रेन रुकने के बाद बाइक को बाहर निकाला गया। यह हादसा ऊंचाहार प्रयागराज रेल खंड पर क्षेत्र के गांव दिगपाल का पुरवा मजरे अरखा के पास हुआ है। यहां पर पहले रेलवे क्रॉसिंग थी। कुछ



साल पहले रेलवे ने इस क्रॉसिंग को बंद कर दिया। इसके बावजूद लोग इस क्रॉसिंग से पैदल आवागमन करते हैं। रविवार की दोपहर एक युवक बाइक को पैदल लेकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी समय कानपुर से प्रयागराज जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन आ गई और जल्दबाजी में युवक की बाइक ट्रैक में उलझ गई। उसके बाद युवक बाइक को छोड़कर भाग गया। उधर ट्रेन आने पर बाइक इंजन में फंस गई और करीब दो किमी तक रेलवे ट्रैक में घसीटती रही। ट्रेन के लोको पायलट ने यह देखकर ट्रेन रोक दी और बाइक को इंजन से बाहर निकाला। मामले की सूचना अधिकारियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ ने बाइक को कब्जे में लिया है। उसके बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। इस बीच करीब आधा घंटा तक ट्रेन खड़ी थी। आरपीएफ प्रभारी राज बहादुर सिंह यादव ने बताया कि बाइक को कब्जे में लिया गया है, उसके स्वामी का पता लगाया जा रहा है। मामले में रेलवे अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## ग्राम प्रधान ने शासन द्वारा भेजे गए कंबलों का किया वितरण



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के बघेल ग्राम पंचायत के जूनियर हाई स्कूल में गरीब असहाय को ग्राम प्रधान द्वारा कंबल वितरण किया गया। शासन द्वारा भेजे गए कंबलों का वितरण ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल अंजनी कुमार द्वारा बघेल ग्राम पंचायत के जूनियर हाई स्कूल में किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों को कंबल बांटे गए।प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह ने बताया कि सैकड़ो गरीबों को इस कड़कड़ाती हुई ठंड से बचने के लिए शासन द्वारा भेजे गए कंबलों को आज बांटा गया है कंबल पकार लोगों ने शासन का धन्यवाद भी दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान ब्रिज देवी लेखपाल अंजनी कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

## बदमाशों ने सफाई कर्मचारी से मारपीट कर की लूट

- कार सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, मामला दर्ज
- घायल सफाई कर्मी का जिला अस्पताल में उपचार जारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र के भावपुर गांव में कार सवार बदमाशों ने एक सफाई कर्मचारी का अपहरण कर उसे बुरी तरह से पीटने और लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में लूट और अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घायल सफाई कर्मी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को




गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जमीनी विवाद को लेकर दिया घटना को अंजाम:** घटना 2 जनवरी की शाम करीब 5 बजे की है। सफाई कर्मचारी जय करण ड्यूटी समाप्त करके अपने घर लौट रहे थे। तभी गांव के पास स्थित प्राइमरी विद्यालय के नजदीक खड़ी एक कार से बदमाश उतरे और उन पर हमला कर दिया। दबंग की पिटाई से सफाई कर्मी का पैर व हाथ फैक्चर हुआ है। जानकारी मिली है कि जमीनी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। घायल सफाई कर्मी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। कार में वरुण पुत्र हीरालाल और उसके पांच अज्ञात साथी सवार थे। आरोपियों ने जय करण को रोका और उनसे कुछ बात करने के बहाने उन्हें गाड़ी में बैठा लिया।

**आरोपियों के खिलाफ लूट और अपहरण का मामला दर्ज:** जय करण की पत्नी निर्मला देवी के मुताबिक, उनके पति और वरुण के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। जमीनी विवाद के चलते बदमाशों ने जय करण को सुनसान जगह पर ले जाकर उन्हें बेरहमी से पीटा। इस हमले में जय करण के हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। बदमाशों ने न केवल मारपीट की बल्कि 15 हजार रुपये नकद और जय करण का मोबाइल फोन भी लूट लिया। पीड़ित की पत्नी निर्मला देवी ने पुलिस में तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट और अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुटी है।

## खबरें एक नजर में

### मिनी स्टेडियम में आशियाना क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली सीओ सिटी अमित सिंह ने। सलोन मिनी स्टेडियम ग्राउंड पर टूर्नामेंट क्रिकेट मैच उद्घाटन फीता काटकर किया। आशियाना क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सलोन के मिनी स्टेडियम ग्राउंड पर किया गया जिसमें सलोन मिनी स्टेडियम में उद्घाटन का पहला मैच उसरी वर्सेज रायबरेली के बीच खेला गया। जिसमें रायबरेली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया उद्घाटन मैच लीग मैच में रायबरेली की टीम ने 15 ओवरों में 176 रन बनाए जवाब में उसरी की टीम 120 रन ही बना पाई जिसमें शानदार प्रदर्शन रायबरेली की तरफ से सुफियान ने किया सुफियान ने 23 दिनों में 56 बनाकर तूफानी पारी खेली वह दो विकेट लिए वह मैन ऑफ द मैच भी घोषित किए गए है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीओ सिटी अमित सिंह, रायबरेली कोतवाली प्रभारी सलोन जितेन्द्र प्रताप सिंह, चेयरमैन चंद्रशेखर रस्तोगी, सुल्ली साहू, आकाश सिंह, कमेटी सदस्य मोनू जोशी, गप्पू, रोहित, गुफरान, रोहित साहू, समीर, शाहरुख, मुजब्बीर, रणजीत शर्मा, सगीर, उमेश जोशी, अजय श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

### बाबूजी की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कल्याण सिंह की जयंती पर भाजपायों ने संगोष्ठी का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे व



राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रह चुके विवादित बाबरी मस्जिद विध्वंस होने के समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को लोग प्यार से बाबूजी कहते थे। आज उनकी जयंती पर डॉक्टर मातादीन पासी के प्रतिष्ठान पर भाजपाइयों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत के मशहूर राजनीतिज्ञ कल्याण सिंह बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर भाजपा नेता राम अभिलाष लोधी, अमरपाल विश्वकर्मा, त्रिलोचन मौर्य, बब्लू लोधी, राम लखन सिंह, भगवानदीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी मारकर किया लहूलुहान

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** पड़ोसी के साथ पत्नी के अवैध संबंध होने के चलते पति के द्वारा मना करने पर पड़ोसी दो भाइयों एवं एक बहन ने युवक को कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसे बछरावां सीएचसी इलाज के लिए पहुंचाया गया। घटना बछरावां थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जब रविवार सुबह 9:00 बजे के आसपास घायल अवस्था में एंबुलेंस के द्वारा एक युवक बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां युवक का इलाज किया गया है। जानकारी प्राप्त हुई है कि पत्नी को पड़ोसी से अवैध संबंध बनाने पर मना करना युवक को भारी पड़ गया। पड़ोसी दो भाई एवं उनकी बहन तीन लोगों के द्वारा मिलकर युवक को लाठी डंडे तथा कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में युवक के परिजनों के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां युवक का इलाज किया गया है। वही पीड़ित पति के द्वारा थाने में तहरीर के माध्यम से शिकायत भी दर्ज कराई गई है। तहरीर के आधार पर युवक को मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। उक्त मामले की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### जूनियर बालिका वर्ग रेस में मधु वर्मा ने 1500 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेशीय ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन बलरामपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। सीनियर बालक वर्ग रेस में अदनान में 1500



मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग रेस में आशीष ने 1500 मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग रेस में मधु वर्मा ने 15,00 मीटर मे प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग रेस में अदनान में 1500 मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग रेस में आशीष ने 1500 मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग रेस में मधु वर्मा ने 1500 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग में नईमा ने 1500 मी टर में द्वितीय स्थान हासिल किया। कबड्डी सीनियर वर्ग बालक में रेहरा ब्लॉक मनीगढा उपविजेता रहा। भाला फेक में सीनियर में अमन ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग में शांति वर्मा ने 200 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त लंबीकूद, ऊंचीकूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक एवं वॉलीबॉल आदि खेलों का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में इरशाद अहमद, अरशद इसरार, सैय्यद मो कारी, नसीम अहमद, अमित कश्यप, संध्या गुप्ता, वंदना त्रिपाठी, जय, बृजेश, सुहेल अहमद, प्रदीप कुमार आदि अहम भूमिका व सहयोग रहा।

## आर्थिक मदद देने के नाम पर धर्म परिवर्तन, ईसाई मिशनरियों पर लगा आरोप

- ग्रामीणों ने ईसाई मिशनरी पर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का लगाया आरोप
- ग्रामीणों ने मिजोरम के रहने वाले दो युवकों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**हरचंदपुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में पैसे व इलाज का लालच देकर ईसाई मिशनरियों ने एक परिवार को धर्म परिवर्तन कर दिया। इसके बाद पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मिजोरम के रहने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने सम्बन्धित धारावों के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र अजमत उल्ला गंज गाँव का है। यहाँ पर रहने वाले नन्हू



सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह निवासी अजमत उल्ला गंज ने पुलिस थाने में तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व ईसाई मिशनरी से यह लोग आकर उन्हें रुपए देने का लालच देकर मुझको ईसाई धर्म में मिला लिया और मैं इनकी लालच भरी बातों में फंसता चला गया और गांव के आसपास के लोगों को भी जोड़ा। धीरे-धीरे दबाव इनका इतना बढ़ गया कि मैं परेशान होने लगा इनका कहना था कि जितना ज्यादा लोगों को जोड़ोगे तुमको उतना ही रुपया मिलेगा। मुझे बाइबल की किताब हाथ में रखकर लाल रंग का तरल पदार्थ पीने का दबाव बनाते हैं। जिससे शुद्ध होकर मुझे आत्मग्लानि हुई। जिसके कारण मैं अपने मूल संस्कृति सनातन धर्म में वापसी कर रहा हूं।

**पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को भेजा जेल:** ईसाई मिशनरी से जुड़े लालजी जेदांग पुत्र लाल मुकीम निवासी एचके 148 के सैंक्शन, आइजोल म्युनिसिपल कात्सिला मिजोरम और वनलाल हुमा पुत्र भाऊमलियाना गोसाई गंज लखनऊ ने दोनों के खिलाफ कठोर से कठोर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने की तहरीर दी है। हरचन्दपुर थाना इंचार्ज संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया गया है ।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2060 मरीजों का किया गया उपचार

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को जनपद बलरामपुर के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरिहरगंज में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया।

जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2060 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 875 पुरुष, 683 महिलाएं तथा 502 बच्चे शामिल हैं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कर रहे



चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को न तो बाहर की दवा और न ही बाहर की जांच लिखा जाय, यह सुनिश्चित किया जाए कि जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों को समस्त आवश्यक औषधियां व जांचे पीएचसी पर ही उपलब्ध हो।मौके पर डॉ जावेद अख्तर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज के स्टाफ मौजूद रहे।

## सीमांकन के वादों में हो रही देरी

- राजस्व निरीक्षक की उदासीनता से जनता को नहीं मिल पा रहा न्याय

**उतरौला (बलरामपुर)।** न्यायालय के आदेश के बावजूद सीमांकन के वादों में निरंतर हो रही देरी और राजस्व निरीक्षक की हठधर्मिता के कारण जनता को सस्ता और सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है। तहसील उतरौला में दर्जनों सीमांकन मामलों में आदेश के बाद भी निशान देही (पत्थर नसब) की कार्रवाई नहीं की जा सकी है, जिससे वादकारी तहसील के चक्कर लगाने के लिए विवश हैं। राजस्व संहिता अधिनियम 2006 के तहत कृषि भूमि के रकबे में कमी होने पर सीमांकन की व्यवस्था दी गई है, और

**प्रमुख मामलों की स्थिति**

**केस नं. 1–** रामप्यारे बनाम चौधरी (ग्राम परसौना एहत माली) और रामप्यारे बनाम मिथिलेश (ग्राम परसौना मुस्तहकम): इस मामले में छह वर्ष पहले आदेश हुआ था, लेकिन अभी तक निशान देही नहीं की गई है। दुखद यह है कि वादी की मृत्यु एक वर्ष पहले हो चुकी है।

**केस नं. 2–** गुड्डन बनाम मुस्लिम (ग्राम परसौना): इस मामले में छह महीने पहले न्यायालय का आदेश हुआ था, लेकिन राजस्व निरीक्षक ने पुलिस बल का बहाना बनाकर कार्यवाही पूरी नहीं की।

**केस नं. 3–** फात्मा बीबी बनाम जब्बार (ग्राम ईटई रामपुर): तीन महीने पहले के आदेश के बावजूद, यहां भी निशान देही की कार्रवाई नहीं हो पाई है।

ऐसे मामलों का निस्तारण उपजिलाधिकारी के न्यायालय पर 90 दिन के भीतर किया जाना चाहिए। लेकिन, न्यायालय के आदेश के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी इन मामलों में निशान देही की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण सीमांकन के मामलों में आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे वादकारी परेशान हैं। इस पर उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि जिन राजस्व निरीक्षकों ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी, कानून व्यवस्था और सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

**उतरौला (बलरामपुर)।** देशभर में बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और उन्हें निष्कासित करने का अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र में अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नगर और ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है।

इन विदेशियों ने क्षेत्र में अलग-अलग रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज की है। कुछ ने छोटे-मोटे कारोबार शुरू कर लिए हैं, तो कुछ कूड़ा बीनने, भीख मांगने और गुब्बारे बेचने जैसे कामों में लगे हैं। नगर क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी और डूडा कॉलोनी में इनका बसेरा है, वहीं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर स्थायी झुग्गी-झोपड़ी और घर भी बना लिए गए हैं। हालांकि इनका मुख्य काम कुछ भी हो, स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये अवैध निवासी चोरी, घरों की रेकी, और साम्प्रदायिक तनाव जैसे असामाजिक कार्यों में संलिप्त रहते हैं। पिछले वर्ष एक शॉपिंग मॉल में हुई अराजकता और बारावफात के जुलूस के दौरान आपत्तिजनक नारों से क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने में इनकी भूमिका बताई गई थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क किनारे और बाग-बगीचों में झुग्गियां बनाकर रहने वाले इन लोगों को राजनीतिक लाभ के चलते संरक्षण मिलता रहा है। यही कारण है कि इनकी गतिविधियों पर कार्रवाई करने में प्रशासन को कठिनाई होती है। अवैध रूप से रह रहे ये लोग, सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा रहे हैं, जिससे स्थानीय जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं। जब देश के अन्य हिस्सों में बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और डिटेक्शन सेंटर में भेजने की प्रक्रिया तेज है, तो उतरौला तहसील क्षेत्र में भी ऐसे कदम उठाने की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि इन विदेशियों की पहचान कर इन्हें डिटेक्शन सेंटर भेजा जाए। साथ ही, इनकी गतिविधियों की जांच कर कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

## शीतलहर से बचाव हेतु 70 परिवारों को वितरित किए गए कंबल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ठंड और शीतलहर से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम सकरा पाठक में आयोजित इस कार्यक्रम में उतरौला के विधायक रामप्रताप वर्मा और ब्लॉक प्रमुख उतरौला महिपाल चौधरी के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने 70 पात्र परिवारों को कंबल वितरित किए।

कार्यक्रम में उपस्थित उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा ने कहा कि शीतलहर के दौरान गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने शासन



द्वारा जारी राहत प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासनिक स्तर पर ठंड से बचाव के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि जो भी व्यक्ति सक्षम है, वह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए। ब्लॉक प्रमुख उतरौला महिपाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल ठंड से प्रभावित परिवारों के जीवन में थोड़ी राहत पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर सभी जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार उतरौला और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए क्षेत्र में अलाव जलाने और कंबल वितरण जैसी गतिविधियां नियमित रूप से जारी रहेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी जरूरतमंद परिवार सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहेगा। कंबल पाकर लाभान्वित परिवारों ने इस पहल के लिए विधायक, ब्लॉक प्रमुख और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस ठंड के मौसम में यह सहायता उनके लिए बेहद राहतकारी साबित होगी। कार्यक्रम के समापन पर स्थानीय अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को ठंड से बचाव के उपायों की जानकारी दी और सावधानी बरतने की अपील की। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक बनाने की मांग की ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंच सके।

## विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में ग्राम जगदेवा में बेसिक विद्यालय की कमी

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विकास खण्ड के श्रीदत्तगंज क्षेत्र स्थित ग्राम जगदेवा में शिक्षा की एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस गांव में किसी भी प्रकार का बेसिक विद्यालय नहीं है, जिसके कारण गांव के बच्चे अपनी बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए हर रोज़ दो किमी दूर स्थित समीपवर्ती विद्यालयों में जाना पड़ता है। ग्राम जगदेवा की जनसंख्या लगभग 2200 है, और यह ग्राम पंचायत 2015 में नई ग्राम पंचायत के रूप में गठित हुआ था। करीब दस वर्षों का समय बीत जाने के बाद भी यहां एक भी प्राइमरी अथवा उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण नहीं हो सका है। ऐसे में बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान और ब्लॉक प्रमुख द्वारा लगातार इस गांव में एक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने की मांग की जा रही है, लेकिन विभागीय अधिकारी इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, रमेश कुमार मौर्य, ने बताया कि ग्राम जगदेवा में बेसिक विद्यालय की अनुपस्थिति के बारे में शासन और उच्च अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने और निर्माण के लिए धन की स्वीकृति न मिलने के कारण विद्यालय भवन का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका है। ग्रामवासियों और बच्चों की शिक्षा में सुधार की दिशा में यह मुद्दा एक गंभीर समस्या बनकर सामने आया है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए इस समस्या का समाधान शीघ्र होना आवश्यक है। यदि यहां प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण किया जाता है, तो बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## यह उथल-पुथल का साल!

प्रधानमंत्री मोदी ने नए साल पर अमन-चैन, भाईचारे और आस्था की शुरुआत की है। उन्होंने अजमेर शरीफ के ख्वाजा के दर पर आस्था की चादर भिजवाई है। यह प्रधानमंत्री की 11वीं चादर है, जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और कुछ सचिव स्तर के बड़े अधिकारी लेकर अजमेर गए हैं। अजमेर से पहले रिजिजू ने दिल्ली में निज़ामुद्दीन औलिया की पाक दरगाह पर चादर चढ़ाई। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कोशिश तब की है, जब कुछ हिंदूवादी संगठनों ने अजमेर की पाक दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का दावा किया है। उस शिवालय को ध्वस्त करके मुगलों ने अजमेर की मस्जिद और दरगाह बनाई थी। हालांकि अजमेर शरीफ में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू इबादत करने, चादर चढ़ाने जाते रहे हैं। इस रवायत को नजरअंदाज कर केस अदालत में भी दर्ज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आस्था की चादर से हिंदू-मुस्लिम पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। कुछ हिंदूवादी चेहरे प्रधानमंत्री से नाराज भी बताए जा रहे हैं और वे अजमेर-संभल समेत कुछ इलाकों की मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने पर आमादा हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुदाई के काम जारी हैं। क्या सर्वोच्च अदालत संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगी? क्या भाजपा वाले सरसंघचालक मोहन भागवत की अपील का भी विरोध कर सकते हैं? क्या उनमें ऐसा दुस्साहस है? सरसंघचालक चाहते हैं कि अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हरेक मस्जिद के नीचे शिवालय, महादेव का मंदिर ढूंढना बंद किया जाए। इन गतिविधियों से कोई भी व्यक्ति 'हिंदुओं का नेता' बनने का भ्रम न पाले।

बहरहाल यदि शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो संभव है कि नए साल में, देश में, संविधान का संकट भी उभर सकता है! कुछ तत्त्व न तो प्रधानमंत्री की सुन रहे हैं, न संसद की बात मानना चाहते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत का फैसला उन्हें स्वीकार्य है, नतीजतन क्या होगा? यदि देश में संविधान का संकट सामने आता है, तो हमारे लोकतंत्र की तमाम व्यवस्थाएं सवालिया हो सकती हैं! यानी गणतंत्र ही दांव पर लगाया जा सकता है! इसी साल वक्फ बोर्ड और 'एक देश, एक चुनाव' सरीखे विवादित बिल भी संसद में पारित किए जाने हैं। इन बिलों पर देश की राजनीति बिलकुल विभाजित है और सांप्रदायिक तनाव और हिंसा के हालात भी स्पष्ट हैं। सवाल है कि क्या 2025 सांप्रदायिक, वैचारिक आधार पर उथल-पुथल का साल साबित होगा? इसी साल दिल्ली, बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा दिल्ली के उपराज्यपाल के दफ्तर ने धार्मिक स्थलों को तोडने के संदर्भ में जो रहस्योद्घाटन किया है, उससे भी राजनीति बेहद गरमाएगी। उपराज्यपाल सचिवालय ने खुलासा किया है कि 8 फरवरी, 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 9 मंदिरों को गिराने की सिफारिश की थी। ऐसी ही सिफारिशें दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और गृहमंत्री सत्येन्द्र जैन ने भी की थीं।

# राष्ट्रवाद और धार्मिक कट्टरता के मध्य बौद्धिक संतुलन की आवश्यकता

**संजीव ठाकुर**

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा हैस वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती हैस लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है। देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं। राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैस जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती हैस अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है।

किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादीता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंस भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंस यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित



भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है।

लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंस लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैंस अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा।

**विचार**

# कैसे लीक मुक्त होगी प्रतियोगी परीक्षाएं

**प्रेम शर्मा**

हर वर्ष कहीं न कहीं प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षा के पर्चे लीक होने की खबरे आती रही है। इसके चलते कई बार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होता है। लम्बे अरसे से बेरोजगारों की उम्र अर्हता समाप्त होने जैसी तमाम समस्याएं सामने आ रही है। बीते वर्ष नीट को लेकर पैदा हुआ विवाद अब तक का सबसे लंबा चला विवाद था। पिछले कुछ समय से प्रतियोगी परीक्षाओं में पर्चालीक, धांधली और अपारदर्शिता के आरोप लगातार लगते रहे हैं।



इसे लेकर छात्र आंदोलन पर उतरते, अदालतों के दरवाजे खटखटाते देखे जाते हैं। बीता वर्ष शिक्षा के मामले में सबसे अधिक इसीलिए सुर्खियों में रहा कि उस दौरान लगातार परीक्षाओं पर विवाद उठते रहे। चाक-चौबंद माने जाने वाले राज्य सेवा आयोगों की परीक्षाओं में भी पर्चालीक की घटनाएं हुई। इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए कराई जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर गंभीर आरोप लगे। कर्मचारी चयन आयोग, पुलिस भर्ती परीक्षा, यूजीसी की पात्रता परीक्षा आदि में पर्चाफोड़ के मामले सामने आए। कई परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं। कई पर्चो लीक करने वाले गिरोह पकड़े गए। उत्तर प्रदेश राज्य सेवा आयोग की परीक्षा में सामान्यीकरण के प्रावधान पर उठा विवाद के बीच बिहार राज्य लोक सेवा आयोग ने भी ऐसा ही फैसला सुना दिया, जिसे लेकर छात्र आंदोलन पर उतर आए।फिर बिहार राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में पर्चालीक के तथ्य उजागर हो गए। इसे लेकर कुछ केंद्रों पर फिर से परीक्षा कराने का फैसला किया गया। मगर छात्रों ने मांग उठा दी कि पूरी परीक्षा दुबारा कराई जाए, ताकि परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे। इस जायज माांग को रोकने के लिए बिहार सरकार ने छात्रों के खिलाफ दमन का रास्ता अख्तियार किया। इस तरह की घटनाओं से प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित कराने वाले संस्थानों और उनकी पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर से युवाओं का भरोसा कमजोर हो चुका है। शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने के मकसद से राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए

**शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने के मकसद से राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए का गठन किया गया। दावा किया गया कि प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा। मगर अपने गठन के शुरूआती चरण से ही यह एजंसी लगातार विवादों के घेरे में बनी हुई है। बहरहाल बीते वर्ष नीट परीक्षा का मामला उजागर होने के बाद भारत सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 को अधिसूचित कर कानून को 21 जून 2024 से लागू कर दिया है। कानून का उद्देश्य विभिन्न सरकारी,सार्वजनिक क्षेत्रो के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं के खतरे को रोकना है।**

का गठन किया गया। दावा किया गया कि प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा। मगर अपने गठन के शुरूआती चरण से ही यह एजंसी लगातार विवादों के घेरे में बनी हुई है। बहरहाल बीते वर्ष नीट परीक्षा का मामला उजागर होने के बाद भारत सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 को अधिसूचित कर कानून को 21 जून 2024 से लागू कर दिया है। कानून का उद्देश्य विभिन्न सरकारी,सार्वजनिक क्षेत्रो के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं के खतरे को रोकना है।

इस अधिनियम के तहत सभी अपराधों को संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-शमनीय बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत अनुचित साधनों और अपराधों का सहारा लेने वाले किसी भी व्यक्ति को कम से कम तीन साल की कैद की सजा , जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है का प्रावधान है। इसके अलावा दस लाख रुपये तक के आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। जुर्माने का भुगतान न करने की स्थिति में, भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार अभियुक्त कारावास की अतिरिक्त सजा दी जा सकती है ।

कानून यह भी प्रावधान करता है कि जब तक भारतीय न्याय संहिता, 2023 को लागू किया नहीं किया जाता तब तक भारतीय दंड संहिता के प्रावधान, लागू होंगे।इस कानून के अनुसार सेवा प्रदाता को एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाकर दंडित किया जा सकता है और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी ऐसे सेवा प्रदाता से वसूली जाएगी। इसके अलावा ,सेवा प्रदाता को अगले चार साल की अवधि तक किसी भी सार्वजनिक परीक्षा को आयोजित करने पर रोक होगा।यदि निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधन या सेवा प्रदाता फर्म के प्रभारी व्यक्ति कदाचार के दोषी हैं तो उन्हें कम से कम तीन साल की कैद की सजा होगी, जिसे दस साल तक बढ़ाया जा सकता है और एक करोड़ तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अब एक सवाल फिर जेहन में समाने आता है कि लम्बे असरे से प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे लीक होने के कारण लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। यही नही सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने में विलंब के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। ऐसे में, जो भर्ती प्रक्रिया शुरू भी होती है, उसमें पारदर्शिता न होने के कारण लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना रहता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवा बरसों बरस मेहनत करके तैयारी करते हैं, मगर कुछ चालबाज और शातिर सेंधमारी कर उनमें अयोग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश कराने का प्रयास करते हैं, तो योग्य युवाओं की सारी मेहनत बर्बाद चली जाती है।इसमें धन और समय की बर्बादी के साथ-साथ बहुत सारे युवाओं का पूरा जीवन ही अंधकारमय हो जाता है। परीक्षाओं के टलते रहने या देर से भर्तियां निकलने के कारण जिन युवाओं की अधिकतम आयु सीमा पार हो जाती है, उनके दर्द को कौन महसूस करेगा।

# पिता का पजामा पेंट या धोती फटी है,तो हमारी ब्रांडेड पहनी चीजों पर गर्व नहीं शर्म होनी चाहिए

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता में आस्था जग प्रसिद्ध है। अपने माता-पिता और बड़े बुजुर्गों का जितना सम्मान भारतीय संस्कृति में सदियों से प्रवाहित हो रहा है, शायद दुनियाँ में कहीं नहीं देखने को मिलेगा। परंतु दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि माता-पिता बड़े बुजुर्गों के सम्मान की इतनी धारदार कट्टरता अभी कुछ वर्षो से तीव्रता से कम होती जा रही है। याने पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारतीय समाज में तीव्रता से बढ़ती जा रही है। आज माता- पिता अपने बच्चों को अपना पेट काटकर ऊंचे से ऊंची शिक्षा दिलाकर डॉक्टर इंजीनियर सीए सहित अनेक प्रोफेशनल डिग्रियां दिलाकर उच्च मुकाम पर पहुंचा रहे हैं। परंतु कुछ अपवादों को छोड़कर इन्हें नवयुवकों द्वारा अपने भविष्य, अपनी जिंदगी, अपनी लाइफ स्टाइल के नाम पर बड़े शहरों, विदेशों में जॉब के नाम पर जाकर वही सेट हो जाते हैं। अनेक युवा वही शादी कर लेते हैं तो कुछ अपने नाटिव स्थान पर शादी करके फैमिली सहित वापस बड़े शहर या विदेश में चले जाते हैं और बेचारे मां- बाप वही अपनी तंगी हालत में जीते हैं। ऐसे अनेक हकीकत किस्से हर शहर, गांव में आम होते जा रहे हैं हमारी कॉलोनी में भी कई किस्से मेरी नजरों के सामने हैं जो बेचारे फटी पेंट या धोती पहन कर गुजारा कर रहे हैं और उनके बच्चे ब्रांडेड चीजों को वापरकर अपनी पाश्चात्य लाइफ स्टाइल जी रहे हैं जिसका कोई फायदा नहीं है। मेरा मानना है कि ऐसे युवक इस नाइंसाफी का बीज बो रहे हैं जो आगे चलकर अपने बच्चों से वटवृक्ष के रूप में परेशानियों से भरा पाएंगे।इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों वृद्धजनों का सम्मान और उनकी देखभाल करें।

साथियों बात अगर हम आध्यात्मिक आस्था की करें तो, हम लोग पूजा-पाठ बहुत करते हैं, लेकिन हमें सकारात्मक फल नहीं मिल पाते हैं। मेरा मानना है कि सिर्फ पूजा से जीवन में सुख-शांति नहीं मिल सकती है। अपना आचरण भी अच्छा बनाए रखना जरूरी है। हम लोग माता- पिता का सम्मान नहीं करते हैं और सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं, तो हमें सुख शांति नहीं मिल पाती है। देवी-देवता भी उन्हीं लोग पर कृपा करते हैं जो अपने माता- पिता का पूरा सम्मान करते हैं और उनके सुख-दुख का ध्यान रखते हैं। साथियों बात अगर हम हमारे शास्त्रों में बुजुर्गों के सम्मान की करें तो,यजुर्वेद का उल्लेख, हमारे शास्त्रों में भी बुजुर्गों का सम्मान करने की राह दिखलायी गई है यजुर्वेद का निम्न मंत्र संतान को अपने माता-पिता की सेवा और उनका सम्मान करने की शिक्षा देता है- यदापि पोष मातरं पुत्रः प्रभुदितो धयान्। इतदगे अनृणो भवाम्यहतौ पितरौ ममां॥ अर्थात् जिन माता-पिता ने अपने अथक प्रयत्नों से पाल पोसकर मुझे बड़ा किया है, अब मेरे बड़े होने पर जब वे अशक्त हो गये हैं तो वे जनक-जननी किसी प्रकार से भी पीड़ित न हों, इस हेतु मैं उसी की सेवा सत्कार से उन्हें संतुष्ट कर अपा आनृश्य (ऋण के भार से मुक्ति) कर रहा हूँ। आज अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हम मनीषियों को को यह समझने की जरूरत है कि वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन, बड़े बुजुर्ग हमारे समाज की अनमोल विरासत होते हैं, उन्होंने अपने समाज और देश को बहुत कुछ दिया है। वह हमारी धरोहर हैं, अनुभवों का एक खजाना है जो किसी भी देश की उन्नति के लिए मूल्यवान मंत्र है जिसका सही दिशा में उपयोग किया जाए तो उस देश को सामाजिक- आर्थिक नैतिक संपन्नता से नवाज़ने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि उनके अनुभवों के साथ उनका आशीर्वाद भी काम करता है जिसमें स्वयं ईश्वर अल्लाह भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते इतनी ताकत होती है आशीर्वाद या दुआ में, इसलिए हमें चाहिए कि बड़े बुजुर्गों के अनुभवों और सीख़ से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम हों।



# राशिफल

**मेषः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।


**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# निराशा त्यागे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

दुनिराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैंस निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो होंस मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेस कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैस निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी।



हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैस जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है, बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंस सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंस मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए स यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैस जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैस यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है। मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंस सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएसइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मो में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैस और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैस भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैसऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शो तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफदौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# ग्राम पंचायत अनघौरा की गौशाला का उपजिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

▸ गरीबों, असहाय व बुजुर्गों को बांटें कंबल

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी के निर्देश पर गोवंश को ठंड से बचाव के लिए गोशालाओं में अलाव जलवाये गये। इसी के साथ भूसा, चारे आदि की पर्याप्त व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी चरखारी डॉक्टर प्रदीप कुमार ने आज चरखारी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अनघोरा गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

एसडीम ने ग्राम पंचायत अनघोरा में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन शेड, पॉलिथीन, साफ-सफाई गौशाला में चारों तरफ अलाव जलाने के निर्देश दिये, जिससे ठंड से गौवंश की सुरक्षा हो सके। एसडीएम ने निर्देशित किया कि ठंड से किसी भी गौ वंश की मृत्यू नहीं होनी चाहिए। भूसा-चारे, चोकर का भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए। भीषण ठंड और शीत लहर को देखते हुए ग्राम अनघौरा में ही उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा गरीब असहाय बुजुर्गों को कम्बल वितरण किए गए। जिससे गरीब व असहाय लोगों को शीतलहर से बचाया जा सकें। इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तीसरे दिन भी जारी पल्लेदारों की हड़ताल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पल्लेदारी बढ़ाने को लेकर चल रही पल्लेदारों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। जिससे किसानों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। साथ ही मंडी राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं गल्ला तिलहन व्यापार संघ द्वारा आज बुलाई गई बैठक शिव प्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता आढ़ती के आकस्मिक निधन के चलते टल गई। अब यह बैठक सोमवार को होने की उम्मीद है। पल्लेदार अपनी मजदूरी को बढ़ाने को लेकर गुरुवार को ऐलान कर शुक्रवार से हड़ताल शुरू की थी। जो रविवार को भी जारी रही। पल्लेदारों की हड़ताल के कारण अभी तक मंडी समिति को करीब चार लाख से अधिक का राजस्व के नुकसान हुआ है। वहीं बाहर से आए किसानों एवं व्यापारियों को तौल कराने में तमाम परेशानियां हो रही हैं। शीत लहर के कारण किसान मायूस होकर वापस घरों को लौट रहे हैं।

# आर्य समाज के कार्यक्रम में वेद मंत्र और भजनों से गूंजा सत्संग भवन

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



आर्य समाज भरुआ सुमेरपुर के सत्संग भवन में आयोजित साप्ताहिक यज्ञ कार्यक्रम आज भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा श्रीराम आर्य ने मुख्य यजमान रुबी आर्या के साथ मिलकर यज्ञ कार्यक्रम को पूर्ण किया। यज्ञ के उपरांत रुबी आर्या ने भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। गुरुकुल चोटीपुरा की ब्रह्मचारिणी अंशिका आर्या ने यजुर्वेद के अठारहवें मंत्र की विस्तृत व्याख्या की। इसके बाद रामनारायण आचार्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन चरित्र की प्रेरक कथा सुनाई। श्रीराम आर्य ने सत्यार्थ प्रकाश के 126वें मंत्र का वर्णन करते हुए आर्य समाज की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन आदर्श आर्य द्वारा आर्य समाज के दस नियमों और शांति पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्टजनों में श्रीराम आर्य, गंगा सागर, रामनारायण आचार्य, आदर्श आर्य, लोटन प्रसाद आर्य, बलिराम कुशवाहा, सुमेधा आर्या, रुबी आर्या, राधा आर्या, अवंती का आर्या आदि शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### सर्दी से पूर्व सीओ व उनके भाई की मृत्यु, शोक की लहर

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के सरसई गांव निवासी दो सगे भाइयों की बीती रात मौत हो गई क्षेत्र के सरसई गांव निवासी राजाराम वर्मा सीओ पद सेवानिवृत हो गए थे। तथा कानपुर में आवास बनाकर परिवार सहित निवास कर रहे थे। तथा गांव में आवागमन रहता था। उनकी तबियत खराब होने पर उनके बड़े भाई पूर्व प्रधान होरीलाल उनको देखने के लिए कानपुर गए थे। वहां से वापस आने पर उनकी तबियत बिगड़ गई। तथा बीती रात उनकी गांव में मौत हो गई। तथा उनके पुत्र राजेश कुमार ने बताया कि कानपुर से वापस आने पर सर्दी की चपेट में आ गए थे। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। तथा रात में उनकी मौत हो गई। वही कानपुर में रहने वाले रिटायर्ड सी ओ राजाराम वर्मा की कानपुर में एक घंटे बाद मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर सरसई लाया गया है। दोनो भाइयों की मिट्टी गांव में रखी है। कल उनका अंतिम संस्कार गांव में संपन्न होगा परिवार सहित गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

### दौड़ लगाने गया युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के चन्दपुरवा बुजुर्ग गांव में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा युवक सुबह दौड़ लगाने के लिए निकला और लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।चन्दपुरवा निवासी छोटेलाल कुशवाहा ने बताया कि उनका पुत्र जयप्रकाश रोजाना सुबह दौड़ लगाने जाता था। रविवार सुबह पांच बजे वह घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने संभावित स्थानों और मित्रों.रिश्तेदारों से पूछताछ कीए लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने युवक की तलाश के लिए पचखुरा खुर्द मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने की कार्रवाई शुरू की है। युवक की गुमशुदगी से परिवार चिंतित है।

### किसान यूनियन ने रोड जाम व धरना देने की चेतावनी दी

**मौदहा, हमीरपुर।** सोमवार की सुबह किसान यूनियन अराजनैतिक दल द्वारा प्रशासन की नाकामी से आहत होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर गोल चबूतरे में करने का निर्णय लिया है। किसान यूनियन अराजनैतिक दल के कोषाध्यक्ष रज्जू कुशवाहा ने बताया कि किसान हमेशा ही विषम परिस्थितियों से गुजरा रहता है कभी खाद की किल्लत तो कभी बीज की दिक्कत सिंचाई की समस्या इसके बावजूद भी परिश्रम करके अन्न का उत्पादन कर आम जनमानस की उदर पूर्ति करता है लेकिन करहिया गुरदाहा भैंस्ता रीवन सिजनौडा टेढ़ा पचखुरा कुरारा ब्लाक के सैकड़ो कृषक गोल चबूतरे में एकदिवसीय प्रदर्शन कर जिला अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश की धरातल पर क्रियान्वयन न होने से आहत किसान अपने फसलों को बचाने में अक्षम साबित हो रहे हैं जिससे पीड़ित किसान जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र के नीलगाय एवं अन्य जानवरों को वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ कर संरक्षित किए जाने की जोरदार मांग करेंगे मांग पूरी न होने की स्थिति में रोड जाम व धरना प्रशासन की चेतावनी दी है।

### सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन में अभिभावकों ने वर-वधुओं से साझा किए अनुभव



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** कानपुर नगर के किदवई नगर हनुमंत गुरुकुल आश्रम में वीरेंद्र चौहान वैवाहिक मंच के द्वारा 8वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया इस मौके पर पहुंचे समाजसेवी एवं मंच के आयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया कार्यक्रम में आए अभिभावकों ने वर एवं वधुओं के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपने अनुभव साझा किया आयोजक वीरेंद्र चौहान ने बताया कि विगत कई वर्षों से उनके द्वारा निर्धन निर्बल असहाय समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान पहुंचे अभिभावकों वर वधुओं ने सामूहिक रूप से एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किया। अपने संबोधन में बताते हुए श्री चौहान ने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में युवा पीढ़ी को अपने सनातन धर्म एवं ग्रथों के बारे में अवगत कराना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी ईश्वर एवं अपने सनातन धर्म को भुला ना सके। कानपुर नगर के घाटमपुर से बेटी का सम्बंध कराने आई सुशीला देवी ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तारीफ करते हुए कहा की ऐसे आयोजन नित्य प्रति होने चाहिए ताकि विवाह में होने वाले खर्चों में कटौती हो सके और निर्धन परिवार भी अपनी बिटिया के हाथ हर्षोल्लास के साथ पीले कर सके परिचय सम्मेलन के दौरान अभिभावकों एवं वर वधुओं ने एक दूसरे के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपने अनुभव साझा किया इस दौरान भगवान श्री राम के जोरदार नारे लगाए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक वीरेंद्र चौहान, आचार्य पंडित विमल शास्त्री, नीरज दीक्षित, सोमनाथ तिवारी, राम बहादुर सिंह, धीरज यादव, अमित सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह चंदेल, संजय मल्होत्रा, सरिता शुक्ला, पप्पू तिवारी, दीपेंद्र सिंह, संजय सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, नरेंद्र राजपूत, विशाल राजपूत, अमित मिश्रा, योगेंद्र राणा, उमेश सिंह, अमरनाथ सिंह, प्रदीप सिंह सेगर, अरुण सिंह सेंगर समेत काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डर के साए में जी रहा पुत्र, पिता ने पुलिस से लगाई गुहार

**सुमेरपुर।** कस्बे के विजय कुमार ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पुत्र आशीष कुमार उर्फ ज्वाला को समर ठाकुर नामक युवक ने धमकाते हुए उसका मोबाइल छीन लिया और 18 हजार रुपये की मांग की। आरोपी की धमकियों से घबराकर आशीष 2 जनवरी को घर छोड़कर भाग गया। पुत्र ने एक पत्र में बताया कि आरोपी ने किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी है। विजय कुमार ने खोजबीन के बाद अपने पुत्र को प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर ढूंढ निकाला, लेकिन आरोपी के डर से वह अब भी घर लौटने से कतरा रहा है। पिता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# महान सिद्ध संत थे स्वामी रोटीराम और सिसोलर वाले महाराजः स्वामी प्रेमानंद महाराज

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़**

वृंदावन के चर्चित संत स्वामी प्रेमानंद जी द्वारा अपने प्रवचन में उत्तर भारत के दो महान संतों गायत्री तपोभूमि सुमेरपुर में साधनारत रहे स्वामी रोटीराम और सिसोलर वाले महाराज की दिव्यता और सिद्धता की चर्चा कर उनके करोड़ों भक्तो को गौरवान्वित किया है। वीडियो के माध्यम से दोनों संतो की सिद्धता और महानता का वर्णन सुनकर सुमेरपुर क्षेत्र के भक्त विशेष हर्ष का अनुभव कर रहे है।

स्वामी प्रेमानंद ने प्रवचन में कहा कि स्वामी रोटीराम सिद्ध संत थे सीधे दृष्टि डालते ही वहीं बोलते थे जो सामने वाले के आचरण में होता था लोग उनके सामने जाने से डरते थे वे



रात 9 बजे झोपडी के अंदर बनी गुफा में समाधिस्थ हो जाते थे और सुबह 9 बजे बाहर आते थे।

ब्रह्मलीन होने के पहले उन्होंने वहां मौजूद भक्तों से कहा था हम जा रहे हैं उनके जीवन और शिक्षाओं ने जनपद के अनेक भक्तों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सिसोलर वाले महाराज स्वामी रोटीराम के गुरु भाई और जीवन मुक्त संत थे जब उन्हें स्वामी रोटीराम जी के ब्रह्मलीन होने का समाचार मिला तो वे इतने व्यथित हुए कि 20 वर्षों तक एक ही स्थिति में साधनारत रहे। उनकी दिव्यता का यह आलम था कि सुबह उनकी पादुकाएं गंगा जल से गीली और उनके शरीर पर रेणुका लगी मिलती थी। उन्होंने बताया कि उन्हें भी यह सुनकर आश्चर्य हुआ था तो सिसोलर पैदल चल कर गए थे और दर्शन लाभ प्राप्त किया था यह दृश्य भक्तों के लिए उनके ईश्वर से जुड़े होने का स्पष्ट प्रमाण था।

## गाजीपुर में लेखपाल की गिरफ्तारी के विरोध में घाटमपुर के लेखपालों ने दिया धरना



**घाटमपुर समृद्ध न्यूज़**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की घाटमपुर इकाई द्वारा आज कार्य का बहिष्कार करके तहसील प्रांगण में धरना दिया गया धरना दे रहे लेखपालों ने साथ प्रदेश के गाजीपुर जनपद की खलीलाबाद तहसील के लेखपाल को जबरदस्ती घूस में गिरफ्तार करने से नाराज थे और जमकर नारेबाजी की धरना देने के बाद संघर्ष रत लेखपालों ने उप जिला अधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस को एक ज्ञापन दिया ज्ञापन में विजीलेंस टीम की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई और किसी साथी लेखपाल को जबरदस्ती ना पकाने जाने में हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन देने वालों में तहसील लिखाई के अध्यक्ष राजेश अकेला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश कुमार, अवनिका द्विवेदी, उप मंत्री आनंद बाबू, अंकित कश्यप, शिवम वर्मा, सुजीत कुशवाहा, अजय कुशवाहा, अनूप सचान, विकास सचान, नवनीत मिश्रा, विनय कुमार, आशीष श्रीवास्तव, सुजीत, कृष्ण शंकर तिवारी, सोमेंद्र सचान, आदेश सचिन आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से गुड़ दान करने की उठाई मांग, मुनादी कराकर की अपील

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गौशालाओं में बंद अन्ना गायों के बेहतर स्वास्थ्य एवं भीषण शीत लहर से बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा चलाई जा रही मुहिम का असर अब ग्राम पंचायतों में भी देखने को मिलने लगाए जिसके फलस्वरूप मौदहा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भैंसमरी में ग्राम प्रधान पूनम सिंह व प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह ने गांव की विभिन्न गलियों में भ्रमण कर गायों के लिए गुड़ एकत्र करने की मुहिम चलाई है। मौदहा विकासखंड क्षेत्र के गांव भैंसमरी में महिला ग्राम प्रधान पूनम सिंह तथा प्रधान पति धर्मेंद्र सिंह ने जनपद के जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा चलाई जा रही मुहिम को ध्यान में रखते हुए गांव की प्रत्येक गलियों में भ्रमण कर लोगों से गौशालाओं में बंद अन्ना गायों के बेहतर स्वास्थ्य एवं भीषण सर्दी से बचाव हेतु गुड़ दान करने की अपील की है। प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद के जिलाधिकारी जो मुहिम चला रहे हैं। वह काबिले तारीफ है और उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान से वास्तव में गौशालाओं में बंद जानवर शीत लहर से बचेंगे और उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा इस अभियान को गति देने के मकसद से सर्वप्रथम एक क्विंटल गुड़ उन्होंने एकत्र कर गांव में मुनादी करवा अधिकाधिक लोगों से गुड़ दान करने की अपील की है।

# शोभिटाल कप के फाइनल में एफजीके रही विजेता

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**




कैप्टन सुखवाशी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय के ग्राउंड में चल रहे शोभिटाल कप के फाइनल में एफजीके ने ब्लू स्टार को 11 रनों से हराया। एफजीके ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी एफजीके ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 173 रन बनाएं जिसमें सक्षम यादव 64 रन पुनीत 31 रन गौरव 24 रन और आदर्श ने 22 रन बनाए। ब्लू स्टार की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिजीत ने तीन विकेट,सचिन और अमित ने दो दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू स्टार अपने सभी विकेट खोकर 162 रन बनाएं जिसमें सत्यम ने 74 रन विश्वास ने 52 रन बनाए। एसजीके की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनिकेत यादव 4 विकेट,राज कटिहार और विशाल ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच अनिकेत यादव को दिया गया। मैन ऑफ़ द सीरीज और बेस्ट बॉलर आर्येश रहा। बेस्ट बैट्समैन सक्षम यादव को दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संजय सचान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अजीत सचान, नीरज गुप्ता, तन्नू सचान, लालजी सचान (प्रबंधक), डॉ भूपेंद्र सचान (प्रिंसिपल), रोहित एडी, शिवकरण बाबूजी, सुनील राठौर, आदर्श तिवारी, अनिल जैन, आमिर ज़ैदी, सैल सोनी और संदीप लारा रहे। संचालक के रूप में नापेंद्र सचान और अनिल तिवारी जी रहे हैं। मैच के दौरान जय हिंद नेशनल स्कूल के बच्चे भी उपस्थित रहे।

# पत्रकारों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं दोषियों को फांसी की रखी मांग

▸ छत्तीसगढ़ में हुई पत्रकार की हत्या से कलमकारों में आक्रोश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

देशभर से आएदिन सामने आ रहे पत्रकार उत्पीड़न के मामलों एवं बीते रोज छत्तीसगढ़ में हुई पत्रकार की हत्या से कलमकारों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के बैनर तले एकत्र हुए पत्रकारों ने बैठक कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रभु से मृत आत्मा को चरणों में स्थान देने की कामना की है। कलमकारों ने घटना का विरोध जता सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, एक सरकारी नौकरी सहित दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है।

अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब जनपद महोबा इकाई की एक बैठक जैतपुर कस्बा के मेला ग्राउंड पर जिला अध्यक्ष वहीद अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों के हितों पर चर्चा करते हुए हाल ही के दिनों में छत्तीसगढ़ में एक पत्रकार की निर्मम हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर पत्रकार के परिवार को एक सरकारी नोकरी व पांच करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की सरकार से मांग की गई। बैठक में अखिल भारतीय पत्रकार




प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष वहीद अहमद ने कहा कि आए दिन पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं। देश व समाज हित में काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को दबाने के लिए दबंग उनकी हत्या तक करने पर आमादा हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में एक पत्रकार की जिस प्रकार से निर्मम हत्या की गई है। उसकी सभी ने एक स्वर से निंदा करते हुए मृतक पत्रकार की आत्मा के लिए सभी ने मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और वहां की सरकार से मृतक पत्रकार के परिजन को एक सरकारी नौकरी व 5 करोड़ रुपए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता करना है। अगर किसी पत्रकार की आवाज को दबाने के लिए उत्पीड़न किया जाता है, तो अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब उसके साथ खड़ा रहेगा। बुंदेलखंड हलचल युट्यूब चैनल के संपादक अफसार अहमद ने कहा कि अनियमित्ताओं एवं घोटालों को दबाने के लिए दबंग लोग पत्रकार का उत्पीड़न करने लग जाते हैं, लेकिन घबराना नहीं चाहिए। निष्पक्ष रूप से देश व समाज हित में कार्य करने वाले पत्रकार प्रत्येक बाधाओं से जूझते हुए अपनी कलम की ताकत को बनाए रखने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार इकलाख अहमद ने आए दिन पत्रकारों की हत्या व उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग रखी। बैठक का संचालन जयप्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया। शेखर नामदेव ने बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब का विस्तार किए जाने एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान रविंद्र मिश्रा, शांतनु सोनी, जयप्रकाश द्विवेदी, विष्णु गुप्ता, कुलदीप शर्मा, राहुल विश्वकर्मा, कृपा शंकर साहू, सोनल प्रताप पटेरिया, मकबूल हुसैन, सुलेमान खान, राजेश महाराज, इमामी खान, अफसार अहमद, जावेद बागवान, इकलाख अहमद, अभिषेक यादव, अखिलेश वर्मा, अजय व्यास, वीरेंद्र सक्सेना, शहबाज राईन, सरफराज कुरैशी, सोनू, तेज प्रताप सिंह, राहुल कश्यप, कृपा शंकर छोटू साहू, शेखर नामदेव, विनय पटेरिया आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# किसानों के लिए जी का जंजाल बनी फार्मर रजिस्ट्री

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ रजिस्ट्री में नहीं हो रहा ई-साईन किसान परेशान

▸ जिले में अभी तक हुए करीब 3500 पंजीयन

पांच जनवरी हर किसान फॉर्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है जो कि सीधे एप के माध्यम से किसान स्वयं कर सकता है या फिर किसी भी सीएससी के माध्यम से फॉर्मर रजिस्ट्री कराई जा सकती है। लेकिन किसानों के लिए यह फॉर्मर रजिस्ट्री परेशानी का सबब बन गयी है जहां पंजीयन के अंतिम चरण में होने वाले ई साईन सिस्टम में त्रुटि के चलते किसानों का पंजीयन बाधित है और किसान सीएससी के चक्कर काटने के लिए मजबूर है।

बताते चलें कि प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमन्त्री फसल बीमा सहित किसानों को मिलने वाले अन्य लाभों के हकदार बनने के लिए सभी किसानों को किसान रजिस्ट्री आनलाइन कराना है जो कि आधारकार्ड' खतौनी तथा आधार ओपीडी के माध्यम से क्रियाशील है तथा शासन द्वारा प्रदेश में इसके लिए 31 दिसम्बर तक का समय निर्धारित किया गया था लेकिन पहले तो फारमर रजिस्ट्री की विण्डो के संचालन में ही परेशानी सामने आती रही हालांकि तमाम तकनीकी दिक्कतों के बाद एक हजार से अधिक किसानों ने सीएससी




के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया है लेकिन अब इस रजिस्ट्रेशन के अंतिम चरण में ई-साईन की बाधा उत्पन्न हो गयी है तथा पूरा फार्म फिल करने के बाद भी अब न तो ओटीपी और न ही अंगूठे के निशान से ई साईन क्लियर हो पा रहा है जिसके कारण किसान दिन दिन भर सीएससी का चक्कर काटने के लिए बाध्य है, जबकि उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार शत प्रतिशत किसानों के पंजीयन के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाकर किसानों के पंजीयन किए जा रहे हैं। लेकिन ई साईन न होने के कारण पंजीयन होने में परेशानी हो रही है। फॉर्मर रजिस्ट्री वेबससाईट से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अभी तक जिले में तकरीबीन 3500 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है जिसमें चरखारी तहसील सबसे आगे है जिसमें चरखारी तहसील में करीब 1700 किसानों ने पंजीयन कराया है जबकि महोबा में 855 तथा कुलपहाड़ में 960 किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। पंजीयन कराने के लिए किसानों में जागरूकता है और वह सीएससी व कैम्पों में कतार में भी खड़े देखे जा रहे हैं लेकिन ई साइन न होने से किसान सीएससी के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं।

# महाकुंभ- 2025: मप्र राज्य की सीमा पर महोबा पुलिस की बढ़ी चौकसी

▸ जनपद के प्रवेश द्वारों पर बैरिकेडिंग लगाकर की जा रही है चेकिंग

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में होने वाले प्रमुख स्नानों एवं पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में म.प्र. राज्य की सीमा से लगने वाले जनपद के सभी 05 अंतर्राज्यीय सीमा स्थलों क्रमशः थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र के कुम्हडौरा बार्डर, थाना कबरई क्षेत्र अवस्थित पहरा बार्डर, थाना श्रीनगर क्षेत्र अवस्थित कैमहा बार्डर, थाना महोबकंठ अवस्थित बगरौनी बार्डर, थाना अजनर क्षेत्र अवस्थित बिजौरी बार्डर को सक्रिय किया गया है, जिसमें 24 घंटे पुलिस बल की ड्यूटियां लगाई गई हैं। सभी अन्तर्राज्यीय सीमा स्थलों पर बुनियादी व्यवस्थाएं जैसे- टेंट, अग्निशमन, रजिस्टर रखरखाव,



सीसीटीवी, बैरियर और कुंभ मेला फ्लेक्स साइन की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद से होकर महाकुंभ के लिए जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये हैं। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता और तत्परता बनाए रखें। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सीमा क्षेत्र में अपनी ड्यूटी के दौरान संवेदनशील रहें और श्रद्धालुओं के प्रति शालीन व्यवहार करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के मद्देनजर इलाके से जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी, जिसके दृष्टिगत म.प्र. सीमा बॉर्डर पर अवस्थित जनपद के थानों को एलर्ट कर सीमाक्षेत्र में पड़ने वाले सभी 05 अन्तर्राज्यीय बार्डर को एक्टिव कर विशेष चौकसी बरती जा रही है साथ ही अपराध को रोकने के लिए पुलिस टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है एवं निगरानी की जा रही है ताकि भीड़ का लाभ लेकर कोई अपराधी सीमा क्षेत्र में प्रवेश न कर सके। महोबा पुलिस द्वारा अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना के बहकावे में न आएं, कुम्भ मेला अथवा जनपद की सीमा या अन्य किसी आपराधिक गतिविधियों से सम्बन्धित कोई जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करें, त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

# रामहर्ष सिंह की पुण्यतिथि पर वितरित किए गए कम्बल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पिता स्व रामहर्ष सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह के सौजन्य से नगर पंचायत सुबेहा सराय चंदेल पालेसर परिसर में कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एस सी एस टी आयोग अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार बैजनाथ रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ब्लाक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल हुए क्षेत्र से आए हुए हजारों गरीब असहाय जरूरतमंद व्यक्तियों व महिलाओं को कम्बल वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बैजनाथ रावत ने कहा कि गरीब व्यक्तियों की



मदद करना एक पुनीत कार्य है प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह लगातार नौ वर्ष से पिता की स्मृति में हर साल क्षेत्र के हजारों गरीब जरूरतंद लोगों को कम्बल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जो कि सराहनीय कदम है ब्लाक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत ने कहा कि प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पिता की स्मृति में लगातार कम्बल वितरित कर गरीब व्यक्तियों की सेवा कर रहे और आज के युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेकर सीख लेनी की जरूरत है । जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह बिना निस्वार्थ भाव के जरूरतमंद को कम्बल वितरण कर चेहरे पर खुशी लाने का कार्य किया जा रहा है गरीब व्यक्तियों की सेवा करने के साथ क्षेत्र विकास में भी लगातार योगदान प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान

### बैजनाथ रावत बोले, गरीब व्यक्तियों की मदद करना है पुनीत कार्य

भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला मंडल उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया,सुबेहा मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य, कौशलेंद्र शुक्ला, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। समापन से पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सम्मानित पत्रकारों का अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी प्रधान सरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह अनिल सिंह, हलधर शाह सिंह , दीनबंधु पांडेय, अहीरगांव प्रधान विनोद शुक्ला, रणधीर सिंह उर्फ मोनू सिंह, सोनू सिंह, डॉक्टर अरविंद सिंह, रामसिंह, प्रधान रामकुमार सिंह, देवेंद्र शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, मंशाराम यादव,अतुल सिंह, अंकित सिंह, सहित क्षेत्र के सैकड़ों जनप्रतिनिधियों सहित हजारों लोग इस कम्बल वितरण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### किसान नेता ने वितरित किए कम्बल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कड़ाके की ठंड से गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए किसान नेता ने कम्बल वितरण शुरू किया। रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत इटोरा में भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष सन्तोष तिवारी ने क्षेत्र में हो रही भीषण ठंड को देखते हुए गरीब महिलाओं व बुजुर्ग व्यक्तियों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कंबल व साल भेंट कर उनको नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया। भारतीय किसान संगठन परशुराम अवस्थी गुट के जिला अध्यक्ष सन्तोष तिवारी ने अपने पैतृक निवास इंटोरा में गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए दो सौ पचास गरीबों को कम्बल शाल चद्दर वितरित किया है।फुलझारा एरामसागर एचमेला देवीए सम्बारा रावत सहित सैकड़ों महिलाओं बृद्ध व गरीबों को शाल कम्बल चद्दर वितरित किए गए ।इस मौके पर धर्मदास सुशीला देवी माधुरी देवी राम समोखन मायाराम गौतम राम केदारए आदि लोग मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर युवक-युवती के फंदे से लटके मिले शव

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

असंद्रा थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह संदिग्ध हालातों में एक ही गांव के युवक और युवती के शव अलग . अलग स्थानों पर फंदे से लटकते मिले। युवती का शव उसके घर के अंदर तो युवक का शव गांव के बाहर पेड़ की डाल में लटका मिला ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला थाना क्षेत्र के अकोहरी मजरे बेडहरी गांव का है ।रविवार को सुबह गांव निवासी नरेंद्र की पुत्री निधि ;22 का शव घर के अंदर पंखे से लटका मिला। वहीं लड़की के पड़ोस में रहने वाले सहजराम के पुत्र मनीष 25 का शव संदिग्ध हालातों में गांव के बाहर एक नीम के पेड़ से लटका मिला ।सुबह शौच करने गए ग्रामीणों ने पेड़ में लटके शव को देख इसकी सूचना घरवालों को दी। सूचना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

इसी बीच सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया ।घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीण युवक . युवती के बीच प्रेम प्रसंग होने की चर्चा कर रहे हैं मृतक शादीशुदा था जबकि मृतका अभी अविवाहित थी। बीते फरवरी 2024 में युवक का विवाह हुआ था।




## नगर पालिका चेयरमैन ने छत्रपति शाहू जी महाराज पार्क का किया लोकार्पण

**बाराबंकी।** नगरपालिका क्षेत्र के लक्ष्मणपुरी वार्ड में नवनिर्मित छत्रपति शाहू जी महाराज पार्क का नगर पालिका की चेयरमैन शीला सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज समाज सुधारक हैं हम सबके आदर्श हैं उनके नाम पर निर्मित यह पार्क उनके आदर्शों की याद हमेशा कराता रहेगा। नगर वासियों को इस पार्क से अच्छी सुविधा के साथ ही उन्हें टहलने, बच्चों के लिए खेलने का स्थान मिलेगा। इस अवसर पर विवेक वर्मा, शिवकुमार, अश्वनी कुमार,प्रबोध कुमार वर्मा, शिवकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार वर्मा, कौशल प्रसाद, हरिश्चंद, परशुराम व समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# विधवा का अम्बेडकर पार्क अनुरक्षण समिति ने कराया विवाह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जीवन का रंग बदरंग होने पर व्यक्ति हो या फिर कोई महिला वह निराशा के आगोश में चला जाता है। महिला के पति के निधन के बाद तो उसे समाज से भी अभागी होने का दंश मिलता है।

तन पर सफेद साड़ी आते ही समाज के रिश्ते.नातों और दुनिया के रंगों से अलग कर दी गई विधवा महिलाएं दोबारा विवाह बंधन में बधने का सपना भी रखती हैं। लेकिन कुछ सामाजिक अड़चनों के चलते अपना मन मसोस कर रह जाती हैं। कमोवेश यही हालत उन पुरुषों का भी होता हैए जिनकी उम्र ज्यादा होने के चलते शादी नहीं हो पाती। लेकिन मजबूरी समझकर जब कोई दोनों का मिलन करा देए तो इनका जीवन संवर

### अविवाहित 48 वर्षीय व्यक्ति को मिला जीवन साथी समाजसेवियों ने दी बधाई

भी जाता है। ऐसी ही खूबसूरत मिसाल जिले में डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति व पार्क.स्मारक अनुरक्षण समिति के कार्यकर्ताओं ने पेश की है।

जिन्होंने एकाकी जीवन व्यतीत कर रही एक विधवा महिला और अधेड़ अविवाहित व्यक्ति का विवाह कराकर दोनों को एक दूसरे का मजबूत सराहा दिला दिया। जिले में विकासखंड मसौली के ग्राम बौरा का पुरवा मजरे नियामतपुर निवासी अविवाहित सुखराम पुत्र कालीदीन ;48 वर्ष बड़ेल चौराहा स्थित एक आवासीय विद्यालय में कर्मचारी हैं।



वहीं सिरौलीगौसपुर विकासखंड के ग्राम गहरेला निवासी फूलमती पुत्री ओरीलाल ;43 वर्ष पति का कई वर्ष पहले निधन हो गया था।

उनके कोई संतान नही थी। दोनों काफी लंबे समय से एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे थे और दोनों का आगे पीछे कोई सहारा नहीं था। ऐसे में समिति के लोगों ने इनका दर्द समझा और दोनों के परिवारों से बात करके शादी के लिये राजी किया। समिति के उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर और पदाधिकारी सहदेव प्रसाद की मध्यस्थता से इन दोनों लोगों का विवाह के लिए सम्बन्ध जोड़ा गया। उसके बाद परिजनों व रिश्तेदारों की उपस्थिति में अम्बेडकर चौराहा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर व तथागत बुद्ध जी को साक्षी मानकर दोनों एक दूसरे को जयमाला पहनाकर दाम्पत्य जीवन मे बन्ध गए।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने नवदम्पति को आशीर्वाद दिया और अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें बधाई दी। समिति के महासचिव राम औतार, सचिव मंशाराम कनौजिया, कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, देव कुमार गुप्ता, उप सचिव विनोद कुमार, पदाधिकारी सियाराम वर्मा, रामदयाल, दिनेशचंद्र रावत, सहदेव प्रसाद, रमेश चौधरी, कमलेश कुमार, शिक्षक राम आसरे बौद्ध, विनोबा आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा सहित कई महिलाएं उपस्थित होकर नवदम्पति को बधाई दी।

### जरूरतमन्दों को वितरित किये गए गर्म कपड़े



डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क–स्मारक अनुरक्षण समिति के पदाधिकारियों द्वारा गरीबों,जरूरतमन्दों गर्म कपड़े वितरित किया गया। श्रमिक मंडी सहित अनेक मजदूरों व रिक्शे वालों ने बड़ी संख्या में अपनी जरुरत के कपड़े प्राप्त किये। इस अवसर पर समिति द्वारा जारी किया गया नववर्ष 2025 का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। समाजसेवियों के द्वारा वितरित कराया गया।

# अधिवक्ता ने पिता की पुण्यतिथि पर बांटे कम्बल

**जालौन,उरई, समृद्धि न्यूज।**

निर्धन व बेसहारा लोगों को शीतलहर से बचाव के लिए अधिवक्ता व समाजसेवी संतोष यादव ने अपने पिता कन्हैयालाल यादव लंबरदार की 18वीं पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। समाजवादी पार्टी के युवाजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि के आतिथ्य में निर्धन व बेसहारा वर्ग के 600 लोगों को कंबल का वितरित किए गए। कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

इस समय शीतलहर से सभी कांप रहे हैं। ऐसे में समाजसेवी व अधिवक्ता संतोष यादव उनकी पत्नी गीता यादव व उनके बेटे आशुतोष यादव व सिद्धार्थ यादव निर्धन व बेसहारा लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने पिता कन्हैयालाल यादव लंबरदार की 18वीं पुण्यतिथि



पर उनकी स्मृति में नगर के निर्धन, गरीब व बेसहारा 600 लोगों की लिस्ट तैयार कराई। जिन्हें गर्म कपड़ों की आवश्यकता थी। उन्हें सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाने के लिए अधिवक्ता व उनके बेटों ने मिलकर समाजवादी पार्टी के युवाजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के आतिथ्य में लोगों को कंबलों का वितरत किए और मिठाई खिलाई। । इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, महेंद्र कठेरिया, विक्रांत यादव, हाजी मनसब खां, हरिश्चंद्र यादव, रामेंद्र त्रिपाठी, विश्वजीत गुर्जर, मयंक जाटव, लल्ला यादव, बृजेंद्र दोहरे, फरहत उल्ला, अंशुल गुर्जर, हिमांशु ठाकुर, प्रांशु पटेल, आकाश कोरी, सुनील पाल, धीरेंद्र सनी, अनुज मौखरी, हेमंत धनगर, सत्यनारायण यादव, नृपेंद्र यादव, शाहरुख खान, अभय साहू आदि मौजूद रहे।

# विधानसभा हैदरगढ़ के सपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ विधानसभा में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आज दहिला मोड़ स्थित एम एन हॉस्पिटल पर संपन्न हुई जिसमें समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने वा बूथ स्तर पर नए मतदाताओं को बढ़ाने व पीडीए की सेक्टर स्तर पर पंचायत करने की चर्चा हुई जिसके अध्यक्षता परशुराम यादव ने की इस मौके पर पूर्व विधायक राम मगन रावत लोकतंत्र सेनानी व समाजसेवी हरिराम सिंह यादव महासचिव धर्मेंद्र वर्मा नगर अध्यक्ष शब्बीर पहाड़ी सपा नेता पप्पू सिद्दीकी प्रधान आनंद सिंह अलगू महेश वर्मा विवेक वर्मा मौजी राम यादव रघुराज यादव राम तीरथ



यादव हाजी इसाक सभासद हाजी अयूब खान रामचंद्र रावत नेता भीम सिंह कैप्टन रमेश चंद यादव महेंद्र शाह छोटकउ सिंह प्रधान अमर सिंह वर्मा राम प्रकाश रावत मीना यादव पवन मौर्य छोटेलाल निषाद राजेश कन्नौजिया शंकर नाथ रावत बृजेश यादव परी दीन रावत नेता सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे वह सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे।

# टूर्नामेंट समापन पर गोप ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

### हबूब उर रहमान किदवई ने अरविंद कुमार सिंह गोप को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हॉकी एसोसिएशन द्वारा बाबू केडी सिंह स्टेडियम में आयोजित तृतीय अजीज अहमद खान मेमोरियल स्टेट महिला हॉकी टूर्नामेंट के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होकर लखनऊ स्पोर्ट छात्रावास लखनऊ हॉस्टल टीम एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया लखनऊ साई स्पोर्ट सेंटर टीम के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों के द्वारा खेले गए।

शानदार खेल का अवलोकन कर सांसद तनुज पुनिया, बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष महबूब उर



रहमान किदवई, सचिव मजहर अजीज खां, धीरेंद्र वर्मा, बेटे अविरल सिंह एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी शौप कर दोनों टीमों का उत्सवर्धन करते हुए टीम के अन्य खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए सफल आयोजन के लिए समिति के पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष महबूब उर रहमान किदवई ने आयोजन समिति की ओर से अरविंद कुमार सिंह गोप को गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# बगैर प्रपत्र ओवरलोड मौरम ले जाते डम्फर को एसडीएम ने पकड़ा



**जालौन,उरई, समृद्धि न्यूज।**

ओवरलोडिंग व वैध प्रपत्र न दिखाने पर एसडीएम ने मौरंग लेकर जा रहे डंपर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे कोतवाली में खड़ा कराया। साथ ही खनिज विभाग को भी सूचना दी गई है। एसडीएम विनय कुमार मौर्य शनिवार की देर रात पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे के पास चौकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान मौरंग लादकर आ रहे डंपर को रोककर जब उन्होंने चालक से प्रपत्र मांगे तो वह प्रपत्र नहीं दिखा सका। जिसके चलते ओवरलोडिंग के साथ ही वैध प्रपत्र न होने पर एसडीएम ने डंपर को पकड़कर कोतवाली में खड़ा करा दिया। इसकी सूचना एआरटीओ व खनिज विभाग को भी दी गई है।

# मुकेश चंद्राकर को पत्रकारिता का शहीद घोषित करे सरकार: पाटेश्वरी

### छत्तीसगढ़ में पत्रकार की हत्या पर आक्रोशित पत्रकारों ने जताया विरोध, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की शहादत पर उत्तर प्रदेश हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन समेत अन्य पत्रकार संगठनों से जुड़े पत्रकारों ने रोष व्यक्त किया है। रविवार को गांधी भवन में आयोजित संयुक्त सभा में दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निष्पक्ष पत्रकारिता और समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा।

उत्तर प्रदेश हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने कहा कि स्वण् मुकेश चंद्राकर एक शहीद पत्रकार हैं। सरकार को मुकेश चंद्राकर को



पत्रकारिता का शहीद घोषित करना चाहिए तथा उनके परिवार को आर्थिक सहारा देना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि बस्तर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर जिन्होंने निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का मामला उठाया था उनकी भ्रष्टाचार करने वालों ने हत्या कर दी। यह घटना लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर कुठाराघात है। हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन इस घटना की निंदा करती है और दिवंगत पत्रकार को निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सलाम करती है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने कहा कि मुकेश चंद्राकर ने अपने पत्रकारिता जीवन में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और सच्चाई के लिए हमेशा खड़े रहे। उनकी निशृंस हत्या और असामयिक निधन से पत्रकारिता जगत में शून्य की अनुभूति हो रही है। युवा पत्रकार अब्दुल मुईद ने कहा कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर का शव जिन परिस्थितियों में सेप्टिक टैंक के अंदर मिला है वह शासन व्यवस्थाएं समाज और बस्तर क्षेत्र की चिंताजनक स्थितियों का प्रमाण है।

उन्होंने बताया कि एक स्थानीय ठेकेदार के भ्रष्टाचार को मुकेश चंद्राकर ने उजागर किया था जिसकी परिणति यह हत्या है। किसी भ्रष्टाचार को सामने लाने की परिणति यदि हत्या में होती है तो यह नाकारा व्यवस्था और निर्जीव समाज की ही पहचान है। संभा के अन्त में दिवंगत पत्रकार की आत्म शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# दीक्षा कम्प्यूटर सेंटर का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के कान्हूपुर गांव में बेचालाल पाल द्वारा संचालित दीक्षा कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ ग्राम प्रधान त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर प्रधान अरुण शुक्ला ने कहा कि तकनीकी के इस युग में कंप्यूटर के ज्ञान के अभाव में रोजगार पाना संभव नहीं है बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है जिससे निजात पाने के लिए तकनीक की शिक्षा आवश्यक हो गई है आज के दौर में कंप्यूटर का ज्ञान शिक्षा का अभिन्न अंग बन गया है। प्रधान अरुण शुक्ला ने इस पुनीत कार्य के लिए बेचालाल पाल को शुभकामनाएं प्रेषित की।



उद्घाटन अवसर पर प्रधान रिंकू पाल लवकुश पांडे कुशल वर्मा देवनारायण यादव पूर्व प्रधान संतराम पूर्व प्रधान चंद्रिका प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# जिले की सभी गौशाला में बने गोबर से कम्पोजिट खाद : के रविन्द्र

**जालौन,उरई, समृद्धि न्यूज।**

प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के. रविन्द्र नायक ने कलेक्ट्रेट सभागार में दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ई-गवर्नेंस सेल में स्थापित गौशाला कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर गौशाला में गौवंश, भूसा, चारा, पानी की स्थिति को देखा, साथ ही गौशाला में ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम निर्देश दिए, जिसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग के मंडलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, साथ ही दुग्ध, मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव ने अधीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा कि गौशालाओं में बीमार पशुओं के लिए दवाओं की कमी न होने पाए, साथ ही अगर दवा में कोई कमी है, तो तुरंत दवा उपलब्ध कराए, साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि दवाओं की खर्चा हेतु सत्यापन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया जनपद में सभी दुग्ध समितियां क्रियाशील की जाए जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि गौशालाओ में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने में सभी 75 जनपदों में जनपद जालौन में सबसे अग्रगामी कार्य किया है, इसी तरह सभी जनपद कार्य करेंगे। जनपद जालौन इस कार्य में अग्रगामी रहा है इसके लिए जिलाधिकारी, अधिकारीगण और जनपदवासी बधाई के पात्र है।

उन्होंने जूम मीटिंग के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों से वार्ता कर गौशालाओं के बारे में जानकारी की।

### कुपोषित बच्चों को दुधारू गाय दिलाना करें सुनिश्चित



प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग के. रविन्द्र नायक बैठक में निर्देश देते।

**उरई।** प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के. रविन्द्र नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत जिन बच्चों में पोषण की आवश्यकता होती है उन बच्चों के लिए दुधारू पशुओं को दे दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अभी जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 14 जनवरी 2025 को सभी अधिकारी जिन बच्चों को पोषण की आवश्यकता है उनको दुधारू पशु उपलब्ध कराए जाए इस कार्य में हीलाहवाली कतई न बरती जाए।

# शादी तय होने के बाद युवक ने युवती का किया शारीरिक शोषण

**कालपी,उरई, समृद्धि न्यूज।**

शादी तय होने के बाद एक युवक ने युवती से नजदीकी बढ़ाकी उसका शारीरिक शोषण करता रहा और अब मोटर साईकिल तथा दहेज में अन्य सामान की मांग कर शादी से इनकार कर दिया। युवती के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

नगर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया कि उसने वर्ष 2023 मे अपनी पुत्री की शादी उरई के मुहल्ला उमरारखेरा निवासी शिवम अहिरवार के साथ थी और रस्म के रूप में गोदभराई की रश्म भी लडके पक्ष ने की थी जिसमे उसने 71000 नगद और अन्य सामान दिया और इस कार्यक्रम के बाद शिवम अहिरवार का घर आना जाना भी शुरू हो गया था और उसने पुत्री को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण भी करना शुरू कर दिया जिसके लिए उसे वह बाहर भी बुलाता था लेकिन जब शादी कि मुहूर्त निकलवाया तो उसने शादी से पहले मोटरसाइकिल व अन्य सामान देने की बात कही और असमर्थता जाहिर करने पर शादी करने से इनकार कर दिया था और काफी आरजू मिन्नत के बाद भी वह नही मान रहे हैं।

### घर के बाहर खड़े व्यक्ति को टोकने पर गृहस्वामी पर किया हमला

**जालौन (उरई)।** रात में घर के बाहर खड़े व्यक्ति को टोकने पर उसने गृहस्वामी पर हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित बाल बाल बचा। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी जितेंद्र कुमार बाथम ने पुलिस को बताया कि शनिवार को उनके ताऊ की तबियत खराब थी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम कामरूज्जमा से बदल कर कामरूज्जमा इदरिसी (KAMROOJJMA IDRISI )कर लिया हूं। मुझे कामरूज्जमा इदरिसी पुत्र यार मो. के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**कामरूज्जमा इदरिसी**
**पुत्र यार मो.निवासी - ग्राम व पोस्ट हथियागढ़ ,जनपद-गोन्डा।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 त्योरी इस्माइलपुर विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 04/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत त्योरी इस्माइलपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/01/2025 से 11/01/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन गली से धनपाल के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रिचा यादव)   ग्रा0पं0 त्योरी इस्माइलपुर, नवाबगंज   सचिव ( सुनील कुमार)**

# जनपद को टीबी मुक्त करने के लिए चलेगा अभियान

**अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य कर्मी पोर्टेबल एक्स- रे मशीनों को गाँव-गाँव लेकर जाएं**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में लखपति दीदी योजना, पीएम सूर्य घर योजना, जल जीवन मिशन आदि के संबंध में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी का इलाज संभव है। जिले को टीबी मुक्त करने के लिए 90 दिवस का टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत पोर्टेबल एक्स-रे मशीने स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गाँव-गाँव लेकर जाई जाएंगी। जिसके अन्तर्गत टीबी रोगियों को चिन्हित किया जायेगा तथा चिन्हित टीबी रोगियों चिकित्सी परामर्श के साथ-साथ मौसम के हिसाब से पोषण पोटिका उपलब्ध कराई जायेगी। इसके साथ ही चिन्हित टीबी रोगियों को गोद लेने की व्यवस्था की जायेगी। जनपद में अभी तक 2800 चिन्हित टीबी रोगी है। पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में 12 हजार लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर योजना से लाभान्वित किया जाना है। समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपनी- अपनी विकास खंडो में योजना का व्यापक प्रचार- प्रचार करते हुए लाभार्थियों को लाभान्वित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, हैण्ड ओवर की कार्यवाही पूर्ण की जाये। कहा कि नल कनेक्शन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही है। छूटे हुए लाभार्थियों को नल कनेक्शन दिया जाये। पानी टंकी के रास्ते को इंटरलाकिंग से जोड़ा जाये। रोड रेस्टोरेंशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। रोड मरम्मत का कार्य अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए। बीडीओ द्वारा सड़क मरम्मत के कार्य का सत्यापन किया जायेगा। कहा कि वर्क साइड पर सेफ्टी के जो नियम है। पालन किया जाये।

## नव वर्ष के प्रथम शनिवार को सुंदरकांड पाठ संपन्न

**छिबरामऊ कन्नौज।** जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ द्वारा वर्ष के प्रथम शनिवार की रात्रि सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ पाठ 7 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक चला विगत कई वर्षों से चला आ रहा सुंदरकांड पाठ प्रत्येक महीने के प्रथम शनिवार को रात्रि में संपन्न होता है। इंदिरा आवास कॉलोनी में श्री सीताराम जी धाम में जय बालाजी सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने भाव विभोर होकर सुंदरकांड पाठ में भक्ति रस का आनंद लिया तथा कोई भी भक्त उठने का नाम नहीं ले रहा था जब कि सर्दी तथा घना कोहरा अपनी चरम पर था समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने पूजन कर पाठ प्रारंभ किया तथा यह अटल भरोसा प्यारे खाली ना जाएगा।

# छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त का हुआ सम्मान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कठेरिया समाज के प्रथम आईएएस अधिकारी स्वर्गीय श्री रमेशचन्द्र कठेरिया जी की 87वीं जयंती के अवसर पर कठेरिया समाज के मेधावी छात्र छात्राओं एवं वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का लोकभारती इंटर कालेज गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवीर सिंह कठेरिया ने के मुख्य अतिथि जी एस टी के असिस्टेंट कमिश्नर पंकज सिंह कठेरिया, जी रहे।

कार्यक्रम में अजय कठेरिया केवा इटावा,अनिल कठेरिया, आर ए रमन, रमेश चंद्र कठेरिया, सुषमा कठेरिया,रवि कठेरिया, अशोक कठेरिया, राहुल कठेरिया, राम मिलन कठेरिया, इंद्रेश कठेरिया, डॉ अजय वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत सनिल कुमार सरल, राम वीर उर्फ रामू,बलराम कठेरिया, महेंद्र कठेरिया, प्रताप कठेरिया, दिलीप कठेरिया, प्रवीन कठेरिया, अशोक कठेरिया, उग्रसेन कठेरिया, अवधेश चन्द्र कठेरिया, आदित्य कठेरिया, राम मिलन कठेरिया, सुभाष चन्द्र उर्फ बल्लू कठेरिया, नकुल कठेरिया, राम निवास कठेरिया, गोविंद कठेरिया, गुलशन कठेरिया, शिशुपाल कठेरिया, जतिन कठेरिया, जिलेदार कठेरिया, लेखराज कठेरिया, अरुण प्रताप कठेरिया, अनुरूद्ध कठेरिया, संजीव कठेरिया, अहिवरन कठेरिया, मोतीलाल कठेरिया, हीरा लाल कठेरिया,लाल राम कठेरिया, गुलशन कठेरिया, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम में 72छात्र छात्र-छात्राओं व25वरिष्ठ नागरिक सेवा निवृत्त को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के आयोजक कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट रहे।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा थाना छिबरामऊ वाँछित अभियुक्त राहुल हवलदार पुत्र नारायण एकनाथ हवलदार निवासी ग्राम जमबंगी (बी.के) थाना सावरगी जिला बागलकोट राज्य कर्नाटक उम्र 22 वर्ष को यात्री प्रतिक्षालय पश्चिमी बाईपास छिबरामऊ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई टीम प्रभारी कमलेश कुमार उप निरीक्षक हाथ का हेड कांस्टेबल सुखबीर सिंह ने बातचीत अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों का करें प्रचार-प्रसार : विधानसभा अध्यक्ष

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**किसानों को खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है सरकार**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक के आवास पर किया गया जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष द्वारा की गई। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुआ बैठक की अध्ययता की विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कहा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है बैठक संचालन किया संतोष गुप्ता इस मौके पर अनुराग वाजपेयी अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी डॉ धमेंद्र प्रताप सिंह डॉ जयनेन्द्र धीरज कठेरिया विवेक यादव सतीश यादव ह्रदय नारायण दुबे साकेत जाटब अमन खान लाखन सिंह जितेंद्र सादव मैजूद रहे।

## छह दुकानों पर काम करते मिले किशोर थमाया गया नोटिस

**जालौन,उरई।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने अपनी टीम ने नगर की दुकानों पर काम कर रहे किशोरों की चेकिंग की। इस दौरान आधा दर्जन दुकानदारों को किशोरों से काम कराने पर नोटिस दिया गया। साथ ही अभिभावकों से किशोरों का एडमीशन स्कूलों में कराने की अपील की। सरकार की मंशा है कि नौनहालों को अच्छी शिक्षा और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए शिक्षा अनिवार्य की गई है। इसके अलावा बच्चों को शिक्षित कराने के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। सरकारी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा, ड्रेस, किताबें, स्वेटर आदि भी वितरित किए जाते हैं।



## धूमधाम से मना भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ 31 मां स्थापना दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री राम रिसोर्ट गेस्ट हाउस में भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ 31 मा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिला प्रभारी योग आचार्य सत्य राम यादव जी ने सबसे पहले हवन यज्ञ को वेद मंत्र के द्वारा आहुतियां दी इसके बाद गोष्ठी के द्वारा योग के माध्यम से लोगों को बताया कि व्यक्ति योग क्रिया के द्वारा स्वस्थ रह सकता है इस मौके पर रणवीर सिंह क्षमा गुप्ता अनुभवा श्वेता दुबे ए रश्मि यादव हरबंस सिंह योगेंद्र सिंह यादव एडवोकेट जितेंद्र सिंह भारत सिंह वर्मा आसाराम यादव सुधीर कुमार सविता राहुल कठेरिया विनय यादव गोल्डन सिंह सुभाष यादव सुनील कुमार शर्मा जोगराज यादव डॉ सी वी सिंह शाक्य श्रीपाल वर्मा भारत सिंह प्रजापति आरबी सिंह यादव सतीश शर्मा भानु प्रताप सिंह बालस्टर सिंह आदि लोगों ने स्थापना दिवस पर अपने अपने विचार रखें।

## खबरें एक नजर में

### बीमारी के चलते मौलाना तैय्यब का हुआ इंतकाल



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** लंबी उम्र तय करने के बाद हज़रत मौलाना तैय्यब ने बीती रात को बीमारी के चलते दुनिया को अलविदा कह दिया मौलाना का इंतकाल हो जाने की खबर लगते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार समधन नगर के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी हजरत मौलाना तैय्यब करीब 95 वर्षीय का बीता शनिवार रात करीब डेढ़ बजे बीमारी के चलते इंतकाल हो गया मौलाना अब्दुल गफूर ने बताया कि मरहूम हज़रत मौलाना तैय्यब मेरे दादा काफी समय से बीमार चल रहे थे। इस अवसर पर मौलाना मसूद अहमद, हाफिज इसराईल, मुफ्ती रिजवान, दारासराय मदरसा कादरिया अनवारूल उलूम के प्रबंधक हाफिज मुज्जफर रजा, समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव (वटटू), पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद नकीम खान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद भुट्टो, इरफान गेस्ट हाउस के प्रबंधक मोहम्मद फैसल हुसैन,कनीशा कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक मोहम्मद नफीस बल्ले, पूर्व सभासद बदरूल सिद्दीकी आदि सभी ने मरहूम हज़रत के लिए मगफिरत की दुआएं की गई।

### गनी मार्केट को मिलेगी जलभराव से निजात

**छिबरामऊ। कन्नौज।** प्रोफेसर कॉलोनी एवं गनी मार्केट में पानी निकासी की समस्या को देखते हुए नगर पालिका ने नए वर्ष में तालग्राम चौराहे से संत निरंकारी आश्रम के पास पुलिया तक नाले का निर्माण कराया जाएगा। पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया इसमें करीब 2 करोड़ 22 लख रुपए की लागत आएगी शासन से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है बजट प्राप्त होते ही टेंडर जारी करके शुरू कर दिया जाएगा ताकि बरसात से पहले जल भराव की समस्या से छुटकारा मिल सके उन्होंने कहा है पहले यह नाला तालग्राम चौराहे से बहबलपुर गांव के तालाब तक बनाने की योजना थी लेकिन तालाब से भी पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं है होने के कारण पूर्वी बाईपास हाईवे के किनारे होकर नाला बनाने का निर्माण निर्णय लिया गया हल्का की पूर्वी बाईपास पर कुछ दूरी तक नेशनल हाईवे नाला बनाया है लेकिन इसकी ऊंचाई अधिक है यह नाला इसके बराबर से गहराई लेते हुए पुलिया तक बनाया जाएगा ताकि प्रोफेसर कॉलोनी एवं गनी मार्केट का पानी आसानी से निकल सके।

### पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में रविवार को स्व. जागेश्वर प्रसाद यादव (जे. पी. बाबू ) की पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव की अगुवाई में विद्यालय परिवार ने बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया। उनके साथ बिताएं समय को याद किया गया। कहा कि उनके जैसी शख्शियत कभी- कभी ही जन्म लेती है। कार्य क्षेत्र के साथी गण उनकी कर्तव्य निष्ठा के लिए आज भी याद करते हैं।

# परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है सदगुरू

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें फर्रुखाबाद के महात्मा सनी जी ने कहा कि जब गुरु कृपा होती है। तब हमें परमात्मा का दर्शन कराता है। जीवन जीने की कला सिखाता है। जब तक मनुष्य गुरु की शरण में नहीं जाता है। तब तक वह अंधकार में रहता है और पूरा जीवन इसी में समाप्त कर देता है। जीवन यूं ही बीतता चला जाता है। उन्होने कहा कि इसलिए समय की सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी सभी को परमात्मा की जानकारी करा कर, हमारे सबके जीवन का कल्याण कर रही हैं। जितने भी पैगंबर आए उन्होंने भी गुरु का सहारा लिया। जो तीन लोक के नायक थे। उनको भी गुरु की शरण में जाना पड़ा। मनुष्य को अपने जीवन में भक्ति का आनंद तभी प्राप्त होता है। जब वह सतगुरु से परमात्मा की पहचान कर लेता है। हम कितना भी भक्ति करते हैं। आराधना करते हैं। यदि हमने गुरु की शरण नहीं ली है। तो हमारा कल्याण संभव नहीं है। गुरु ही हमारे जीवन का मार्गदर्शक होता है। वही हमें परमात्मा से मिलने की राह दिखाता है। इस दौरान महात्मा विपिन कुमार, विश्राम सागर, ईश्वर दयाल, सत्यप्रकाश, खुशीराम, सत्यजीत, गोबिंद, निर्भय, अशोक कुमार, देवेंद्र कुमार आदि रहे।

## बर्फीली हवाओ का सितम नहीं हो रहा है कम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हफ्ते भर से चल रहा सर्दी का कहर रविवार को कुछ देर के लिए दर्शन सूरज के हुए लेकिन फिर भी सर्दी से जनजीवन कष्ट रहा न्यूनतम तापमान कुछ चल रहा लेकिन बर्फीली हवाओं का सितम काम नहीं हुआ रविवार को देर शाम छाया मध्य कोर सुबह तक रहा जनवरी की शुरुआत के साथ ही कड़कड़ आई सर्दी भी आगाज हो गया है। लगातार चार दिन सूरज नहीं निकला फिर पांचवें दिन हल्का सा सूरज ने अपना रुख दिखाया रविवार की सुबह भी हाड कंपाने वाली ठंड रही दोपहर बाद कुछ समय के लिए सूरज ने हल्के से दर्शन किए लेकिन कोई खास राहत नहीं मिली स्थान पर अलाव जलते दिखाई जरूर होने पर ही लोगों ने घरों से बाहर कम निकलना बताया गया कि अभी ठंडी हवाएं चलती रहेगी।

# आजाद समाज पार्टी संविधान से छेड़छाड़ नहीं करेंगी बर्दाश्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम

आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में जाति तोड़ो समाज जोड़ो बैठक का आयोजन तिर्वा क्षेत्र के खडनी गुबरया में किया गया। इस मौके पर जल्द मण्डल प्रभारी बने छबिराम जाटव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा शिक्षित बनो संगठित बनो और संघर्ष करो शिक्षा शेरनी का वह दूध है। जो पिएगा वो दहाडेगा। इसलिए अपने बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि आज एंड चन्द्रशेखर आजाद बहुजनों की आवाज सडक से संसद तक बुलंद करते हैं। आने वाले समय में इतना संघर्ष करेगे कि आजाद समाज पार्टी के बगैर यूपी में सरकार नही बन पायेगी। बीजेपी सरकार लगातार बहुजनों के हक अधिकारो का हनन कर रही है। संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है। आजाद समाज पार्टी कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी बीजेपी सरकार गरीबी नही गरीबो को खत्म कर रही है देश में लगातार महंगाई, बेरोजगार चरम सीमा पर पहुंच गई बेरोजगार सड़कों पर चप्पलें घिस गयी पर रोजगार नही मिल रहा है विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी बीजेपी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का अहम योगदान देगी बसपा छोड़कर आये सतीश कुमार को तिर्वा विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया।

इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक, जिला महामंत्री चांद खां, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश कबीर, जिला सचिव शेर सिंह, अरूण ओबराय, अनुज सहित आदि रहे।

# मेले में पांच पीएचसी पर 156 मरीजों को मिला इलाज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



पीएचसी जसपुरापुर में मरीज को परामर्श देते डॉ अनिल यादव

शासन ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है।

जिसमें निः शुल्क जांच के साथ दवाई वितरित करने के निर्देश है। इसके तहत जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया।

जिसमें पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव ने 33, जलालाबाद में डॉ इफराक हुसैन ने 41, अनौगी में डॉ माजिद अली ने 28 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसी क्रम में गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चियासर में डॉ देवदत्त राजपूत ने 23, कीरतपुर में डॉ सरोज ने 31 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। चिकित्सकों के मुताबिक बुखार, जुखाम, खांसी मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सों ने मरीजों को बदलते मौसम में सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान फार्मासिस्ट नवीन सचान, ओमकार, सीमा सचान, एलटी शालिनी, प्रवीन कुमार, वार्ड बॉय रवि कुमार सहित आदि रहे।

# जेई बहावलपुर पर लगा पदाधिकारियों को परेशान करने का आरोप

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अवधेश की महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष के कैंप कार्यालय बिशुनगढ़ रोड पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के द्वारा समस्त भारतीय किसान यूनियन अबधेश के पदाधिकारियों के साथ मिलकर प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया इस बीच कुछ पदाधिकारियों के द्वारा बिजली विभाग के जेई बहावलपुर पर पदाधिकारियों को परेशान करने का आरोप लगाया जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के पर्यवेक्षण में एक ज्ञापन पांच सदस्य टीम के द्वारा ऐक्सियन विद्युत विभाग छिबरामऊ को देने का ऐलान किया यदि तीन दिवस में समस्याओं का समाधान न होने पर दिनांक 10.1.2025 से बिजली घर का घिराव एवं धरना प्रदर्शन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक के निर्देशन में प्रारंभ कर दिया जाएगा भारतीय किसान यूनियन अवधेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा लालू यादव प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ व सुरेश दुबे मंडल उपाध्यक्ष एवं हर्षित दुबे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ को संगठन की नीतियों के अनुरूप न चलने के कारण एवं संगठन में किसानों के हित में कार्य न करने के कारण इनको पद मुक्त किया गया है ताकि इनके द्वारा प्रयोग की जा रही संगठन की आईडी निष्क्रिय समझी जाए तथा भाकियू अबधेश की नीतियों से प्रभावित होकर तमाम पदाधिकारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की शीलू पाल जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी अश्विनी गुप्ता तहसील उपाध्यक्ष भोगांव जागेश्वर प्रसाद जिला उपाध्यक्ष कन्नौज उमेश जिला संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार तहसील संरक्षक सुशील सिंह समिति के सदस्य महात्मा यादव समिति सदस्य प्रवीण कुमार राजपूत को जिला महामंत्री सैनिक प्रकोष्ठ प्रमोद कुमार जोशी समिति सदस्य नवीन वर्मा को जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रजत सिंह जिला महामंत्री फर्रूखाबाद ऋषि जिला सचिव फर्रुखाबाद शिवम तहसील अध्यक्ष फर्रूखाबाद राजकुमार द्विवेदी को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अश्विनी गुप्ता को जिला महासचिव नियुक्त किया गया नवनियुक्त पदाधिकारी को संरक्षक राजपाल सिंह चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता जिला अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर आरके पाल जिला अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी सैनिक प्रकोष्ठ आदेश सिंह जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी शीलू पाल सौरभ पाल आशीष सक्सेना मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे सैनिक प्रकोष्ठ ने बधाई दी एवं स्वागत किया।

# पुलिस लाइन के मनोरंजन हॉल में दिया गया प्रशिक्षण

**अपर पुलिस महानिदेशक ने तीन नए कानून व गैंगस्टर एक्ट की नवीन नियामावली, फॉरेंसिक विज्ञान व ई- साक्ष्य ऐप के संबंध में दिया प्रशिक्षण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



विवेचना को अधिक प्रभावी और तथ्यात्मक बनाने व पारदर्शिता लाने और न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सटीक बनाने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक डॉ जे.के गोस्वामी निदेशक विधि विज्ञान संस्थान और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन हॉल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में अपर पुलिस महानिदेशक डॉ जे.के गोस्वामी द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2024 से लागू तीन नवीन कानून के बारे में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट की नवीन नियमावली के प्रशिक्षण में गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने व उनके आर्थिक संसाधनों की पहचान, जब्ती, और अपराध रोकथाम के प्रभावी उपायों के बारे में बताया। तथा फोरेंसिक विज्ञान पर आधारित विशेष प्रशिक्षण में फॉरेंसिक विज्ञान की आधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल फॉरेंसिक, डीएनए प्रोफाइलिंग, और साइबर अपराध की जांच, घटनास्थल पर साक्ष्य संग्रहण और उनकी वैज्ञानिक जांच में दक्षता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

डीजीसी तरुण कुमार चन्द्रा ने विवेचनात्मक त्रुटियां व गुणवत्ता सुधार के उपाय तथा डीसी सुशील कुमार प्रजापति ने ई- साक्ष्य ऐप के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विवेचकों को नवीनतम विधिक और वैज्ञानिक उपकरणों से लैस करना है। ताकि वे अपराध की विवेचना को न्यायसंगत, सटीक और निष्पक्ष बना सकें। इस दौरान एएसपी अजय कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त थाना, शाखा प्रभारी और विवेचक, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सचिव ने चहेतों को बेंची 76 बोरी यूरिया, एआर कॉपरेटिव ने सचिव को किया निलंबित

**उरई,जालौन।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में किसानों को यूरिया की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर यूरिया की आपूर्ति नहीं होने के कारण किसान सुबह से ही लाइन में लगकर यूरिया लेने का प्रयास करते हैं, लेकिन एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पड़कुला ग्राम स्थित गोरा भूपिका समिति के सचिव भगवान सिंह ने रात में अपने चहेतों को यूरिया की 76 बोरी बेंच दी।

यह जानकारी मिलने पर किसानों ने विरोध जताया जिसके बाद कार्रवाई की गई। गुरुवार रात को 450 बोरी यूरिया एक ट्रक द्वारा गोरा भूपका की सोसायटी में पहुंचाई गई, जहां सचिव भगवान सिंह ने 76 बोरी यूरिया को चुपके से अपने चहेतों को रात में ही बेच दिया।

# महायज्ञ के लिए महिलाओं को बांटे गए 501 कलश

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मां पीतांबरा 1108 कुंडीय महायज्ञ के लिए संत रामदास महाराज के द्वारा नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में 501 कलश वितरण किए गए और सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को नगर के पूर्वी क्रॉसिंग पर संत रामदास महाराज नगर के श्रद्धालुओं ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद संत रामदास महाराज ने नगर के जीटी रोड स्थित राम मंदिर, तिर्वा रोड स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद संत रामदास ने भक्तों के साथ तिर्वा रोड स्थित निजी गेस्ट हाउस में पहुंचकर जनपद कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउंड में होने वाले 1108 कुंडीय मां पीतांबरा महामृत्युंजय महायज्ञ को लेकर 501 कलश महिलाओं को वितरित किए। इसके बाद गेस्ट हाउस के सभागार में सभी भक्तों को ईश्वर की महिमा के बारे में बताया। इस मौके पर नगर के श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान रामकुमार पाठक, सुशील दुबे, नीरज मिश्रा, जीतू तिवारी, त्रिलोचन गुप्ता, रामवीर कठेरिया, पीके सिंह, बृजेश गुप्ता, सुशील द्विवेदी, दीपू गुप्ता, बृजेश कौशल, विकास गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनुराग गुप्ता, विजय हांडा, विपिन पाठक, राजीव चौहान, प्रिंस तिवारी, ऋतुराज शुक्ला, प्रियांशू तिवारी, देवांश शुक्ला सहित महिलाएं मौजूद रहे।

# तीन दिन से गायब युवक का तालाब में उतराता मिला शव

**पिता ने हत्या कर शव तालाब में फेंकने का लगाया आरोप**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मृतक युवक का शव तालाब में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पिता ने पुत्र की हत्या कर शव को तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अभिषेक उर्फराजू उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र मातादीन के शव को ग्रामीणों ने सुबह तालाब के किनारे देखा।

यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई और तुरंत ही गांव के लोगों ने डायल 112 के जरिए पुलिस को सूचित किया। इसके बाद में शव की पहचान अभिषेक उर्फ राजू के रूप में की गई। घटनास्थल पर कमालगंज थाना प्रभारी अनुराग मिश्र पहुंचे और करीब एक घंटे बाद क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय भी पहुंचे गये। पुलिस विभाग ने घटना की गंभीरता को देखते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा मामले की गहन जांच में जुट गयी। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अभिषेक उर्फ राजू को 3 दिन पहले जान से मारने की धमकी मिली थी। जिसके बाद से वह लापता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैली हुई है। मृतक की मां शीला देवी, पत्नी तारा देवी व बहन मनीषा आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक खेतीबाड़ी करता था।


मृतक का फाइल फोटो


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन


मृतक के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस

# अधिशासी अधिकारी ने अलाव व रैन बसेरे की परखी व्यवस्था


निरीक्षण करते अधिशासी अधिकारी

**देर रात्रि में सड़क पर उतरकर शीत लहर से गरीब व असहाय लोगों को बचाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का औचक किया निरीक्षण**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में अलाव की व्यवस्था परखने निकले देर रात्रि अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने रात में शीत लहर से गरीबों और असहायों की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। देर रात्रि में सड़क पर उतरकर शीत लहर से गरीब व असहाय लोगों को बचाने हेतु की गई व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। नगर में की गई अलाव की व्यवस्था को भी विभिन्न स्थानों पर पहुँचकर परखा। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि बढ़ती ठन्ड और शीत लहर में कोई भी व्यक्ति सड़कों पर सोता न दिखाई दे। उसको तत्काल रैन बसेरा में भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान जेई प्रशान्त कुमार, एसआई अनिल आजाद, बड़े बाबू रामभुवन यादव, सफाई नायक रवि, विजेन्द्र, उमेश मौजूद रहे।

# गरीबों के लिए मुफीद बना मिशन अस्पताल के निकट लगने वाला गर्म कपड़ों का बाजार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ फर्रुखाबाद रोड पर मिशन अस्पताल के निकट लगने वाला गर्म कपड़ों का बाजार गरीबों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। यहां पर सस्ते दामों पर बाहर के कपड़े मिल जाते हैं। जिन्हें गरीब व मध्यमवर्गीय लोग खूब खरीद रहे हैं।

सर्दी जैसे-जैसे सुर्ख होती जा रही है, वैसे-वैसे गर्म कपड़ों की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। जैकेट, स्वेटर बहुत महंगे होने के कारण गरीब लोग नहीं खरीद पा रहे हैं, लेकिन मिशन अस्पताल के निकट लगने वाले गर्म कपड़ों के बाजार में सस्ती दरों पर बाहर के पुराने कपड़े मिल जाते हैं। जिसमें जैकेट की कीमत 500 रुपये के करीब होती है। जिसे गरीब आदमी आसानी से खरीद लेता है।

बताते चलें कि यह मार्केट काफी समय से यहां पर लगता चला आ रहा है। अब यह बाजार काफी जगह में लगने लगा है।

यहां पर हर समय लोगों की भीड़ लगी रहती है। गरीब लोगों के अलावा कुछ मध्यवर्गीय लोग भी कपड़ों की खरीददारी करते देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर गर्म कपड़ों का यह बाजार गरीब लोगों के लिए मुफीद बना हुआ है।


गर्म कपड़ों की खरीददारी करते लोग

# श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा ने निकाली नगर प्रवेश यात्रा

**नगर में जगह-जगह यात्रा का फूल-मालाओं से हुआ स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा की नगर प्रवेश यात्रा पांचालघाट गंगातट स्थित मेला श्री रामनगरिया से दर्जनों गाड़ियों के काफिलों के साथ शुरु हुई। जो नगर में घूमती हुई पुनः पांचाल घाट पर समाप्त हुई। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा की ओर से नगर प्रवेश यात्रा मेला रामनगरिया से दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ संत समिति के अध्यक्ष सत्यगिरी महाराज के नेतृत्व में शुरु हुई। यात्रा श्री पंचदश नाम जूना क्षेत्र से प्रारम्भ होकर पांचाल घाट चौराहा, कादरीगेट, साहबगंज चौराहा, नाला मछरट्टा, गुदड़ी, पक्कापुल, चौक, लाल दरवाजा, आवास विकास से मसेनी चौराहा होते हुए पांचाल घाट मेला क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सत्यगिरि महाराज ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य नव युवकों में धर्म का प्रचार प्रसार बढ़े। इसलिए यात्रा निकाली गयी। सनातन धर्म की धर्म ध्वजा हमेशा लहराती रहे। यात्रा के दौरान करणी सेना के बड़ी संख्या में पदाधिकारी भी शामिल रहे। ट्रैफिक पुलिस से लेकर थाना कादरीगेट व पांचाल घाट चौकी की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था हेतु साथ चलती रही। साहबगंज चौराहे पर बॉबी दुबे ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान विमल यादव, करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर, अभिषेक राठौर, कीर्तिवर्धन सिंह, रिषभ सिंह, शिवदेश सिंह, मोन्टू, सोनू चौहान, प्रदीप सिंह राठौर आदि लोगों ने सत्यगिरि महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया।


यात्रा के दौरान मौजूद सत्यगिरि महाराज व भक्तगण


यात्रा के दौरान मौजूद ग्राम प्रधान विमल यादव व करणी सेना के पदाधिकारी

# पेंशन बंधवाने का लालच देकर वृद्ध अनपढ़ महिला की हड़पी जमीन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुजुर्ग अनपढ़ महिला को पेंशन बंधवाने का लालच देकर शातिर ने उसकी जगह का बैनामा करवा लिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़नगला निवासी गोमती देवी ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया की ग्राम गांधीनगर कमालगंज निवासी सर्वेश द्वारा मेरी पेंशन बंधवाने का लालच दिया गया। जिससे मैं उसके झांसे में आ गई। सर्वेश मुझे अपने साथ तहसील सदर फर्रुखाबाद ले गया। वहां पर पेंशन बंधवाने की कहकर कई कागजों पर दस्तखत करवा लिये। मैं अनपढ़ हूँ इसलिए मामले को समझ नहीं पाई और सर्वेश द्वारा धोखाधड़ी कर तीन विसे जगह लिखवा ली गयी। करीब 2-3 माह बाद सर्वेश आया और कहां उसे जगह की नाप जोख करनी है। मेरे द्वारा पूछा गया किस जगह की बात कर रहे हो, तो उसने बताया कि मैंने तुम्हारी तीन विसे जमीन लिखवाई थी।

तब मुझे इस बात का पता लगा कि मेरे साथ धोखाधड़ी की गई है। मेरे द्वारा विरोध किया गया, तो सर्वेश द्वारा गाली गलौज की गई। पुलिस ने शिकायत पर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।


जानकारी देती पीड़ित महिला

# ढाईघाट मेले में जगह पर कब्जे को लेकर साधुओं के बीच गाली-गलौज, ताने असलहे

**थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की उठायी मांग**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट शमशाबाद की पवित्र गंगा नदी जहां पावन तट के किनारे माघ मेले को लेकर साधु संतों ने अपना डेरा जमाना शुरू कर दिया है।

बताते है यहां आने वाला संत समाज लगभग एक महीने तक कल्पवास के जरिए गंगा स्नान कर भगवान की आराधना करने के साथ ही सुख समृद्धि की कामनायें करते हैं। मेले में साधु संत ही नहीं व्यापारी, किसान, पशुपालकों का भी आना जाना होता है। अधिकांश लोग यहीं आशियाना नाकर महीने भगवान के गुणों का गुणगान करते हैं। व्यापारी व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देते समय संत समाज स्नान के जरिए सुख की अनुभूति का अहसास करते हैं। इसी के चलते यहां साधु संतों का भी बसेरा शुरू हो गया है। कई स्थानों पर साधु संतों को चिन्हित जगह पर झुग्गी झोपड़ियों के सहारे आश्रम बनाते हुए देखा गया। बताते हैं यही के निवासी साधु नरसिंह दास जिन्होंने चिन्हित जगह पर अपना आश्रम बना लिया है। आरोप है आरोपी साधु धनंजय बाबा द्वारा जबरन आश्रम में घुसकर कब्जा करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर असलाह प्रदर्शन कर धमकाने की कोशिश की गई। उधर साधु की दबंगई के चलते घबराए साधु ने आरोपी साधु के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार की लगायी है।

## युवक की अचानक हालत बिगड़ी, मौत



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव गन्डुआ निवासी गोपीलाल उम्र 31 वर्षीय पुत्र राम प्रसाद शनिवार को कायमगंज बाजार करने आया था। बाजार से घरेलू सामान खरीदकर वापस घर लौटा। उसने अपनी पत्नी आरती से कहा हमें भूख लग रही है। आप हमारे लिए खाना बना लो, तभी पत्नी उसके लिए खाना बनाने लगी। उधर अचानक उसकी हालत बिगडने लगी और वह अचेत होकर नीचे गिर गयी। आनन-फानन में पत्नी परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आई। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गोपीलाल को मृत घोषित कर दिया। परिजन उसका शव लेकर घर पहुँचे, तो चीख पुकार मच गई। मृतक की मॉ पारुल देवी सहित दो मासूम छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# महिला प्रेमी के साथ रफूचक्कर, मासूम बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल

**काफी खोजबीन करने के बाद अब जानकारी मिली कि मेरी पत्नी को गाँव का पूरनलाल पुत्र बालिस्टर राजपूत अपने साथ भगाकर ले गया**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते 24 दिसंबर को घर से बैंक जाने के लिए निकली महिला प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गयी। जिससे उसका मासूम बच्चा व अन्य परिजन खासे परेशान हैं।

बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी धीर सिंह उर्फ लालू पुत्र रज्जन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को समय सुबह 11 बजे मेरी पत्नी सुमन कौशल अपने बच्चे निहाल सिंह को घर पर छोड़कर बैंक गई थी। इसके बाद मेरी पत्नी शाम तक घर वापस नहीं आई, तो मैंने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मेरा मासूम बेटा माँ को याद करके रो रहा है। मैं अपनी पत्नी की गुमशुदगी की सूचना पुलिस चौकी प्रभारी मन्डी समिति कायमगंज को दी। काफी खोजबीन करने के बाद अब जानकारी मिली कि मेरी पत्नी को गाँव का पूरनलाल पुत्र बालिस्टर राजपूत अपने साथ भगाकर ले गया। इसके बाद मैंने पूरनलाल के घर पता किया, तो उक्त व्यक्ति व उसके परिजन घर से गायब हैं और घर पर ताला लगा है। जिसकी सूचना देने कोतवाली आया हूँ। बिन माँ के मासूम बच्चा मॉ को याद करके रो रहा है।


मासूम बच्चे के साथ पिता

# क्षेत्र में किसानों की जान के दुश्मन बने आवारा खूंखार गोवंश

**गेहूं की फसल की रखवाली के दौरान खूंखार सांड ने किसान को उठाकर पटका**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इसे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहा जाए तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आजकल आवारा गोवंश जो किसानों की फसलों के साथ ही आम लोगों की जानकार दुश्मन बनने लगे हैं। जानवरों की लगातार बढ़ रही संख्या आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगी है। इतना ही नहीं गांव की गलियों में आतंक का पर्याय बने खूंखार गोवंशों का झुंड बीच राहों में भ्रमण करते हुए देखा जा रहा है। खूंखार गोवंशों का भ्रमण बच्चों, बूढों और जवानों सभी के लिए मुश्किलों का कारण बना हुआ है। वहीं किसानों के खेतों में भी यही खूंखार गोवंश उनकी जान के दुश्मन बने हुए हैं। वर्तमान में अधिकांश किसानों के खेतों में आलू, गेहूं की फसल तैयार हो रही है जिन्हें सुरक्षित बचाने के लिए किसान सर्द रातों में लाठी-डंडों के सहारे रखवाली करने को मजबूर है। बताते हैं इस क्षेत्र में आवारा गोवंशों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

गरीब किसानों के अनुसार हजारों की कीमत से जैसे तैसे फसलें तैयार की। उन्हें सुरक्षित रखना गरीब किसानों की मजबूरी है। यही कारण है सर्द मौसम में किसान रात दिन रखवाली करने को मजबूर है। उधर रखवाली के दौरान एक हिंसक गौवंश ने किसान पर हमला कर घायल कर दिया। बताते है शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नान निवासी आनन्द कुमार पुत्र नत्थू लाल द्वारा गेहूं की फसल तैयार की गयी थी। आवारा गौवंशों से बचाने के लिए रखवाली कर रहा था। अचानक आवारा खूंखार गोवंशों का झुंड खेत में घुसने लगा। जब किसान द्वारा भगाने का प्रयास किया गया, तो एक गौवंश हिंसक हो गया और हमला कर दिया।

चीख पुकार सुन आसपास खेतों में कृषि कार्य कर रहे किसानों ने लाठी-डंडों के सहारे दौड़ लगा दी। तब तक हिंसक सांड ने किसान को गिरा लिया और जानलेना हमला कर दिया। किसानों ने लाठी-डंडे के सहारे हिम्मत जुटाकर सांड को बचाया। तब किसान की जान बच सकी। हालांकि उसके कपड़े फट गये तथा पैर में काफी चोटें आयीं। घटना की सूचना किसान के परिवार को दी गई। जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल किसान को कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया। मालूम रहे शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में एक लंबे समय से आवारा गोवंश आम जनमानस तथा किसानों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। अक्सर खूंखार गौवंशों का झुंड गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए देखा जा रहा है। हालांकि खूंखार सांड द्वारा किसान पर हमला कर घायल कर दिए जाने की सूचना अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों का कहना था संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराकर उन्हें पकड़वाकर क्षेत्रीय गौशालाओं में छुड़वाया जायेगा।


जानकारी देता घायल किसान

# पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद एटा देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मुंही निवासी वीरपाल पुत्र तेज सिंह ने अपने पुत्र श्यामपाल की पत्नी काजल, सास फूलश्री, साले आदेश निवासी संकिसा व साढ़ू लोकेश पुत्र राजा पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

जनपद एटा देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मुंही निवासी वीरपाल पुत्र तेज सिंह ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि मेरे पुत्र श्यामपाल की शादी मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा निवासी भूरे की पुत्री काजल के साथ 3 वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी से कहासुनी के विवाद के चलते श्याम पाल की पत्नी काजल एक वर्ष से अपने मायके संकिसा में रह रही थी। 4 दिसम्बर 2024 को वीरपाल अपने पुत्र के साथ संकिसा आए थे। काजल को ससुराल ले जाने के लिए काजल की माता फूलश्री, पिता भूरे, भाई आदेश पुत्र भूरे के साथ बातचीत की, परंतु काजल ससुराल जाने के लिए तैयार नहीं हुई और ना ही काजल के मायके वाले काजल को ससुराल भेजने के लिए तैयार हुए। इसी बात पर मैं अपने पुत्र श्यामपाल को संकिसा छोड़कर वापस अपने घर चला गया। 5 दिसम्बर 2024 समय करीब 9 बजे श्यामपाल के साढ़ू लोकेश पुत्र राजा पता अज्ञात व साले आदेश, सास फूलश्री और पुत्रवधु काजल ने मेरे पुत्र श्यामपाल के साथ मारपीट की जिससे परेशान होकर श्यामपाल सराय अगहत से पेट्रोल पम्प से बोतल में पेट्रोल ले आया और उसने कटरा (संकिसा) में समय 12 बजे श्यामपाल ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रूप से जल गया। जिसे इलाज हेतु लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां से सफदरगंज के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 4 जनवरी 2025 सुबह 9 बजे श्यामपाल की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच महिला दारोगा साधना यादव के सुपुर्द कर की है। वहीं आग लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने के मामले में पत्नी, सास, साले व साढ़ू के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**पत्नी सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

# धूमधाम से मना श्री सुन्दरकाण्ड पाठ समिति का वार्षिकोत्सव

**हवन में आहूतियां देकर परिवार के सुख समृद्धि की गई कामना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


परिचय-हवन पूजन में भाग लेते समिति के पदाधिकारी


वार्षिकोत्सव में मौजूद भक्तगण

सुंदर काण्ड पाठ समिति चिंतामणि का 25वां वार्षिकोत्सव अग्रवाल धर्मशाला स्टेट बैंक रोड पर हवन पूजन के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुंदर काण्ड पाठ समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह किशोर ने हनुमान लला की प्रेरणा से लोक कल्याण हेतु सन् 2000 में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के लिये सुन्दरकाण्ड पाठ समिति की विद्वानजनों के साथ स्थापना की गई थी। सभीजनों के परिवारों में सुख समृद्धि हेतु हर साल हनुमान जी महाराज की उपासना के साथ सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन होता और धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। 25 रजत जयंती समारोह का उद्देश्य भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कार युवा पीढ़ी को देना उद्देश्य है। हमारा मूल मंत्र जो गो0 तुलसीदास ने श्री रामचरित मानस में दिया कवन सो काज कठिन जग माही। जो नहि होइ तात तुम्ह पाहीं।। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं ऐसा कौन सा कठिन कार्य है जो नहीं हो सकता, हनुमान जी की कृपा से सभी कार्य सफल हो सकते हैं। सुबह हवन पूजन व वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ हुआ। मुख्य यजमान अशोक वर्मा व उनकी पत्नी बीना वर्मा, अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह किशोर ने हवन पूजन सम्पन्न कराया। पूरे दिन वार्षिकोत्सव में हनुमान जी के संगीतमय भजन हुए। छप्पन भोग व सुंदर झांकी के साथ प्रसाद वितरण हुआ। हनुमंत लाल के साथ सभी देवी-देवताओं का श्रृंगार किया गया। स्व. महेशचन्द्र शुक्ल एवं रामवीर सिंह के परिवारजनों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र शाल, पुष्पमाला देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनूप मिश्रा, कमलेश दीक्षित, नवीन कौशल, गुंजन कौशल, कृष्णा कौशल, घनश्याम बाजपेई, प्रशान्त सिंह, निर्मल दीक्षित, अनूप मिश्रा, अजीत वर्मा, अनुराग सिंह, संदीप वर्मा, नितेश वर्मा, चन्दन शुक्ला, पवन सिंह चौहान, अनुपम तिवारी, सुबोध मिश्रा, सौरभ सिंह, केसी वर्मा, अभय दुबे, अनुराग पाण्डेय, पवन गुप्ता, स्वप्निल सोमवंशी, रवीन्द्र भदौरिया आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को विराम महाआरती एवं महाप्रसाद के साथ किया गया।

# अमर ज्योति सेवा संस्थान 12 जनवरी को मनायेगी विवेकानंद जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद संस्था के लोग

अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा रविवार को पांचाल घाट स्थित कैम्प कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद वाटिका में बैठक आयोजित हुई। साथ ही आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह मनाने की रुपरेखा बनायी गई। महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सम्पूर्ण विश्व में भारत मां का नाम सर्वोच्च रुप से प्रतिष्ठित कर सनातन संस्कृति को बढ़ाया। इसी उद्देश्य को लेकर विवेकानंद स्वामी की प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन हो रहा है। अध्यक्ष दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी करेंगे। मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य होंगे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व विशेष सचिव वित्त सुखदराम पाण्डेय होंगे। हीरा सिंह के अलावा अपर जिलाधिकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम की स्वीकृति मिल चुकी है। बैठक में स्वदेश त्रिवेदी, मनीष प्रताप, संजू मिश्रा, अखिलेश दीक्षित, पवन दीक्षित, अखिलेश मिश्रा, रमेश यादव, मुन्नू लाल मिश्रा, उमेशानंद भारती मौजूद रहे। अध्यक्ष मुनेशानंद महाराज ने की। संचालन देवेश अग्निहोत्री ने किया।

# युवा व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बने श्याम सुंदर गुप्ता, हुआ स्वागत


श्याम सुंदर गुप्ता का स्वागत करते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने बढ़पुर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में युवा उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट का श्याम सुंदर गुप्ता को जिलाध्यक्ष घोषित किया। व्यापारी कमलेश गुप्ता को युवा व्यापार मण्डल का चेयरमैन, युवा जिला महामंत्री आदित्य कटियार व कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता बनाये गये। साथ ही राजीव गुप्ता उपाध्यक्ष, दीपक कुशवाहा जिला मंत्री, अंकित कनौजिया को जिला मंत्री, लवी मैसी प्रचार मंत्री, शिवओम दीक्षित संगठन मंत्री गौरव दुबे प्रचार मंत्री बनाया गया। नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाल कनौजिया, वरिष्ठ व्यापारी नेता अनुपम रस्तोगी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, महामंत्री हेमलता मिश्रा, विक्की अग्रवाल, सौरभ शुक्ला, राजू गौतम, सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पद्म भूषण डॉ. गोपाल दास नीरज की जयंती पर काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक संस्था अभिव्यंजना की ओर से गीतों के राजकुमार कहे जाने वाले महाकवि पद्म भूषण डॉ. गोपाल दास नीरज के जन्म शताब्दी वर्ष पर काव्य गोष्ठी का का आयोजन किया गया। गोष्ठी को नीरज की प्रेम सभा है का नाम दिया गया।

संस्था प्रमुख डॉ. रजनी सरीन के लोहाई रोड स्थित आवास पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट डॉ. अनुपम अवस्थी ने कहा कि नीरज कालजयी कवि थे। नीरज के गीतों को पढ़कर और सुनकर चार पीढ़ियां जवान हुई हैं। उनके गीत विदेशों में भी गुनगुनाए जाते हैं। अध्यक्षता कर रहीं मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिल्पी सिंह ने कहा कि नीरज के गीतों में प्रेम, करुणा, दर्शन और अध्यात्म भरा हुआ है। उनके गीत सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणादायी हैं और रहेंगे। उनके फिल्मी गीत अत्यन्त साहित्यिक हैं। डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने नीरज से सम्बंधित संस्मरण सुनाये। दिनेश अवस्थी ने सरस्वती वन्दना का गोष्ठी का प्रारम्भ किया। गोष्ठी में ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, रघुनन्दन प्रसाद दीक्षित, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, डॉ. अर्चना त्रिपाठी, रत्नेश पाल, रामशंकर अवस्थी अबोध, रामऔतार शर्मा इन्दु, संजय गर्ग, हेमलता मिश्रा, शिखा सिंह, आरती राजपूत आदि ने काव्य पाठ किया। प्रधानाचार्य रीता दुबे, प्रधानाचार्य डॉ. संदीप चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, प्रधानाचार्य प्रमोद गंगवार, लालजी टंडन आदि लोग मौजूद रहे। संचालन राजेश हजेला ने किया।



डॉ. शिल्पी को सम्मानित करते संजय गर्ग व अन्य

## महर्षि वेदव्यास सम्मान समारोह का आयोजन 7 जनवरी को

**कालपी,जालौन।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल उरई के तत्वावधान में आगामी 7 जनवरी को कालपी के महर्षि वेदव्यास सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. त्रिदेव उपाध्याय ने बताया कि नगर के टरननगंज स्थित श्याम पैलेस में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री श्रीरामपाल पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, उमाकांती सिंह, अरुण मल्होत्रा, छोटे सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, जल संरक्षण, गौसेवा, सामूहिक विवाह आयोजन, विकलांग एवं वृद्धजनों की सहायता, नारी संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

## सपा सदर विधानसभा की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी सदर विधानसभा की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत ने की एवं संचालन विधानसभा महासचिव मोहित यादव ने किया। मासिक बैठक में पदाधिकारियों को पीडीए को मजबूत करने की बात कही गयी। चन्द्रेश राजपूत ने कहा कि संगठन को कैसे मजबूत किया जाये और पार्टी को गति दी जाये, इसके लिए सभी जोर लगा दे, 26 जनवरी से होने वाले पीडीए कार्यक्रम एवं पीडीए पंचायत को सफल बनाये। बैठक में रघु मंगल सिंह यादव, विशाल, मोहित यादव, अजय यादव, सुनील, सनी, अनुज, आदित्य कुमार, हर्षित कुमार, रितिक कुमार, पीयूष दुबे, अभिषेक पांडे, अमन चतुर्वेदी, राज मनोहर तिवारी, अंकित यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# मां गंगा सेवा समिति द्वारा जरुरतमंदों को वितरित किये गये कपड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा ईट भट्ठे पर महिलाओं और पुरुषों को गर्म कपड़े वितरित किये गये। पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया का 13 जनवरी को शुभारम्भ होगा।

समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि गंगा को स्वच्छ बनाये रखे और मेले में कूड़ा कचरे के लिए डस्टबिन की जो व्यवस्था की जा रही है उसी में डाले। मिनी महाकुंभ शुरु होने जा रहा है। साधु संत स्नान करते है ऐसे में गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाना मेरा उद्देश्य है। इस अवसर पर आलोक चतुर्वेदी, अनुज प्रताप सिंह, सुरजीत कटियार, राजीव वर्मा, गोपाल दुबे, हरिओम, रवि मिश्रा, नीतू मिश्रा, आशीष मिश्रा आदि गंगा सेवक उपस्थित रहे।


भट्टे पर गर्म कपड़े वितरित करते समिति के लोग

# अच्छा चरित्र मनुष्य को पवित्र बनाता है: चन्द्रदेव शास्त्री


हवन में भाग लेते आर्य समाज के लोग


कार्यक्रम में सम्मानित होती मातृशक्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहाई रोड स्थित आर्य समाज कार्यालय पर वार्षिकोत्सव यज्ञ के साथ मनाया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि चित्र, मित्र और चरित्र ये मानव जीवन के असली इत्र हैं जो मनुष्य को पवित्र बनाते हैं।

जिन घरों में महापुरुषों के चित्र हों और जिसके मित्र अच्छे हों उनका चरित्र महान बनता है। हमारे घरों में महापुरुषों के चित्र होने चाहिए, क्योंकि चित्र को देखकर चरित्र बनता है। जीवन उन्नति के लिए अच्छे मित्र का होना आवश्यक है। मित्र की परिभाषा करते हुए नीतिकार कहते हैं कि पापों से बचाने वाला, गुणों का प्रकाश करने वाला, आपत्तिकाल में साथ निभाने वाला सच्चा मित्र होता है। चरित्र की रक्षा हमें सदैव करनी चाहिए। क्योंकि कहावत है कि धन गया तो कुछ नहीं गया स्वास्थ्य गया तो कुछ गया, किन्तु यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने जीवन निर्माण की पद्धति संस्कार विधि के रूप में दी है। जिसके मूल में संस्कार होते हैं उनका जीवन मूल्यवान बनता है। शिक्षा के साथ में संस्कारों का समावेश मनुष्य को महान बनाता है। कु0 किरन आर्या, उदिता आर्या एवं विद्या आर्या ने यज्ञ महिमा एवं ऋषि महिमा के भजनों द्वारा ऋषियों के बताए हुए मार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया। मंत्री डॉ हरिदत्त द्विवेदी ने आए हुए विद्वानों एवं अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह आदि के द्वारा सम्मान किया। सभा का संचालन आचार्य ओमदेव ने किया। सभा में स्वामी महेन्द्रानंद, जितेन्द्र वर्मा, उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, मुन्नालाल आर्य, रामप्रकाश वर्मा, सुरेश यादव, रेनू आर्या, हरिओम आर्य, संदीप आर्य, इन्दु मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# मुकेश चंद्राकर को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि, आरोपियों पर लगे एनएसए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- समाजसेवी व संत समिति के अध्यक्ष ने भी घटना की कड़ी निंदा
- पीड़ित परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग
- पत्रकारों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार बनाए कानून



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पत्रकार

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या किये जाने के विरोध में पत्रकारों, समाजसेवी व संतों ने विरोध प्रदर्शन कर मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि दी। कलमकारों ने प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे को सौंपा। परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाये जाने की मांग की।

आवास विकास तिराहा पर पत्रकार मुकेश चंद्राकर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बड़ी संख्या में पत्रकारों ने पहुंचकर मुकेश चंद्राकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व कैंडिल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में पंचदस नाम जूना अखाड़ा प्रमुख संत सत्यगिरी महाराज ने भी श्रद्धांजलि दी। पत्रकार अरुण सिंह ने कहा कि मुकेश चंद्राकर एक साहसी पत्रकार थे। नक्सली क्षेत्र में उनकी रिपोर्टिंग सदियों तक याद की जाएगी। आलोक दुबे ने कहा कि मुकेश चंद्राकर ने 2021 में नक्सलियों के चंगुल फैंस सीआरपीएफ जवान को बचाकर लाने का काम किया था। उनकी निर्मम हत्या हृदय विदारक है। ऋषि सेंगर ने कहा कि वह मांग करते हैं कि मृतक के परिवार में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। अमोद तिवारी ने कहा कि आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही कर की संपत्ति जप्त की जाए। वाहिद हुसैन ने कहा कि पत्रकार सबकी बात रखते है, लेकिन पत्रकारों की पीड़ा कोई नहीं समझता। प्रमोद शुक्ला ने कहा कि कई बार पत्रकारों के ऊपर हमले हुए, लेकिन सरकार ने समय पर अगर कठोर कानून बनाया होता तो ऐसी घटना नहीं होती।

हिंदू महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष डॉ0 अविनाश पांडे, हिंदूवादी नेता विपिन अवस्थी, कवि वैभव सोमवंशी, वीर सिंह अंबेडकर ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान अनुज कुमार, अजय कुमार मौर्य, रॉबिन कपूर, पंकज प्रकाश, शिव किशोर, रेहान खान, अमर साइमन, उत्कर्ष चतुर्वेदी, इमरान खान, अंकित माथुर, मुकेश बाथम, जितेंद्र कश्यप, अतुल जैन, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने चार सूत्रीय ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार को सौंपा। जिसमें कहा कि शासनादेश में जो सड़क के चार वर्ग दिए गये, उसमे सबसे कम वर्ग की सड़क 9 से 12 मीटर की चौड़ाई दर्शायी गई है, उसमे नगर पालिका की कोई भी सडक इस मानक में नहीं आती है।

शासनादेश किसी भी नगर पंचायत व नगर पालिका में लागू नहीं किया गया है। पिछले कार्यकाल में नया टैक्स लगाये जाने का विरोध किया था। जिसमें आश्वसन मिला था कि दूसरा कोई भी टैक्स लागू नहीं किया जायेगा। पिछली बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा इसका विरोध किये जाने के कारण इसको रोक दिया गया था।

लेकिन अधिकारी फिर से इसे लागू करने का प्रयास कर रहे है। जिसे लागू न किया जाये, आदि मांगें शामिल है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोहित गोयल, जिला महामंत्री सत्य नारायण वर्मा, महिला जिलाध्यक्ष अनुराधा दुबे, शिव बालक शर्मा, उमेश गुप्ता, अंकित अग्रवाल, रोहित गुप्ता, मुकेश गंगवार, मयंक दुबे आदि व्यापारी मौजूद रहे।


नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

# धूमधाम से मनायी गई पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कल्याण सिंह की जयंती मनाते लोग

लक्ष्य शिक्षा एंड राहत कोष फाउंडेशन की ओर से राममंदिर आंदोलन के अग्रदूत राजस्थान के पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की जयंती एसजीएस विद्यालय जहानगंज में श्रद्धा सुमन अर्पित कर धूमधाम से मनाई गई। बाबू जी के कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई और कहा गया कि आज भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त करने वाले बाबू कल्याण सिंह ही हैं, उन्हे ऐतिहासिक कार्य के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबधंक धीरेन्द्र राजपूत, वीरेश कुमार राजपूत, वीरपाल सिंह राजपूत, नबाव सिंह राजपूत, आनन्द राजपूत, संदीप राजपूत, अरविन्द राजपूत, डॉ. उदयवीर राजपूत, गुर्जर राजपूत, हिमांशू राजपूत, बादाम सिंह राजपूत, अरुण राजपूत, पंकज राजपूत, प्रदीप राजपूत, विमलेश राजपूत, अनुराग राजपूत, सतीश राजपूत, पिंटू राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सड़कों पर यमराज बनाकर दौड़ रहे बिना नंबर प्लेट के भारी वाहन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

परिवहन नियमों को दरकिनार कर बिना नंबर प्लेट के भारी वाहन सड़कों पर यमराज बनकर फर्राटा भर रहे हैं अफसरों की उदासीनता के चलते डायनासोर नुमा भारी वाहनों से कई सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं लेकिन उसके बाद भी परिवहन विभाग कोई कार्रवाई करता हुआ नहीं दिखाई पड़ रहा हैं। सड़कों पर यमराज बनाकर दौड़ रहे इन वाहनों के आगे और पीछे दोनों ओर नंबर प्लेट गायब हैं जिसके चलते या भारी वाहन दुर्घटना कर गायब हो जाते हैं और किसी को पता तक नहीं चलता बीते कुछ माह में इन्हीं डायनासोर नुमा वाहनों से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें कई लोगों की जान तक चली गई है डलमऊ क्षेत्र में इन दिनों सैकड़ो की संख्या में भारी वाहन बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं लेकिन डलमऊ प्रशासन वह ऑडियो प्रशासन की नजर इन पर नहीं पड़ रही है डलमऊ कस्बे से होकर गुजरने वाले ओवरलोड भारी वाहनों पर कोई कार्रवाई न होने से चालकों के हौसले भी बुलंद हैं यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए सड़कों पर सुबह से लेकर देर रात तक दौड़ते नजर आ रहे हैं गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कर में लगे सैकड़ो भारी वाहन यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# नाबालिग ऑटो रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या से यातायात सुरक्षा को खतरा

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

उतरौला क्षेत्र में नाबालिग ऑटो रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या ने यातायात सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। जहां एक ओर बच्चों को किताब-कॉपी लेकर स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाता है, वहीं दूसरी ओर कुछ नाबालिग बच्चे सड़कों पर ऑटो रिक्शा चला रहे हैं, जो ना केवल अपनी जान को खतरे में डाल रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी जोखिम का कारण बन रहे हैं। इन नाबालिग चालकों में से अधिकांश ने कभी कोई ड्राइविंग प्रशिक्षण नहीं लिया है और न ही उन्हें यातायात नियमों का उचित ज्ञान है। इसके बावजूद, ये बच्चे उतरौला बाजार से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों तक बेधड़क ऑटो रिक्शा चलाते हुए देखे जाते हैं। न तो इन्हें ट्रैफिक सिग्नल की समझ है, न ही सड़क पर सुरक्षित तरीके से गाड़ी चलाने की जानकारी। ऐसे में इनकी लापरवाही के कारण सड़क पर हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।सबसे चिंता की बात यह है कि इन नाबालिग चालकों के पास न तो वैध ड्राइविंग लाइसेंस है और न ही वाहन चलाने का अनुभव। इसके बावजूद, ये बिना किसी रोक-टोक के गाड़ी चला रहे हैं।

इन चालकों की लापरवाही से यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है, और ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी की जा रही है, जो न केवल उनकी, बल्कि यात्रियों और राहगीरों की जान को भी जोखिम में डालता है। यातायात और परिवहन विभाग के अधिकारी इस गंभीर समस्या से अनजान बने हुए हैं। प्रशासन की तरफ से इस समस्या पर कोई सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जो नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। नाबालिग चालकों द्वारा सड़क पर नियमों की धज्जियां उड़ाने पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे यह स्थिति और भी विकट होती जा रही है।

# बिरला जनजातीय महिलाओं को सिखायेंगे संसदीय शासन प्रणाली

▶ कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था की गहन जानकारी प्रदान करना है



एजेंसी, नई दिल्ली।

संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में सोमवार को पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 कायक्रम में 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पंचायती राज संस्थाओं से अनुसूचित जनजाति की 502 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित किए जा रहे इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था की गहन जानकारी प्रदान करना है।

श्री बिरला के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधि भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह स्वागत भाषण देंगे। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम दूसरे सत्र को संबोधित करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यशाला और सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा प्रतिभागियों को नए संसद भवन, संविधान सदन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन ले जाया जाएगा ताकि उन्हें भारत की विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज की गहन जानकारी प्राप्त हो।

इस कार्यक्रम में 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों की 502 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी जिससे एक विविध और समावेशी समूह के बीच जानकारी का आदान-प्रदान होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जनजातियों की महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना तथा प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए उन्हें संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के आयोजन के पीछे एक अन्य उद्देश्य शिक्षा, ग्रामीण विकास आदि जैसे विविध क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधियों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को मान्यता देना भी है ।

प्रतिभागियों के लिए परस्पर संवादपरक कार्यशालाएँ और सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिनका संचालन सुविख्यात विशेषज्ञों और संसद सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

### ये सत्र निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित होंगे

(1) महिलाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधान, जिसमें 73वें संशोधन – पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा अधिनियम) पर विशेष रूप से बल दिया जाएगा।
(2) जनजातीय मुद्दों से संबंधित केंद्र सरकार की योजनाएँ और कार्यक्रम।
इस कार्यक्रम का आयोजन पंचायत से संसद 2024 के क्रम में किया जा रहा है, जिसमें पूरे भारत से 500 महिला सरपंच शामिल हुई थीं। कार्यक्रम के दूसरे संस्करण, पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 का उद्देश्य, अब तक हुई प्रगति को आगे बढ़ाना तथा विशेष रूप से ग्रामीण और जनजातीय समुदायों की महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को और सशक्त करना है।

## बनिहाल कस्बे तक 4-लेन बाईपास का काम सफलतापूर्वक पूरा : गडकरी



एजेंसी, जम्मू। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल कस्बे तक 4-लेन बाईपास का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। श्री गडकरी ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर में हमने 224.44 करोड़ रुपये की लागत से बनिहाल कस्बे तक 4-लेन, 2.35 किलोमीटर लंबे बाईपास का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा, एनएच-44 के रामबन-बनिहाल सेक्शन पर रणनीतिक रूप से स्थित इस बाईपास में 1,513 मीटर लंबे चार पुल और तीन पुलिया हैं, जो सड़क किनारे के बाजारों और दुकानों के कारण होने वाली लगातार रुकावटों को प्रभावी ढंग से दूर करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे पोस्ट किया, शुरुआत में 2-लेन ट्रैफ़िक जारी किया जाएगा और जंक्शन विकास के बाद 15 दिनों के भीतर 4-लेन ट्रैफ़िक जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा निर्बाध यातायात प्रवाह सुनिश्चित करता है, जिससे कश्मीर घाटी के रास्ते में पर्यटकों और रक्षा वाहनों दोनों के लिए यात्रा का समय और भीड़भाड़ काफी कम हो जाती है।

## उपराष्ट्रपति ने एनसीसी कैडेटों से राष्ट्र विरोधी ताकतों से सतर्क रहने का किया आग्रह

एजेंसी, नई दिल्ली।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के जवानों से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निर्माता बताया।

उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड स्थित मुख्यालय डीजी एनसीसी कैंप में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 के उद्घाटन अवसर पर एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अनुशासित बल है जो मानव विकास के लिए आवश्यक गुणों का संचार करता है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निर्माता बताया। संगठन राष्ट्रवाद और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। दुनिया का कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच शक्तिशाली स्तंभों अर्थात सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर टिकी हुई है। पंचप्राण पर धनखड़ ने कहा कि विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलने वाली सामाजिक समरसता सबसे महत्वपूर्ण है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों का पोषण हमारे परिवारों के भीतर प्रबुद्धता से शुरू होना चाहिए।

## मुंबई में 15 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी, मुंबई।



मुंबई से सटे नालासोपारा और उल्हासनगर में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 15 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें नालासोपारा से 13 बांग्लादेशी नागरिक और उल्हासनगर से बांग्लादेशी पति-पत्नी हैं।

घाटकोपर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कलदाते ने रविवार को मीडिया को बताया कि उनकी टीम ने एक महीने पहले अहमद मिया शेख और एक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन दोनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने नालासोपारा के आचोले इलाके में शनिवार रात को छापा मारकर 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

इनमें तैबुर अजगर शेख, आलम अजगर शेख, मिजानु सलाम शेख, अब्दुल सिराज शेख, मुराद मिजानुर शेख, रत्ना तैबुर शेख, अमीना मुराद शेख, सबीना अब्दुल्ला शेख, कोहिनूर मिजानुर शेख और चार अन्य हैं। यह सभी अवैध तरीके सेनालासोपारा में रह रहे थे। इन सभी से पूछताछ के बाद और भी बांग्लादेशी नागरिकों के पकड़े जाने की संभावना है। इसी तरह उल्हासनगर पुलिस ने न्यू साईबाबा कालोनी में छापा मारकर दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

इन दोनों की पहचान मीना मुजीद खान (30) और महमूद खान असद खान (27) के रूप में की गई है और दोनों पति-पत्नी हैं। इनमें मीना एक होटल में वेटर का काम करती थी, जबकि महमूद सड़क पर सामान बेचता था। इन दोनों मामलों की गहन छानबीन की जा रही है।

## प्रशांत किशोर ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से युवाओं की लड़ाई का नेतृत्व करने की अपील की

एजेंसी, पटना।



जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से युवाओं की लड़ाई का नेतृत्व करने की अपील करते हुए कहा है कि वे यदि उनके साथ आते हैं तो वह उनके पीछे बैठकर आंदोलन का समर्थन करेंगे।

श्री किशोर ने गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के नीचे अपने आमरण अनशन के चौथे दिन प्रेस वार्ता में कहा स्पष्ट रूप से कहा, यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि यह बिहार की खराब व्यवस्था के खिलाफ है। मैं तमाम राजनीतिक पार्टी से ये अपील करता हूं कि चाहे वो तेजस्वी यादव हों, राहुल गांधी हों, या कोई और नेता, वे हमारे साथ आएं। मैं उनके पीछे बैठकर इस आंदोलन का समर्थन करूंगा। यदि युवा तय कर लें कि वे नेता इसका नेतृत्व करेंगे, तो मैं पीछे हटने के लिए तैयार हूं। श्री किशोर ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी गिरफ्तारी कर भी लेती है, तो भी ये सत्याग्रह जारी रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि अब यह आंदोलन 51 सदस्यीय युवा सत्याग्रह समिति की ओर से आगे बढ़ाया जाएगा।यह समिति बिहार की व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं उन 51 समिति के साथ खड़ा हूं, और उनकी मदद करूंगा। अब यह आंदोलन सिर्फ बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)के खिलाफ नहीं है, बल्कि बिहार की पूरी व्यवस्था के खिलाफ है। जन सुराज के सूत्रधार ने कहा, हमारा संघर्ष एक युवा नेतृत्व वाली जन शक्ति के रूप में जारी रहेगा। सरकार चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, जन बल से अधिक कोई बल नहीं है। इन युवाओं की कमिटमेंट मेरी अपेक्षा से कहीं ज्यादा मजबूत है। उन्होंने बिहार के लोगों से आह्वान करते हुए कहा, यह लड़ाई सिर्फ बीपीएससी की नहीं, यह बिहार की व्यवस्था को सुधारने की है। युवाओं का इस संघर्ष में साथ देना आवश्यक है। हम सिर्फ गांधी मैदान में बैठकर नहीं, बल्कि सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर बिहार के भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि आप हमारे साथ आएं और इस आंदोलन को अपना समर्थन दें।

## रक्षा मंत्री की ओर से अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चादर पेश

एजेंसी, अजमेर।



ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स के मौके पर रविवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से अजमेर शरीफ की दरगाह पर विशेष चादर पेश की गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने मजार शरीफ पर चादर पेश की और देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। मुनव्वर खान ने चादर पेश करने के बाद दरगाह के बुलंद दरवाजे से राजनाथ सिंह का संदेश भी पढ़ा।

राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि महान सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती जी के 813वें उर्स का आयोजन एक ऐतिहासिक और श्रद्धापूर्ण अवसर है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अजमेर शरीफ में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का जीवन और उनका शिक्षण हम सभी को आपसी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने संदेश में यह भी उल्लेख किया कि ख्वाजा साहब की दरगाह पर सभी धर्मों और संप्रदायों के लोग श्रद्धा भाव से आते हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सहिष्णुता को प्रदर्शित करता है। उर्स के इस पवित्र अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी और ख्वाजा साहब के आशीर्वाद से देश में शांति और समृद्धि की कामना की।

## मोदी ने आप की कारगुजारियों का किया पर्दाफाश : खंडेलवाल



एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली के चाँदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) की कारगुजारियों का पर्दाफाश किया है। श्री खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि श्री मोदी द्वारा आज रोहिणी के जापानी पार्क में भाजपा की परिवर्तन रैली में दिल्ली में पिछले 10 वर्षों की आप सरकार के भारी कुशासन और अराजकता को 'आपदा' करार देने से आप की कारगुजारियों का पर्दाफाश हुआ है। उनका यह वक्तव्य दिल्ली को फिर से एक स्वच्छ, सुसंस्कृत और विकसित शहर बनाने का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी का आज का संदेश दिल्ली के विकास, समृद्धि और जनकल्याण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दिल्ली को आपदा से मुक्त करने का अब समय आ गया है, नहीं तो आपदा की यह बीमारी दिल्ली को खा जाएगी।

## जहांगीरपुर गांव का नाम जगदीशपुर होगा : मोहन यादव



एजेंसी, उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बड़नगर में बड़ी घोषणा करते हुए तीन गांवों के नाम बदलने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि अब गजनीखेड़ी गांव का नाम होगा चामुंडा महानगरी, ग्राम मौलाना का विक्रम नगर और जहांगीरपुर गांव का नाम जगदीशपुर होगा। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़नगर के गजनीखेड़ा में 40 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ऐलान किया कि स्कूल पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने शिक्षा को युवाओं के स्वर्णिम भविष्य का आधार बताते हुए उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर वर्ग तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## जम्मू-कश्मीर में वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत



एजेंसी, जम्मू।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और दो लापता हो गए।

पुलिस ने यहां बताया कि पद्दार से मासु गांव की ओर जा रहा एक वाहन खाई में गिर गया।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई है और दो लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान गढ़, पद्दार, किश्तवाड़ के रहने वाले राज कुमार, मुकेश कुमार, हकीकत सिंह और सतीश कुमार के रूप में हुई है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि अभी यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में यात्रा कर रहे चार यात्रियों को मौके पर ही मृत पाया गया है। चालक सहित दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चला है। शोक संतप्त परिवार को मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

## लालू को बोरो प्लेयर की जरूरत : जीतनराम

▶ लालू यादव समझ रहे हैं कि उनके पैर के नीचे की धरती खिसक रही है, उनके बुलाने से कोई फर्क नहीं पड़ता



एजेंसी, गया।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव को बोरो प्लेयर की जरूरत है।

श्री मांझी ने गुरूवार को बोधगया स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता में श्री यादव के नीतीश कुमार के अपने साथ आने के सवाल पर कहा कि वे बुला रहे हैं और बुलाते रहे, उन्हें एक बोरो प्लेयर की जरूरत है। श्री यादव समझ रहे हैं कि उनके पैर के नीचे की धरती खिसक रही है, उन्होंने जो काम किया है वे खुद जानते हैं, उनके बुलाने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। एनडीए गठबंधन सशक्त है।

श्री मांझी ने प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर कहा कि उनको जो करना है करते रहे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे राजनीतिक खेल खेल रहे हैं। आमरण अनशन करना है, तो करते रहे। सरकार अच्छा काम कर रही है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अभ्यर्थियों की परीक्षा ली जा चुकी है, अब कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी सूचना मिल रही है कि जन वितरण प्रणाली केंद्रों पर पांच किलो की जगह चार किलो अनाज दिया जा रहा है। यानी एक किलो अनाज काम दिया जाता है। जब लाभार्थी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदार से इस संबंध में बात करते हैं तो कहा जाता है कि उन्हें ऊपर कमीशन देना पड़ता है। यह बड़ा ही गंभीर मामला है। हम जिला प्रशासन को चेतावनी देना चाहते हैं, इस पर अविलंब रोक लगाया जाए।

पूरे गया जिले में इस तरह की शिकायत मिल रही है। सभी केंद्रों पर अनाज कम दिए जाने का मामला एक गंभीर विषय है। इस पर प्रशासन त्वरित कार्रवाई करें।

## सिंधु लिपि को समझाने वाले को मिलेंगे दस लाख डॉलर : एमके स्टालिन

एजेंसी, नई दिल्ली।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को सिंधु घाटी की लिपि एक सदी से भी अधिक समय से एक अनसुलझी पहेली को सुलझाने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने यह घोषणा आज तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में की। यह सम्मेलन सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की शताब्दी के अवसर पर आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि हम अभी भी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को स्पष्ट रूप से समझने में असमर्थ हैं। वह सभ्यता, जो कभी भारत में फली-फूली थी। उन्होंने कहा कि इस पहेली को सुलझाने के लिए विद्वान आज भी प्रयास कर रहे हैं और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए वे व्यक्तियों या संगठनों को 10 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देंगे।

▶ सिंधु घाटी सभ्यता भारत की सबसे पुरानी नगर सभ्यताओं में से एक, इसकी लिपि को आज तक पढ़ा नहीं जा सका है

उल्लेखनीय है कि सिंधु घाटी सभ्यता भारत की सबसे पुरानी नगर सभ्यताओं में से एक है। इसकी लिपि को आज तक पढ़ा नहीं जा सका है। इस कारण से आज भी सभ्यता से जुड़े कई पहलू रहस्य बने हुए हैं।

## शाहिद कपूर की फिल्म देवा का टीजर रिलीज

▶ देवा को मशहूर मलयाली फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने किया है डायरेक्ट
▶ 31 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी फिल्म
▶ एक्सप्लोसिव एक्शन थ्रिलर है फिल्म



एजेंसी, मुंबई।

शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म देवा का टीज़र आखिरकार रिलीज़ हो गया है। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म के दो दमदार पोस्टर्स ने पहले ही फैंस को देवा की इंटेंस दुनिया की झलक दी थी। इन पोस्टर्स में शाहिद का जबरदस्त और धमाकेदार अंदाज़ देखने को मिला, जिसने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है।

देवा को लेकर एक्साइटमेंट तब और बढ़ गई जब ग्रैंड फैन इवेंट में बड़ी तादाद में फैंस जुटे और फिल्म का जश्न मनाया। इस मौके पर शाहिद कपूर ने अपने फैंस के साथ दिल छू लेने वाली बातचीत की। उन्होंने फैंस का प्यार और सपोर्ट मिलने पर अपना आभार जताया और अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। अब टीज़र के साथ, ऑडियंस को देवा के धमाकेदार और क्रेजी वर्ल्ड की झलक मिल रही है। इसमें तगड़ा एक्शन, शानदार डांस सीक्वेंस और एक दमदार स्टोरीलाइन नजर आ रही है, जिसने सबको एक्साइटमेंट से भरते हुए उत्सुक कर दिया है।

शाहिद कपूर अपनी वर्सेटाइल परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं और अब वह देवा के साथ कुछ नया करने वाले हैं। टीज़र में उनका इंटेन्स अवतार दिख रहा है, जिसमें हैरान करने वाले स्टंट्स और रॉ, बेजोड़ एक्शन सीक्वेंस हैं, जो दर्शकों को सीट से उठने का मौका नहीं देंगे। चाहे वो हाई-स्पीड चेज़ हो या धमाकेदार लड़ाई के सीन्स, शाहिद की अपने रोल के लिए पूरी मेहनत साफ नजर आती है। उनकी दमदार डांस मूव्स भी फिल्म के एक्साइटमेंट को और बढ़ा देती हैं।

देवा में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की धरोहर का एक नया रूप देखने को मिल रहा है, जहां शाहिद कपूर उनके प्रभावशाली छवि को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश कर रहे हैं। देवा को मशहूर मलयाली फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने डायरेक्ट किया है और जिसे ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है, एक धमाकेदार और एक्सप्लोसिव एक्शन थ्रिलर है। ये फिल्म 31 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है।

## सिडनी टेस्ट में हार के बाद निराश बुमराह ने इंजरी पर की बात, बोले-

# आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते

एजेंसी, सिडनी।



सिडनी टेस्ट में भारतीय टीम की हार के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 सीरीज का समापन हो गया। पांच मैचों की सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस महत्वपूर्ण मैच में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले जसप्रीत बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ, जिसके बाद वह दूसरी पारी में गेंदबाजी के लिए मैदान पर नहीं आ सके। अब मैच गंवाने के बाद बुमराह ने अपनी इंजरी और टीम की हार पर बात की।

मैच के बाद बात करते हुए बुमराह ने कहा कि थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना पड़ता है, आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद सीरीज के सबसे स्पाइसी विकेट पर चूक गए। पहली पारी में अपने दूसरे स्पेल के दौरान थोड़ी असहजता महसूस हुई। बातचीत विश्वास के बारे में थी। बाकी गेंदबाजों ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन किया। एक गेंदबाज कम होने के कारण, बाकियों को जिम्मेदारी लेनी पड़ी। आज सुबह की बातचीत भी इसी बात पर थी, विश्वास रखने और चरित्र दिखाने के बारे में।

बुमराह ने आगे सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा कि बहुत सारे अगर-मगर, पूरी सीरीज कड़ी टक्कर वाली थी। हम आज भी खेल में थे, ऐसा नहीं कि हम इससे बाहर थे, टेस्ट क्रिकेट ऐसे ही चलता है। लंबे समय तक खेल में बने रहना, दबाव बनाना, दबाव को झेलना और स्थिति के हिसाब से खेलना सभी महत्वपूर्ण है। आपको परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा और ये सीख भविष्य में हमारी मदद करेगी। युवा खिलाड़ियों पर बात करते हुए बुमराह ने कहा कि उन्होंने (युवाओं ने) बहुत अनुभव प्राप्त किया है, वे आगे और मजबूत होते जाएंगे। हमने दिखाया है कि हमारे समूह में बहुत प्रतिभा है। बहुत से युवा खिलाड़ी उत्सुक हैं। वे निराश हैं कि हम जीत नहीं सके, लेकिन वे इस अनुभव से सीख लेंगे। यह एक शानदार श्रृंखला थी, ऑस्ट्रेलिया को बधाई, वे वास्तव में अच्छी तरह से लड़े। मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 185 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रन पर समाप्त हुई थी। इससे भारतीय टीम को दूसरी पारी में चार रन की बढ़त मिली। फिर भारतीय टीम की दूसरी पारी 157 रन पर सिमट गई और कुल 161 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को 162 रन का लक्ष्य मिला। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर मैच छह विकेट से जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### बुमराह को मिला प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड

भारतीय टीम ने भले ही यह सीरीज गंवा दी, लेकिन सीरीज का महत्वपूर्ण अवॉर्ड जसप्रीत बुमराह को मिला। वह सीरीज में गेंदबाजी से शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। बुमराह इस सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में कुल 32 विकेट हासिल किए।

## भारतीय सेना में पदस्थ मुरादाबाद के बनवीर सिंह ने युवा चौंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



मुरादाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय सेना में पदस्थ मुरादाबाद की कांठ तहसील क्षेत्र के गांव शेखूपुरा इंतजामअली खां निवासी फौजी बनवीर सिंह ने नेपाल में हुई दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 2 व 3 जनवरी को नेपाल में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में फौजी बनवीर सिंह ने डिसकस थ्रो में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने कोच रनदीप सिंह के साथ ही कर्नल सुधीर गुलिया को दिया है। इस प्रतियोगिता में जहां बनवीर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है तो वहीं हरियाणा के खिलाड़ी ने द्वितीय और नेपाल के खिलाड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बनवीर सिंह 10 साल से भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान समय में उनकी तैनाती दिल्ली में है। इससे पहले भी वह कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर अपने क्षेत्र, परिवार का नाम रोशन कर चुके हैं।